e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 186

सुविचार

अगर आप सफलता का आनंद उठाना चाहते हैं, तो अपने जीवन में कठिनाइयों का आगमन करवाइए।

# प्रभात मंत्र

रविवार
09.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## फायरिंग, बमबारी, आगजनी, हत्या, बूथ,बैलेट व मतपेटियों की लूट का गवाह बना पंचायत चुनाव

# बंगाल : 16 की मौत

एजेंसी

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में शनिवार को हुए पंचायत चुनाव हिंसा की भेंट चढ़ गया. कहीं बैलेट बॉक्स लेकर भागते लोग, जलती हुई मतदान पेटियां, फायरिंग करते उपद्रवी, सड़कों पर पड़े बम, तो कहीं कांग्रेस और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें, ये सब वोटिंग के दौरान हुआ. बंगाल में पिछले 24 घंटे में हुई हिंसा में 16 लोगों की मौत हो गई. यह हाल तब हुआ जब ये चुनाव केंद्रीय बलों की 485 कंपनियों के 60 हजार से ज्यादा जवानों के साये में हुआ. शनिवार की सुबह मतदान शुरू होते ही मुर्शिदाबाद जिले में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। उसके बाद मालदा में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता की हत्या हुई। कूचबिहार के दिनहटा में भाजपा कार्यकर्ता को मौत के घाट उतारा गया जबकि नदिया, बर्दवान, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना में भी हत्या की घटनाएं सामने आती रहीं। चुनाव आयुक्त सिन्हा ने आधिकारिक तौर पर केवल तीन लोगों की मौत की पुष्टि की। हिंसा की घटनाओं के लिए केंद्रीय बलों को उन्होंने जिम्मेदार ठहराया। राज्य में मतदान के दौरान जो वीडियो सामने आए हैं उसमें 100 से अधिक जगहों पर बमबारी, गोलीबारी और लाठी डंडे से हमले हुए हैं। इससे जुड़े सवाल पर राजीव सिन्हा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना राज्य सरकार का काम है। जो वीडियो चुनाव के दौरान सामने आए उसमें कहीं आपराधिक तत्व बैलेट बॉक्स को लेकर भाग रहे थे तो कही पर पुलिस वाले नाले के अंदर से बैलट बॉक्स को निकालते नजर आए,कहीं तालाब के अंदर से बैलट बॉक्स निकाला गया।

### सीएम ममता का सुपारी किलर हैं राज्य चुनाव आयुक्त : सुभेंदु अधिकारी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय बलों के कोऑर्डिनेटर बीएसएफ के आईजी एसएस गुलेरिया को पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि हाई कोर्ट ने सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश दिया था, जिसका अनुपालन नहीं हुआ। यह न्यायालय की अवमानना है। उन्होंने राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को भी ममता का सुपारी किलर करार दिया और कहा कि उन्होंने जितनी अवैध संपत्ति एकत्रित की है उसकी सूची उनके पास है। इसका हिसाब किताब करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान के बाद वह चुनाव आयोग के दफ्तर में जाकर ताला लगाएंगे।

### घटनाएं दिल दहलाने वाली अधीर रंजन

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस तरह से राज्य में हिंसा की घटनाएं हुई हैं वह दिल दहलाने वाली हैं। भाजपा की सेंट्रल पुलिस ने ममता बनर्जी की पुलिस के साथ मिलकर लोकतंत्र का गला घोंटा है। माकपा नेता मोहम्मद सलीम ने कहा कि जगह-जगह हमले और हिंसा की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल में चुनाव नहीं हुआ है बल्कि प्रहसन किया गया है।



### राज्यपाल ने भी उठाए सवाल

राज्य में चुनाव शुरू होते ही हिंसा की घटनाओं की सूचना मिलने के बाद राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी राजभवन से निकले और बैरकपुर होते हुए मुर्शिदाबाद और अन्य क्षेत्रों में गए। उन्होंने पीडति लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जो भी हो रहा है वह चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से हिंसा की घटनाओं में कार्रवाई का आदेश दिया।

### तृणमूल ने कहा : जानबूझकर भड़काई गई हिंसा

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा, माकपा और कांग्रेस समेत राज्यपाल पर हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मंत्री शशि पांजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्यभर में 61 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में से केवल 7 से 8 मतदान केंद्र पर भारी और करीब 60 केंद्रों पर थोड़ी बहुत हिंसा हुई है। बाकी सब जगह शांतिपूर्वक चुनाव हुए हैं। शशि पांजा ने कहा कि सबसे अधिक तृणमूल के लोग मारे गए हैं। जाहिर सी बात है हिंसा भड़काई गई थी। उन्होंने केंद्रीय बलों पर भी लोगों को धमकाने का आरोप लगाया।

## हिंसा मामले में गृह मंत्री अमित शाह ने मांगी रिपोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में।पंचायत चुनाव के मतदान के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह।ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है. उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त मजूमदार से भी बात की और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली.

इसके अलावा राज्य के कई हिस्सों में मतदान केंद्रों पर मतपेटियों को नष्ट किए जाने की खबरें हैं. बीजेपी के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी हिंसा पर पश्चिम बंगाल के नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी और बीजेपी के पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडे से बात की. उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी और हम इस लड़ाई को लोकतांत्रिक तरीके से निर्णायक स्तर तक ले जाएंगे. इस हिंसा पर पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता और बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल ने राजीव सिन्हा (राज्य चुनाव आयुक्त) को नियुक्त करके सबसे बड़ी गलती की है. उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक कई लोग मारे गए हैं, उन्हें टीएमसी के गुंडों ने मारा है. राज्य सरकार के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न होना बहुत मुश्किल है. ये तभी संभव है जब राज्य में राष्टपति शासन लगाया जाये या अनुच्छेद 355 का इस्तेमाल किया जाए.इस बीच सत्तारूढ़ टीएमसी ने विपक्षी दलों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया और मतदाताओं की सुरक्षा करने में विफलता के लिए केंद्रीय बलों की आलोचना की.

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में वाहन के गैस सिलेंडर में विस्फोट, सात की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले की भलवाल तहसील में सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के पास शनिवार सुबह एक वाहन का गैस सिलेंडर फटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी रेस्क्यू 1122 नियंत्रण कक्ष ने दी।रेस्क्यू 1122 नियंत्रण कक्ष का कहना है कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 14 घायलों में सात की हालत गंभीर है। उन्हें भलवाल तहसील मुख्यालय के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है।

### अवैध संबंध के संदेह में पति के पिटाई से पत्नी की हुई मौत

**बेतला ।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमू गांव के हरिजन टोला में गुरूवार के रात अनीता देवी उम्र 40.वर्ष को पति दुर्गा भुइयां उर्फ जटहा भुईयां ने मारपीट कर घायल कर दिया था।वहीं ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ केंद्र में लाया गया।डांक्टर ने इलाज कर अनिता देवी को घर भेज दिया था। बीते रात आचानक दर्द बढ़ने के कारण शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई।वहीं दुर्गा भुईयां के पुत्री बरवाडीह थाना में मामला दर्ज कराई जिसमें बरवाडीह थाने में अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहार और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दुर्गा भुइयां ने अपने पत्नी अनीता देवी के उपर एक गांव के ही युवक के साथ अवैध संबंध के शक पर शराब पीकर मार पीट किया था। और अनीता देवी घायल हो गई थी।जो अंदरुनी चोटें लग जाने के कारण अनीता की मौत हो गई।

### सिरफिरे आशिक ने बीच सड़क पर युवती के मांग में भर दी सिंदूर

**कानपुर :** एक सिरफिरे आशिक ने बीच सड़क पर युवती का रास्ता रोककर उसकी मांग भर दी. युवक ने एकतरफा प्यार में यह हरकत की. वह काफी दिनों से युवती को परेशान कर रहा था. उसने युवती को प्रपोज भी किया था, लेकिन युवती ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था. युवती की शादी भी तय हो चुकी है. युवक फोन कर युवती के मंगेतर को भी धमका चुका है. युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.वह बीए सेकेंड ईयर की छात्रा है. उसके बगल का रहने वाला युवक पिछले कई दिनों से उसे परेशान कर रहा है. वह अपने प्यार का इजहार भी कर चुका है, लेकिन युवती ने मना कर दिया था.

## रांची को मिलेगी एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने वाली है। रांची और हावड़ा के बीच चलने वाली इस ट्रेन की टाइमिंग फिक्स कर दी गई है। सिकंदराबाद में इंडियन रेलवे टाइम टेबल कमेटी की मीटिंग में इसको मंजूरी दी गई। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंचेगी। वहीं हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट पर खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंचेगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद, आसनसोल होकर हावड़ा जाएगी। रांची सांसद संजय सेठ ने कहा है कि रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन दुर्गा पूजा से पहले शुरू हो जाएगी। रेल मंत्रालय जल्द ही तारीख की घोषणा करेगी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। एक साल से ज्यादा समय से हटिया से दुर्ग के लिए स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा था। इस ट्रेन का रिस्पांस अच्छा होने से रेलवे की टाइम टेबल कमेटी ने स्थाई रूप से चलाने का निर्णय लिया है। अभी स्पेशल ट्रेन के रूप में किराया सामान्य किराए से 30 प्रतिशत ज्यादा था, लेकिन स्थाई होने से इस ट्रेन का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। यह साप्ताहिक ट्रेन है।

## पीएम ने राजस्थान में किया 24,300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

एजेंसी

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के अमृतसर से गुजरात के जामनगर के बीच 13 घण्टे की समय की बचत करने वाले अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की देश को सौगात दी। बीकानेर के समीप नौरंगदेसर से गुजर रहे एक्सप्रेस हाइवे पर प्रधानमंत्री ने शनिवार को 24,300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस हाइवे के मामले में राजस्थान ने डबल सेंचुरी मारी है। इससे पहले राजस्थान में ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दौसा में सौगात मिल चुकी है।

आज अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाइवे की सौगात मिली। यह कॉरिडोर राजस्थान को हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि विकास के तेज रफ्तार से बढ़ने की ताकत राजस्थान में है। इसलिए हम यहां रिकॉर्ड निवेश कर रहे हैं। यहां औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए हम यहां कनेक्टिविटी को सुगम बना रहे हैं।

इससे जहां बीकानेर से अमृतसर और जोधपुर की दूरी कम हो जाएगी वहीं जोधपुर से जालोर की दूरी भी कम हो जाएगी।

यह एक्सप्रेस-वे पूरे पश्चिमी भारत को औद्योगिक ताकत देगा। हमने राजस्थान में रेलवे के विकास को भी अपनी प्राथमिकता में रखा है। कनेक्टिविटी और अच्छी होगी तो बीकानेर के कुटीर उद्योग अपने माल को देश के कोने-कोने तक पहुंचा पाएंगे। हमने सीमांत गांवों को देश का पहला गांव घोषित किया, इसलिए इन क्षेत्रों में विकास हो रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2014 से पहले राजस्थान को रेलवे के विकास के लिए औसतन 1000 करोड़ रुपये मिलते थे। हमने राजस्थान को रेलवे में भी प्राथमिकता देने का काम किया है। अब हम हर साल राजस्थान को औसतन 10 हजार करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए दे रहे हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस हाइवे के मामले में राजस्थान ने डबल सेंचुरी मारी है। इससे पहले राजस्थान में ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की दौसा में सौगात मिल चुकी है।

## अशोक गहलोत व राजेश पायलट के बीच खत्म हुआ तकरार

**बैठक में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस बैठक में चुनाव तैयार पर चर्चा के अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच दूरियों को कैसे कम किया जाए इस पर भी चर्चा हुई।**





एजेंसी

**नई दिल्ली :** इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान चुनाव पर कांग्रेस पार्टी ने अपना पूरा ध्यान भी केंद्रित कर दिया है। गत 6 जुलाई को दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान चुनाव का रोडमैप तैयार किया गया। इस बैठक में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस बैठक में चुनाव तैयार पर चर्चा के अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच दूरियों को कैसे कम किया जाए इस पर भी चर्चा हुई। पिछले कुछ सालों से सचिन पायलट और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बीच राजनीतिक मनमुटाव चल रहा है। कई बार दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग भी छिड़ चुकी है। इसी बीच शनिवार को सचिन पायलट ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हे सलाह दी कि आपकी जिन लोगों से रंजिश है उन्हें माफ करे और बातों को भूल जाएं।।सचिन पायलट ने आगे कहा,अशोक गहलोत जी मुझसे बड़े हैं, उनके पास अनुभव भी ज्यादा है।

उनके कंधों पर भारी जिम्मेदारियां हैं। जब मैं राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष था तो मैंने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की। मुझे लगता है कि आज वह मुख्यमंत्री (गहलोत) हैं। इसलिए वह सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी नेताओं को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। पार्टी और लोगों को जो स्वीकार्य है, वही हमें करने की जरूरत है।

### मुख्य लक्ष्य है अगला चुनाव जीतना : सचिन पायलट

मैंने हमेशा ऐसे किसी भी शब्द या भाषा का उपयोग करने से परहेज किया है जो मुझे अप्रिय लगता है या कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं सुनना नहीं चाहता हूं। सचिन पायलट ने आगे कहा, पायलट ने कहा,सार्वजनिक जीवन और राजनीति में बातचीत की कुछ गरिमा बनाए रखना हमेशा अच्छा होता है।

## यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के 500 दिन

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 500 दिन पूरे हो गए हैं। इस दौरान 63 लाख लोगों को अपना घर-परिवार छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। साथ ही दोनों देशों के सैनिकों सहित पांच लाख से अधिक लोगों की मौत हो गयी।

23 फरवरी, 2022 की रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया था। 24 फरवरी की सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के शहरों में हवाई हमले होने लगे। रूस के इस हमले से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए। अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए यूक्रेन को मदद पहुंचानी शुरू कर दी। पांच सौ दिन बीत जाने के बाद भी युद्ध जारी है और दोनों देश इसका खमियाजा भुगत रहे हैं। इस युद्ध में लाखों लोगों को यूक्रेन छोड़कर जाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के अनुसार यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण 63 लाख से अधिक यूक्रेनी नागरिक शरणार्थी बनने को विवश हुए हैं। यूक्रेनी शरणार्थियों की सबसे बड़ी आबादी रूस में है। रूस में 1,275,315 यूक्रेनी शरणार्थी हैं। इसके अलावा जर्मनी में 1,076,680, पोलैंड में 999,690, चेक गणराज्य में 350,455 और यूनाइटेड किंगडम में 206,700 यूक्रेनी शरणार्थी हैं। युद्ध के पांच सौ दिन जानलेवा रहे हैं।

**63 लाख शरणार्थी, पांच लाख से ज्यादा की मौत**



संक्षिप्त खबरे

## सड़क बना नाली, राहगीरों की बढ़ी परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत तिसीबार पंचायत के ग्राम दरुवा का मुख्य सड़क इन दिनों सड़क कम नाली में तब्दील हो गया है। हुई बारिस से सड़क पर कीचड़ का अम्बार लग गया है। राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सड़क कई वर्षो से ख़राब स्थिति में है, जन प्रतिनिधियों समेत कई अधिकारी, पदाधिकारी का आना जाना लगा रहता है फिर भी आज तक ईस सड़क के लिए कोई सुध लेने वाला नहीं आया। भारतीय मजदूर जनता सेल पलामू मीडिया प्रभारी तीर्थ राज दुबे ने कहा की सड़क की स्थिति को देखते हुए तत्काल संज्ञान में लेकर बनवाना चाहिए ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो।

# गोली चलाने वाला अपराधी अरुण सिन्हा गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार में 27 जून को हुए ओवरब्रिज निर्माण कार्य में हुई गोलीकांड मामले में पुलिस ने एक अपराधी अरुण सिन्हा को किया गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि ह्वा 98 मुख्य सड़क पर शिवालाया कंट्रक्शन के द्वारा ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। घटना में संलिप्त अपराधी अरुण सिन्हा कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा का भाई है और सुजीत सिन्हा का काम को देखता है और रियल स्टेट में इन्वेस्ट किया करता था। पुलिस ने अपराधी अरुण सिन्हा को गुप्त सूचना के आधार पर रायपुर के गुरुहरी थाना के बंसत विहार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर अरुण सिन्हा को जेल भेजा गया।

## पत्नी की हत्या कर पति पहुंचा थाना, कहा- दूसरे मर्द के साथ था अवैध संबंध इसलिए मार डाला




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सतबरवा पति को पत्नी पर अवैध संबंध को लेकर शक था, मामला पंचायत तक पंहुचा. पंचायत में पत्नी का अवैध संबंध साबित नहीं हो पाया. पंचायत ने पति को पत्नी के साथ रखने का फरमान सुनाया। पंचायत के फरमान के बाद पति ने पत्नी को कुछ दिनों तक साथ रखा और बाद में गला दबाकर हत्या कर डाली। हत्या करने के बाद पति ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पूरा मामला पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने हत्या का आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले में आगे अनुसंधान कर रही है। दरअसल, पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के सलैया के विजय परहिया नामक व्यक्ति राज्य से बाहर मजदूरी करता था। विजय परहिया कुछ दिन पहले गांव में आया था। विजय का अपनी पत्नी का खोनकी देवी पर एक करीबी रिश्तेदार के साथ अवैध संबंध होने का शक हुआ। पूरा मामला पंचायत में गया। पंचायत में विजय अपनी पत्नी और करीबी रिश्तेदार के अवैध संबंधों को साबित नहीं कर पाया. इसके बाद पंचायत ने विजय को अपनी पत्नी को साथ रखने का फरमान सुनाया था. पंचायत के फैसले के बाद विजय और उसकी पत्नी साथ रह रहे थे।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के नेतृत्व में दिया जा रहा धरना समाप्त

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के त्रिपाठी के नेतृत्व में बोकारो सेल के प्रशासनिक भवन के पास इंटक के बैनर तले चल रहे भवनाथपुर खदान समूह के तुलसीदामर डोलोमाइट माइंस को चालू कर श्रमिकों को रोजगार देने एवं डोलोमाइट माइंस के मजदूरों को त्रुटिपूर्ण फुल एंड फाइनल सेटेलमेंट में सुधार कर सभी मजदूरों को इसका लाभ देने के साथ-साथ सेल भवनाथपुर द्वारा अधिग्रहित भूमि संबंधित सभी रैयतों को वापस करने के सवाल पर 22 जून2023 से मजदूरों का धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को श्री त्रिपाठी ने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम कर रहे लगभग 2000 मजदूरों के बीच पहुंचकर उनकी मांगों को सुनने के पश्चात मजदूरों के मांगों के आलोक में सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों ईड्म डीड्म पी एंड ए,ईड्म डीड्म माइनिंग एवं मुख्य महाप्रबंधक के साथ सकारात्मक वार्ता कर मजदूरों की मांगों को पूर्ण कराने की दिशा में पहल किया। जिसमें मुख्य रुप से सेल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों के द्वारा डोलोमाइट माइंस चालू करने हेतु झारखंड सरकार से 15 वर्षो के माइनिंग लीज दिलवाने हेतु सरकार के माइनिंग सचिव एवं अन्य अधिकारियों से बैठक कर समाधान हेतु सहमति बनी।साथ ही साथ मजदूरों के त्रुटिपूर्ण फुल एंड फाइनल सेटेलमेंट में सुधार कर सभी मजदूरों को इसका लाभ दिलवाने हेतु सकारात्मक वार्ता हुई। तत्पश्चात अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को स्थगित करने की घोषणा की गई। मौके पर गढ़वा जिला इंटक अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे, प्रदीप शर्मा, मजदूर नेता बबन पासवान, राम लखन राम, शंभू पासवान, जय कुमार पासवान, सुदेश्वर सिंह, संजय सिंह, पलामू इंटक अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, परम देव सिंह,चैनपुर प्रखंड के बीस सुत्री अध्यक्ष रंजन दुबे, मनोज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उच्च गुणवत्ता वाले बीज का प्रयोग करें किसान : बीडीओ

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसान बेहतर और तकनीक से खेती करें, तो उत्पादन ज्यादा होगी। खेती को व्यवसायिक रूप दिये जाने का प्रयास करने से अत्यधिक मुनाफा होगा। खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों की अधिक उत्पादन के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज का उपयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही जैविक खाद का प्रयोग करें, ताकि अधिक उत्पादन हो सके और उसके सेवन से स्वास्थ्य पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं पड़े। यह बातें नावाबाजार के प्रखंड विकास पदाधिकारी एमडी अमीर हमजा ने कही। वे आज नावाबाजार प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला में किसानों को संबोधित कर रहे थे। कर्मशाला में किसानों को खरीफ फसल एवं मोटे अनाज के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। इसकी अध्यक्षता करते हुए प्रखंड के उप प्रमुख अमीर खुर्शीद आलम ने किसानों से मोटे अनाज को प्रमुख फसलों में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लाभप्रद है, इसीलिए सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने की पहल कर रही है। संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता ने की। किसानों को लाइन शोइंग विधि से मंडुवा ,ज्वार, बाजरा मक्का धान और खरीफ फसलों की खेती के विधि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा केंद्र व राज्य प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी के लाभ,पीएम कुसुम योजना सहित सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। बैठक में उक्त अतिथियों के अलावा प्रमुख प्रतिनिधि, सहायक तकनीकी प्रबंधक, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जगदीश सिंह, प्रखंड के किसान मुन्ना पांडेय, सत्येंद्र मेहता आदि किसान एवं किसान मित्र उपस्थित थे।

# शिक्षक कर रहे है किरानी का काम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के लिये लाख प्रयास करे, करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये किंतु उसका सार्थक परिणाम नहीं मिल पा रहा है। बच्चों को शिक्षित कर उनके भविष्य को संवारने की जिम्मेवारी जिनके कंधे पर दी गई है वे शिक्षण कार्य करने के बजाय किरानी का कार्य करने में जुटे हुये हैं। यह हाल गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के प्लस टू हाईस्कूल का है। यहां शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने के बजाय लिपिक का कार्य कर रहे हैं। कई शिक्षक विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत में लगे हुये हैं। जबकि विद्यालय में पहले से प्रधान सहायक समेत पर्याप्त मात्रा में कर्मी पदस्थापित हैं। शिक्षक किसलिये सर्टिफिकेट निर्गत कर रहे हैं इसके पीछे छिपे रहस्य को कोई भी व्यक्ति आसानी से समझ सकता है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिये छात्र-शिक्षक अनुपात के तहत पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की बहाली की है। उसी के तहत प्लस टू हाईस्कूल नगर ऊंटारी में सभी विषयों के शिक्षकों की बहाली की है। जिससे कि बच्चों छात्रों को विषय वार पढ़ाई हो सके। किंतु शिक्षकों की मनमानी के कारण विद्यालय में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पा रहा है। बच्चे विद्यालय में पठन पाठन करने के बजाय टाईम पास कर रहे हैं। जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होने के बजाय अंधकारमय हो रहा है। विद्यालय में पहुचे पत्रकारों की टीम ने देखा कि विद्यालय के अधिकांश शिक्षक शिक्षण कार्य की जगह गैर शैक्षणिक कार्य में व्यस्त थे। जबकि विद्यालय के बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इस संबंध में पूछे जाने पर स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र पांडेय ने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

# दिल्ली से पहुंचे हेल्थ मैप सेंटर के क्वालिटी मैनेजर ने रजिस्टर पंजी की जांच की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हेल्थ मैप सेंटर के क्वालिटी मैनेजर संदीप सिंह और हरीश गुलिया दिल्ली से शनिवार को मेदनीनगर सदर अस्पताल हेल्थ मैप सेंटर पहुंचे। वहां पर उन्होंने हेल्थ मैप सेंटर में होने वाले सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट सहित अन्य कागजात की जांच की। जांच के उपरांत हेल्थ मैप सेंटर के सभी रजिस्टर पंजी को सही पाया गया। इसके बाद क्वालिटी मैनेजर के द्वारा हेल्थ मैप सेंटर के मैनेजर शैलेंद्र कुमार सिंह से यहां पर मरीजों को होने वाले असुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जानकारी देते हुए मैनेजर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यहां पर मरीजों को बैठने के लिए उचित व्यवस्था का होना बहुत जरूरी है, इसके अलावा जो मरीज यहां पर अपना सीटी स्कैन,एक्सरे करवाने आते हैं उनको बाथरूम आने जाने में काफी असुविधा होती है उसकी समुचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा हेल्थ मैप सेंटर में असुविधाओं का घोर अभाव है इसकी भी व्यवस्था कराया जाए। इन सभी समस्याओं को सुनकर क्वालिटी मैनेजर ने कहा कि जल्द ही सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर में मरीजों को सुविधा के साथ साथ हर तरह की परेशानियों को दूर किया जाएगा।

## चैनपुर के युवक गढ़वा में लूटते थे ई-रिक्शा और बाइक, दो धराए



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू प्रमंडल के गढ़वा थाना क्षेत्र में मई एवं जून माह में हुई ई-रिक्शा एवं डंडई थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं पर एसआइटी का गठन कर कार्रवाई की गई। इस क्रम में पलामू जिले के चैनपुर के बंदुआ के दो एवं डंडई थाना क्षेत्र के जरही के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उनकी स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर दो ई-रिक्शा तथा चोरी गई 6 मोटरसाइकिलें बरामद की गयी है। साथ ही दोनों थानों को मिलाकर 9 कांडों का उद्भेदन किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बंदुआ के धोबी मुहल्ला के राजकुमार चन्द्रवंशी ( 19 वर्ष) पिता प्रमोद राम एवं शंकर कुमार रजक (22 वर्ष) पिता विजय बैठा एवं डंडई के जरही के सुभाष कुमार रवि ( 25वर्ष) पिता विनोद राम शामिल है। पुलिस के अनुसार इनकी गिरफ्तारी के बाद एक मई को मेढ़ना गांव के पास चाकू का भय दिखाकर मारपीट कर ई-रिक्शा लूटने, 10 मई को तिलदाग के पास ई-रिक्शा के चालक को नाश्ता कराने के बहाने होटल में ले जाकर उसकी ई-रिक्शा लेकर भाग जाने एवं 25 जून को ई-रिक्शा बुक कर तिलदाग मोड़ से आगे खोड़हरनाथ वाले रास्ते में ले जाकर चालक को भय दिखाकर ई-रिक्शा लूट लेने की घटनाओं का उदभेदन हुआ है।सभी घटनाओं में तीन अज्ञात अपराधियों की संलिप्तता सामने आई थी। इसके अलावा 6 जून से चोरी गई 6 मोटरसाइकिलें बरामद की गयी है। एक ई-रिक्शा को अपराधियों द्वारा रबदा में छोड़ा गया था, जिसे लावा. रिस हालत में पूर्व में बरामद किया गया था। इस गिरोह की गिरफ्तारी से गढ़वा एवं डंडई थाना के 9 कांडों का उदभेदन - बरामदगी हुई है।सुभाष कुमार रवि एवं राजकुमार चन्द्रवंशी का आपराधिक इतिहास रहा है।गिरफ्तारी अभियान में गढ़वा के थाना प्रभारी केके साहू एवं डंडई के थाना प्रभारी शहबाज अंसारी शामिल थे।

## वार्ड पार्षद के पहल से पानी की किल्लत से लोगों को मिली राहत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में जल संकट की समस्या को देखते हुए कुछ महीने पहले ही नगर निगम के बोर्ड बैठक में प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने जल संकट की समस्याओं को उठाया था जिसे बोर्ड बैठक में पारित करते हुए सभी वार्डो में 3- 3 चापाकल उपलब्ध कराई गई थी। जिसे वार्ड 31की प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने अपनी निगरानी में पूजा अर्चना कराते हुए बोरिंग कराने का कार्य प्रारंभ कराई मौके पर पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि चापाकल लगाने से भी परमानेंट जल संकट की समस्या का निदान नहीं है पर अपने क्षेत्र की जनता को थोड़ा सा राहत जरूर पहुंचेगी। परमानेंट समस्या दूर करने के लिए सेकंड फेस का पाइप बिछवाकर क्षेत्र की जनता को शुद्ध पेयजल पहुंचाने का जरूरत है तथा मैं मांग करती हूं उच्च स्तरीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी से जल्द से जल्द पहल कर के जल संकट से मुक्ति दिलाने का कृपा की जाए तभी समस्या का निदान हो पाएगी चुनाव मैं किए हुए वादे क्षेत्र की जनता के समस्याओं के प्रति उसे मैं एक-एक कर दूर करने का प्रयास की हूं।

## दुकान पर गिरा पीपल का पेड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र स्थितभवनाथपुर मोड़ के निकट हनुमान मंदिर परिसर में वर्षो पुराने विशाल पीपल के पेड़ की टहनी एनएच सड़क के किनारे भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर विजय जायसवाल के किराना दुकान के पास गिर गया। घटना शनिवार की अहले सुबह करीब साढ़े चार बजे की बताई जा रही है। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गये. इस भीड़-भाड़ वाली जगह पर जब पेड़ गिरा, तो वहां कोई नहीं था, नहीं तो पेड़ की चपेट में आने से जान भी जा सकती थी। इस घटना में विजय जायसवाल के दुकान के बाहर लगे करकट क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया की शनिवार की अहले सुबह में पेड़ की टहनी गिर गया है। घटना उस वक्त घटी जब वहां पर कोई आदमी एवं राहगीर नहीं था, नहीं तो बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था. लोगों ने बताया कि उक्त सड़क से सैकड़ों लोगों का आवागमन लगा रहता है। लोग सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक भी करने निकलते है, लेकिन पेड़ की टहनी गिरते समय वहां कोई नहीं था। भवनाथपुर मोड़ सबसे व्यस्तम स्थान है। यहां पर दूर दराज जाने वाले यात्री बस,कमांडर और टेंपो पकड़ने के लिए आते हैं। आसपास के लोगों की मदद से पेड़ की टहनी को काटकर हटाया गया।

## रोटरी स्कूल में लगाए गए 500 पौधे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** स्थानीय रोटरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण का कार्य किया गया। साथ ही सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर ग्रुप में किया गया। पौधारोपण कार्य का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष रो. अनुग्रह नारायण शर्मा के साथ प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडे तथा उप प्राचार्य सुश्री रितुल मुस्कान के द्वारा पुराकाल से पूजित व आराधित 'वट वृक्ष' का रोपण के साथ किया गया। वट वृक्ष की विशेषता है कि यह भरपूर ऑक्सीजन तो देता ही है साथ ही जाड़े में गर्मी और गर्मी में शीतलता प्रदान करता है। विद्यालय परिसर में शिक्षक शिक्षिकाओं एव छात्र-छात्राओं के सहयोग से लगभग 500 पौधे लगाए गए, जिसमें फूलदार, फलदार, औषधीय गुणों वाले तथा पूजनीय पौधे जैसे शमी, बरगद, आम, अमरूद, अनार, पपीता, तेजपत्ता आदि शामिल है।

## बीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत पर जनवितरण प्रणाली की दुकान का किया जांच

➲बीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत को पूर्णतः सत्य पाया
➲डीलर को बकाया राशन मुखिया-पंचायत सेवक की उपस्थिति में बाटने का दिया निर्देश
➲बीडीओ ने कहा कि डीलर के ऊपर किया जाएगा सख्त से सख्त करवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर गुप्ता पर ग्रामीणों द्वारा राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने शनिवार को जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच किया.जांच के दौरान ग्रामीणों की शिकायतों को सत्य पाया। ग्रामीणों ने डीलर कामेश्वर गुप्ता पर अंगूठा लगाने के बाद भी राशन नही बाटने का आरोप लगाया था.ग्रामीणों का यह भी आरोप था की राशन लेने जाने पर डीलर द्वारा मारपीट व केस करने की दिया जाता है.ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम जनवितरण प्रणाली की दुकान पर पहुंचकर गोदाम का जांच किया। गोदाम में राशन उपलब्ध नही था। जुलाई माह का राशन गोदाम में रखा जा रहा था। जब कि बीडीओ द्वारा पूछताछ के दौरान डीलर कामेश्वर गुप्ता ने स्वीकार किया कि मई-जून माह का राशन कुछ ग्रामीणों को नही दिया गया है.जब कि दुकान में कोई भी राशन शेष नही था। बीडीओ ने डीलर कामेश्वर गुप्ता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सोमवार को सभी ग्रामीणों को राशन मिल जाना चाहिये। मौके पर उपस्थित ग्रामीण बार-बार डीलर को बदलने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से कर रहे थे. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सोमवार को बकाया राशन बांटने के बाद डीलर पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत सत्य पाया गया है. जांच में उपस्थित दर्ज़नो ग्रामीणों ने बताया है की मई- जून माह का अंगूठा लगवा कर भी डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया। डीलर के अनुसार कुछ लोगों को राशन दिया गया है और कुछ लोगो का राशन बाकी हैं। उनका राशन भी गोदाम में नहीं मिला। डीलर को सोमवार को सभी ग्रामीणों का राशन मुखिया और पंचायत सेवक की उपस्थिति में बांटने का सख्त निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीलर कामेश्वर गुप्ता पर पहले से भी शिकायत था। डीलर कामेश्वर गुप्ता के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई भी किया जायेगा। मौके पर मुखिया मनोज ठाकुर, उपमुखिया शारदा पासवान, सत्यनारायण पांडेय, रविंद्र पांडेय, विकास पांडेय, योगेंद्र योगेंद्र पांडेय, अंजनी पांडेय, वीरेंद्र बैठा, छोटेलाल बैठा, उपेंद्र पांडेय, धनंजय पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अली हुसैन अंसारी, अभिषेक पांडेय, राजीव पांडेय, उषा कुँवर, भगवान मेहता, समसुद्दीन अंसारी, दुदुन राम, शांति देवी, बुधन बैठा, राजन पांडेय, अरविंद पांडेय, भूपेंद्र पांडेय, विवेक पांडेय, अजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भूअर्जन से संबंधित कार्यों को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में की गई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** समाहरणालय गढ़वा के सभागार में आज उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में भू अर्जन से संबंधित कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने भू अर्जन से संबंधित कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अविलंब खजूरी एवं पोटमा का एलपीसी एवं जमाबंदी कराने का निर्देश दिया। बैठक में एलपीसी बनाने के कार्य के विषय पर एजेंसी द्वारा बताया गया कि एनएच अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों द्वारा 30त्त कार्य लंबित है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को 1 सप्ताह के अंदर लंबित कार्यो के निष्पादन का निर्देश दिया। वैसे अधिग्रहित भूमि जिनका मुआवजा भुगतान कर दिया गया है, वैसे भूमि पर किसी भी प्रकार का संरचना निर्माण अथवा कृषि कार्य करने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं को लेकर भूमि अधिग्रहण, भूमि मुआवजा, एलपीसी समेत अन्य कार्यो को समय पर करने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं का संचालन समय पर पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने पंचायत भवन को सक्रिय रखने का भी निर्देश दिया एवं आपस में समन्वय बनाकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आम जनों की सेवा में तत्पर रहने का निर्देश दिया। इस समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-जिला भू अर्जन पदाधिकारी राज महेश्वरम समेत परियोजना निदेशक एनएचएआई पलामू, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग गढ़वा, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा, कार्यपालक अभियंता अनुसंधान प्रमंडल गढ़वा, सभी अंचल अधिकारी, सभी अमीन, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# समाज तोड़ने वाले सावधान रहें : एसएसपी किशोर कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना क्षेत्र के वार्ड 11 अंतर्गत कांटा टोली क्षेत्र के जमीअतुल कुरेश पंचायत का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू, महासचिव परवेज कुरैशी को चुना गया,इसके बाद भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कुरैशी मुहल्ला में किया गया । इस कार्यक्रम में की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने किया और मंच संचालन झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम, यातायात पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमॉ, निर्वतमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, पूर्व उपाध्यक्ष डा मंजर हुसैन, सीपीआई के अजय सिंह, शांति समिति के जितेंद्र गुप्ता, इदरीशया चौरासी पंचायत सदर मोहम्मद इस्लाम , मोमिन अंसारी, चौरासी पंचायत के कार्यकारी सदर जबीउल्लाह, अंसारी पंचायत से मोहम्मद मुख्तार अंसारी , महापंचायत के मोहम्मद सलीम, मोहम्मद लतीफ मकसूद आलम, हेमंत कच्छप, चिख पंचायत से अकबर जफर , रिसालदार बाबा दरगाह ट्रस्ट मजार शरीफ के निवर्तमान महासचिव मोहम्मद फारुख, मौलाना आजाद कोलोनी से औरेंगजेब खां,सहजाद, वरिष्ठ पत्रकार फिरोज जिलानी, समाजसेवी लाडले खान,टिंकू राम, रोबिन दास,बच्चा बाबू, हाजी मिन्हाज एंव युनूस कुरैशी, हाजी अजीम कुरैशी, गुलाम रसूल कुरैशी,मतला कुरैशी, इकबाल कुरैशी,शामिउल्लाह कुरैशी, याकुब कुरैशी ,जाबीर कुरैशी, मुन्ना कुरैशी, हफीजुल कुरैशी,इल्ताफ कुरैशी, आवेश कुरैशी मुन्ना, अनीस कुरैशी, बबलू कुरैशी, बारीक कुरैशी, अजमल कुरैशी, बबन कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, अरशद कुरैशी,आजाद कुरैशी,तौफिक कुरैशी, बुधन कुरैशी, अजहरुद्दीन कुरैशी,राजू कुरैशी,अकबर कुरैशी, गुड्डू कुरैशी,सर्वर कुरैशी, तजमुल कुरैशी,अफजल कुरैशी, हसीब,मो फारुख,डब्लू कुरैशी, तौफिक कुरैशी, नौशाद कुरैशी,तय्यब कुरैशी,जलाल कुरैशी,आसिफ कुरैशी,आंशिक कुरैशी,कमरान कुरैशी, सोनू कुरैशी, दानिश कुरैशी, अब कुरैशी सहित कांटा टोली , पुरुलिया रोड, सुल्तान कॉलोनी लेन, हरिजन बस्ती, इदरीश कॉलोनी ,मौलाना आजाद कॉलोनी, इलाही बख्श कॉलोनी, डोरंडा हिंदपीढ़ी आदि क्षेत्रों के सामाजिक संगठनों के सरपरस्त सहित समाजसेवी उपस्थित हुए।




## एसएसपी ने कहा

एसएसपी किशोर कौशल ने कहा यह बहुत खुशी की बात है 17 ,18 सालो बाद झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने एक पहल करते हुए कांटा टोली कुरेशी पंचायत का गठन कराया है ।

इस नई कमेटी के जो पदाधिकारी चुनकर आए हैं जो अध्यक्ष और महासचिव हैं इनकी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है , समाज के प्रति भी और अपने क्षेत्र के लोगों के भी प्रति भी। क्योंकि परवेज पहले से भी काम करते रहे हैं , तो उम्मीद करते हैं इस कारवां को ये बहुत अच्छे से आगे तक ले जाएंगे ।

एसएसपी ने आगे कहा कि जैसा कि बताया गया कि यह कुरेशी पंचायत का इतिहास बहुत पुराना है, अगर खुदाई किया जाए तो 200 साल से भी पुराना मिलेगा, इसके आसपास रविदास मुहल्ला, इदरीश कॉलोनी , मौलाना आजाद कॉलोनी रमजान , रजा कालोनी, बंगाली कॉलोनी,गौसनगर, बहुत बाद में आकर बसा है। आगे कहा कि जिस तरह से मुजीब कुरैशी ने नशाखोरी रोकने की मुहिम की सफल शुरुआत किए जिसका अनुश्रण कई संगठन कर रहे हैं यह एक अच्छी पहल है।

आगे कहा कि हाल के दिनों में चाहे वह ईद मिलादुन्नबी हो, ईद, बकरीद, श्री रामनवमी, श्री दुर्गा पूजा, होली सभी पर्व पर आप लोगों के सहयोग से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है, अभी सावन का पवित्र महीना शुरू हुआ है, इसी के साथ मोहर्रम भी शुरू होगा, तो कांटा टोली के क्षेत्र के लोगों से उम्मीद है, कि जैसे आप बरसो गंगा जमुनी तहजीब बनाए हुए हैं, आगे भी बनाकर रखेंगे ,इस बीच कुछ लोग नशाखोरी करते हैं ,समाज तोड़ने वाले भी एक दो लोग होते हैं , ऐसे लोगों को पुलिस प्रशासन चिन्हित कर रहा है, कुछ लोग चिन्हित भी हुए हैं , जो अलग-अलग ग्रुप बनाकर लोगों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोग भी चिन्हित किए जा रहे हैं, इन लोगों पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे असामाजिक तत्वों गिने चुने होते हैं,जो सोशल साइट्स, फेसबुक, व्हाट्सएप के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोग यह गलतफहमी पालना छोड़ दे, क्योंकि पुलिस हर एक व्यक्ति पर नजर रखती है।

## ग्रामीण एसपी ने कहा

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने कहा कि खुशी की बात है कि जमीअतुल कुरेश पंचायत का गठन हुआ इसके अंदर जो मस्जिद , मदरसा , स्कूल , पंचायत की जो जमीन है इन सब को सुरक्षित करना और विकसित करने के साथ-साथ जो समाज के लोग इधर-उधर भटक रहे हैं, युवा बेरोजगारी के कारण गलत रिस्ते में न चला जाए, नशाखोरी की ओर न चल पड़े इन सब को रोकना होगा। शिक्षा को बढ़ावा देना होगा सभी को साथ लेकर चलना होगा।

## यातायात एसपी ने कहा

कुरेशी पंचायत में एकजुटता रहे, पंचायत अपने रोजगार और शिक्षा को लेकर काम करें , शिक्षा को बढ़ावा दें, खासकर बेटियों को शिक्षा में किसी तरह का रुकावट पैदा ना करें, सामूहिक रूप से किसी भी काम को करें , हर समाज में एक दो लोग होते हैं जो समाज को दिग्भ्रमित करने की कोशिश करते हैं, ऐसे लोगों को कभी सफल होने नहीं दे।

उपमहापौर संजीव ने कहाः

निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि आज इस मोहल्ले में आया हूं तो आज सड़क और नाली देख रहा हूं , विकास की शुरुआत है, मुझे याद है पहले सड़क ,नाली जर्जर था, और परवेज सड़क और नाली बनवाने के लिए पेपर कटिंग और आवेदन लेकर मेरे पास आते थे, आज मुझे खुशी है कि यहां सड़क,नाली,साफ सफाई है,जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरेंगे, और अध्यक्ष बने हैं ये भी जुझारू हैं काम करेंगे और समाज का विकास करेंगे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा

नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू ने कहा कि कृषि पंचायत कि जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी तरह से निभाऊंगा पहले भी काम किया हूं आगे भी काम करूंगा।

## नवनिर्वाचित महासचिव ने कहा

नवनिर्वाचित महासचिव परवेज कुरैशी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है जमीअतुल कुरेश पंचायत की, इसके अधीन जो भी है मदरसा, स्कूल, मस्जिद ,स्लाटर हाउस एवं उसकी जमीन इत्यादि सबका सुरक्षित रखना,उसे विकसित करना और ना सिर्फ कुरैशी पंचायत ,बल्कि आसपास की जो बस्ती है वहां के रहने वाले जो लोग हैं, उनकी जो जरूरतें हैं, उनकी जो समस्याएं हैं उनके लिए मैं आगे रहूंगा।

## मुजीब कुरैशी ने कहा

झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि समाज का गठन हुआ है, जो जिम्मेदारी मिली है समाज का जो काम अधूरा है ,जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास,राज्यपाल रही द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से गुहार लगा चुका हूं, उसे धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी अब हम सब की है । सब लोग मिलकर चलेंगे और विश्वास है कि पूरा समाज ना सिर्फ रांची, बल्कि पूरे झारखंड के कुरेशी समाज सामूहिक रूप से एकता के साथ अपने-अपने पंचायतों में समाजहित में बेहतर काम करेंगे। वहीं अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज शहर के सभी सामाजिक लोग यहां पर उपस्थित हुए हैं और कुरेशी पंचायत का गठन हुआ यह सफल रहेगा और आगे भी बढ़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स लाया गया पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश

**रांची** : गिरिडीह में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में घायल अपराधी को शनिवार को अचेत अवस्था में रिम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। न्यूरो सर्जरी विभाग के चिकित्सक उसका इलाज कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोलीमारण (महेशलुंडी) में हुई मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलीबारी हुई थी, जिसमें एक अपराधी घायल हो गया था। डॉक्टरों के अनुसार, अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह अचेत अवस्था में है।

### रांची में प्रदेश भाजपा कार्यालय की बढ़ाई गई सुरक्षा

**रांची** : रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दो सौ से अधिक पुलिस जवानों की कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में तैनाती की गई है। भाजपा कार्यालय के बाहर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी भी डटे हुए हैं। मध्यप्रदेश में पेशाब कांड के बाद आदिवासी संगठन नाराज है और इस वजह से शनिवार को संगठनों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय के घेराव को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग हरमू मैदान में इकट्ठा हो रहे हैं और वहीं से उनके प्रदेश कार्यालय तक आकर वहां प्रदर्शन करने की बात कही जा रही है। इस प्रदर्शन को देखते हुए ही पुलिस की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस अधिकारी आदिवासी संगठनों के हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय के अलावा आसपास के विभिन्न चौक-चौराहों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# यूसीसी और पेशाब कांड के विरोध में आदिवासी संगठनों का रांची में प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और मध्य प्रदेश में हुई पेशाब की घटना के विरोध में आदिवासी मूलवासी संगठनों के सैकड़ों लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही बाबूलाल मरांडी इस्तीफा दो, आदिवासियों पर शोषण करना बंद करो जैसे नारे लगाये। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। लगभग एक घंटे तक स्कूल बसें सहित कई वाहन जाम में फंसे रहे। आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता कानून नहीं चलेगा। क्योंकि, आदिवासी समाज के पास पहले से ही अपना संवैधानिक कानून है। रूढ़िवादी परंपरा है। राज्य में सीएनटी और एसपीटी एक्ट कानून लागू है। यूसीसी लागू होने से आदिवासियों के कानून रद्द हो जायेंगे। इसलिए आदिवासी संगठन इसका विरोध करता है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा समर्थक ने आदिवासी युवक पर पेशाब किया। इससे आदिवासी समाज काफी हताहत है। आदिवासी समाज के बच्चों के साथ भाजपा सरकार के समर्थक हर दिन कुकर्म करते हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को भाजपा कार्यालय के समीप पहुंचने से पहले रोका। सभी हरमू मैदान से जमा होकर भाजपा कार्यालय जा रहे थे।

# कोयला कारोबारी पर फायरिंग मामले में पुलिस के हाथ खाली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत कुमार गुप्ता उर्फ छोटू गुप्ता पर हुई फायरिंग मामले में अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। इस वजह से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि, पुलिस मामले के खुलासे के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। रंजीत की पत्नी अंजु गुप्ता के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया है। घायल कारोबारी रंजीत कुमार गुप्ता मुरी के हिंडाल्को जाने वाले थे और वहां दोपहर को मीटिंग थी। इसी बीच घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। मामले में बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों को आरोपित बनाया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि मामले की जांच जारी है लेकिन अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। फिलहाल किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस यह कोशिश कर रही है कि मामले का खुलासा जल्द से जल्द हो। इसके लिए छापेमारी की जा रही है। उधर, अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट किया है कि रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे गुप्ता को ईश्वर ने बचा लिया। हमने उसे मार दिया था। अब नयी जिंदगी मिली है तो उसे चेतावनी है कि जुबान पर लगाम रखे और बॉस या मेरे बारे में अनर्गल बयानबाजी नहीं करे वरना रांची नहीं लंदन में भी रहेगा तो ठोक देंगे।

# 13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में आज से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शुरू हुई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार,सचिव(खेल,पर्यटन एवं कला संस्कृति)झारखंड सरकार के द्वारा किया गया।दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराक भाग ले रहें हैं।उद्घाटन के अवसर पर श्री गिरीश राठौर एवं श्री अर्चित आनंद(उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ,ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर श्री मनोज कुमार ने आयोजन की प्रशंसा की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा एवं समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति बरखा सिन्हा जी ,अध्यक्ष(झारखंड तैराकी संघ) होंगी,उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।



आज का रिजल्ट-टाटा स्टील 21 गोल्ड 9 सिल्वर 10 ब्रांज, राँची 13 गोल्ड 14 सिल्वर 10 ब्रांज, हजारीबाग 4 गोल्ड 4 सिल्वर 6 ब्रांज, और इवेंट कल आयोजित होंगे।

# जमीन हड़पने की कोशिश करने के तीन आरोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस स्व. युसूफ इकबाल की जमीन की बाउंड्री तोड़ कर जमीन हड़पने की कोशिश करने के तीन आरोपितों के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित पप्पू गद्दी, कांजा गद्दी और मो तामो उर्फ अली हुसैन के घर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस अब जल्द ही कुर्की जब्ती की कार्रवाई करेगी। यह कार्रवाई कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने की। उल्लेखनीय है कि भू-माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस स्व. युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी। इसको लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी की ओर से 25 जून को मामला दर्ज कराया गया था।



# अवैध खनन मामले में कारोबारी टिंकल और भगवान भगत भेजे गए जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** साहिबगंज में हुए लगभग एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में गिरफ्तार पत्थर कारोबारी टिंकल भगत और भगवान भगत को शनिवार को ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के आवासीय अदालत में दोनों को पेश किया गया। पेशी के बाद दोनों पत्थर कारोबारियों को जेल भेज दिया गया है। दोनों पत्थर कारोबारी को शुक्रवार को पूछताछ के बाद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी ने गिरफ्तार किया था। ये दोनों अवैध खनन मामले में जेल में बंद आरोपित पंकज मिश्रा के सहयोगी बताए जा रहे हैं। पेश करने के साथ ही पूछताछ के लिए ईडी ने सात दिनों की रिमांड मांगी है। ईडी के रिमांड संबंधी आवेदन पर सोमवार को बहस होगी। उल्लेखनीय है कि टिंकल भगत सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए सात जुलाई को टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया था।

## मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज

**रांची :** घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने और मारपीट कर जख्मी करने के मामले को लेकर सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस संबंध में शांति नगर निवासी दिलीप सिंह ने राजू परवेज , सद्दाम,आफताब, चांद,राजू, सोनू सहित 14 अज्ञात लोगों पर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि वह अपने दोस्त नीरल तिर्की के यहां खाना खा रहा था। इसी दौरान राजू परवेज सहित 14 लोग वहां पहुंचे और गाली गलौज कर भूजाली से वार किये। बचने का प्रयास में भुजाली हाथ में लगा और खून निकलने लगा।

# हाई कोर्ट में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर 20 जुलाई को सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई 20 जुलाई को होगी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की।

दरअसल, दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटिशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य सामान की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है।



**याचिकाकता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।**

# मरांडी ने आदिवासी संगठनों के प्रदेश भाजपा कार्यालय घेराव कार्यक्रम को राजनीतिक कहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को आदिवासी संगठनों के भाजपा प्रदेश कार्यालय घेराव कार्यक्रम को हेमंत सरकार की प्रायोजित राजनीतिक नौटंकी कहा है। मरांडी ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने वालों को सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करना चाहिए। क्योंकि, हेमंत सोरेन ने आदिवासी के नाम पर सबसे ज्यादा आदिवासी को ही प्रताड़ित किया है। हेमंत सरकार का स्वागत चाईबासा में आदिवासियों के नरसंहार से हुआ। होनहार आदिवासी दारोगा रूपा तिर्की की हत्या,पशु तस्करों के द्वारा दारोगा संध्या टोपनो की हत्या, सिदो कान्हो के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या हेमंत सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के पिछले साढ़े तीन वर्षों के शासन काल में 5500 से अधिक बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटी हैं, जिसमे अधिकांश आदिवासी और दलित समाज की ही बेटियां हैं।



उन्होंने कहा कि प्रीमिटिव ट्राइब्स की बेटी रुबिका पहाड़िया की नृशंस हत्या टुकड़ों-टुकड़ों में काटकर की गई।मांडर में आदिवासी छात्रा के साथ कार में सामूहिक दुष्कर्म की शर्मनाक घटना हुई। खूंटी में प्रशिक्षु महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुए लेकिन मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों से मिलना भी उचित नहीं समझा।

मरांडी ने कहा कि मध्यप्रदेश की जिस घटना को तूल देने की कोशिश की जा रही उसपर कठोर कानूनी कार्रवाई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित व्यक्ति के पैर धोकर माफी मांगी है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन में हिम्मत है तो वे आदिवासी दलित विरोधी कृत्यों के लिए समाज से और पीड़ित परिवार से माफी मांगे।

# ईडी अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगने वाले पत्रकार को समन, दस को होगी पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में पत्रकार को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने साहिबगंज के पत्रकार मिथिलेश कुमार सिंह को समन भेजकर दस जुलाई को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

बताया जा रहा है कि मिथिलेश कुमार सिंह मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिले का रहने वाला है और वर्तमान में साहिबगंज में रहकर पत्रकारिता करता है। मिथिलेश के नाम साहिबगंज के मिर्जा चौकी इलाके में संचालित होने वाले क्रशर के मालिक से रुपये की वसूली की भी बात सामने आयी है।

## आदिवासी छात्र संघ 23वा वर्षगांठ मनाया गया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : करमचंद भगत कॉलेज में शनिवार को आदिवासी छात्र संघ की 23 वा वर्षगांठ मनाया गया। मौके पर छात्रों के द्वारा केक काटा गया। वही मांडर कॉलेज के छात्रसंघ सचिव संदीप उरांव ने कहा कि आज हम लोग आदिवासी छात्र संघ का वर्षगांठ मनाते हुए संघ का जो उद्देश्य उसे पुरा करने के लिये आवाज बुलंद करना होगा। खास कर आदिवासियों के लिए 27त्न आरक्षण मिले। बैकलॉग की नियुक्ति, सरना कोड,जैसे मुद्दों को लेकर स्थापना की गई थी। उसे पुरा कराना है। संघ हमेशा आदिवासी समाज का आवाज बनकर काम कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पैदल मार्च आयोजित

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में भाजपा के राजनीतिक षड्यंत्र के तहत गुजरात हाई कोर्ट द्वारा राहत नहीं दिया। इसी के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिकिदिरी से ओरमांझी पथ से प्रमुख सड़कों पर राहुल गांधी के संघर्ष को बल देने युवा कांग्रेस नेता अमाल खान के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर राहुल संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं,राहुल के सम्मान में कांग्रेस है मैदान में संविधान बचाओ देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ जैसे नारा लगाया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता अमाल खान ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं देश के नेता राहुल गांधी भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक लड़ रहे थे। कुछ कड़वे सच का सवाल लोकसभा में केंद्र के मोदी सरकार से करने एवं राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर नरेंद्र मोदी एवं भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत साधारण सा मुकदमा में उनकी सदस्यता रद्द करने का काम किया है। ताकि सदन में कोई सवाल ही नहीं कर सके। आज हम माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहना चाहते हैं कि राहुल गांधी सत्य के सामने न डरेंगे,और ना ही झुकेंगे। ओ हर जुल्मों सितम हंस कर देश के खातिर सह लेंगे।

## जेएसएफ क्लब किया ने फुटबॉल टूर्नामेंट अयोजन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**:शनिवार को एसएस हाई स्कूल स्टेडियम ओरमांझी में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट जेएसएफ क्लब बरतुआ के तत्वधान में अयोजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष धनंजय बेदिया, सचिव चितरंजन भोक्ता, कोषाध्यक्ष एवं संचालन अरविंद कुमार महतो के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप के सलाहकार रमेश उरांव एवं विशिष्ट अतिथि औद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि हरी मोहन महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उदघाटन किया। मौके पर रमेश उरांव ने खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते करते हुए सोसो काके के खिलाड़ी एवं युवा क्लब पतराटोली ओरमांझी के खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए बधाई दिया।

## कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी व चावल का वितरण

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अनगड़ा प्रखण्ड के गेतलसूद में शनिवार को सोना सोबरन योजना के अंतर्गत जनवितरण प्रणाली के दुकान में बीपीएल कार्डधारियों को धोती साड़ी लुंगी,व हरा कार्ड धारिकों को 5 किलों का पैकेट वाला चावल मुफ्त में वितरण किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख दीपा उराँव व वार्ड सदस्य ललिता कुमारी मौजूद थी।मौके पर प्रमुख दीपा उराँव ने बताया कि झारखंड सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ अनुदानित दर पर सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ बीपीएल कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी प्रदान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रत्येक 6 महीना में सभी लाभुकों को सरकार की ओर से इस योजना का फायदा मिलना है।वही प्रमुख ने डीलर से कहा कि सभी कार्ड धारियों को समय पर सामग्री का वितरण कर दिया जाए कोई लाभुक छूट ना पाए।

## डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राजकीय रेल थाना मुरी के थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच सामाजिक कुरीति डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को सामाजिक कुरीति से दूर रहने का अपील किया गया तथा मौके पर बताया गया कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है ओझा गुणी के झांसे में ना आए। डायन प्रथा के नाम पर महिलाओं की हत्या तथा प्रताड़ित करना एक दंडनीय अपराध है। अभियान में शामिल अन्य पुलिसकर्मी हाथ में स्लोगन लिखे हुए तख्ती जन जन का एक ही नारा डायन प्रथा को मिटाना कर्तव्य हमारा, तंत्र मंत्र सब झूठ है ओझा का करतूत है, हमने ठाना है डायन प्रथा मुक्त झारखंड बनाना है इत्यादि स्लोगन के साथ यात्रियों को जागरूक कर रहे थे। इस मौके पर राजकीय रेल थाना के अवर निरीक्षक शिव परशन राम, रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## गुरु पूजन कार्यक्रम संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टाटी पश्चमी सचिवालय विक्रमादित्य नगर मे राष्ट्रिय स्वम सेवक संघ गुरू पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे बोधिक प्रमुख अजय जी ने कहा कि जाति, वर्ण, समुदाय से उपर उठकर हमारा सबसे बड़ा धर्म राष्ट् हैं। तन, मन, धन से समर्पित होकर काम करना हैं । इस अवसर पर राजू पाठक, नगर कारवाह आशुतोष दिवेदी, रविंद्र तिवारी, प्रज्वलित पांडे, मंजीत कुमार, सुधीर कुमार, बृजेश सिंह इत्यादि गण मान्य के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## तमाड़ के समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ के जानेमाने समाजसेवी युवा व्यवसायी अनूप गोराई उर्फ कालिया का अचानक बीती रात्री को लगभग 12 बजे निधन हो गया।ऑर्किड अस्पताल रांची में ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।वो तमाड़ बस स्टैंड में प्रिया बुक स्टोर नामक दुकान के संचालक थे। कोरोना काल के लाकडाउन के समय प्रवासी मजदुरो के बीच भोजन वितरण में मुख्य भूमिका निभाया था । अनूप गोराई उर्फ कालिया अपने पीछे पत्नी और परिवार छोड़ गए। इनके असामयिक निधन सें पूरे तमाड़ सहित व्यवसायी में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शाम के समय उनका दाह संस्कार तमाड़ प्रधानगर स्थित गागरसोतिया नदी तट पर किया गया। शव यात्रा में जिप सदस्य विजय सिंह मानकी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय साहु व्यवसाई मंटू साहू, संतु साहू, पिंकू गुप्ता, रूपेश गुप्ता, अमित लाल, संन्जु मोदक, डांस गुप्ता समेत सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## कर्रा सीएससी में मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीएचसी परिसर पर शनिवार को खूंटी जिला से आये अग्निशामक विभाग के लोगों द्वारा आग लगने पर कैसे काबू पाया जाए इस पर मॉक ड्रिल कराया गया. मॉक ड्रिल के लोगों ने बताया कि आग तीन या चार प्रकार की लगती है जैसे लकड़ी से, गैस रिसव होने पर, बिजली से शार्ट सर्किट होने पर, तथा गैस सिलेंडर से आग लगने की पूर्ण संभावना होती है.फायर बिग्रेड के सदस्यों ने आग लगाकर कैसे इसे निजात पाने की करके दिखाएं. वही उन्होंने कहा कि आग लगने पर केवल सावधानी बरतें और डरे नहीं, बताएगा विधि से आप आग पर काबू पा सकते हैं अन्यथा जान माल की क्षति होने की पूर्ण संभावना रहती है.इस अवसर पर खूंटी सिविल सर्जन अजीत खलखो ने कहा कि मॉक ड्रिल जो हम देखें उसे हमें सचेत रहना है साथ ही इसकी बचाओ में इनके बताइए कार्य को करना है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के जितने भी कर्मचारी आप लोग गांव घर में जाकर आग लगने की स्थिति में कैसे बचाव किया जा सकता है इसके बारे में जन जन तक लोगों को बतलाए.मौके पर कर्रा सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शकील अहमद, डॉक्टर रोमा, डॉक्टर सविता, प्रखंड स्वास्थ्य प्रसार पदाधिकारी प्रदीप कुमार कुंडू, जैनी मिंज, गीता कुमारी, अश्विनी कुमार के अलावे स्वास्थ्य एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## 620 छायादार व फलदार वृक्ष लगाए गए

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमान्डेंट एस डी शेरखाने के दिशा निर्देश पर 26वी वाहिनी एस एस बी के एफ कंपनी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में एस एस बी के जवानो और ग्रामीणों ने खूटी तमाड़ रोड में अआड़ा घाटी और कुड़ापुरती व आस पास के इलाकों में लगभग 620 छायादार व फलदार वृक्ष लगाए जीस में गांव के महिला और पुरुष बढ़ चढ़ कर पेड़ लगाने में, सहयोग किए।साथ ही ग्रामीणों को पेड़ ना काटने और बड़े पैमाने पर पौधे लगाने के लिए कहा गया ताकि इलाके में पर्यावरण और शुद्ध वातावरण लोगों को मिलता रहे।

# बस स्टैंड से सटे पहाड़ी मंदिर के पश्चिम स्थित सिंह द्वार के पास दो वर्षों से जलमीनार खराब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : खलारी थाना क्षेत्र के खलारी-रांची सड़क किनारे बस स्टैंड से सटे पहाड़ी मंदिर के पश्चिम स्थित सिंह द्वार के पास गत दो साल से जलमीनार खराब है. उल्लेखनीय है कि प्रखंड की बुकबुका पंचायत अंतर्गत बस स्टैंड से सटे पहाड़ी मंदिर के द्वार स्थित सोलर जलमीनार विगत दो साल से लोगों को पानी नहीं दे रही है. मिली जानकारी अनुसार बस स्टैंड के निकट करीब 10 साल पहले हैंडपंप लगाया गया था. जिसे तीन साल पहले 14 वें वित्त की राशि से सोलर जलमीनार लगा दिया गया. जलमीनार के लिए नया डीप बोर नहीं किया गया था, बल्कि वहां पूर्व से स्थित हैंडपंप की क्षमता रखने वाले एक चापाकल में ही डीसी सबमर्सिबल पंप लगा दिया गया. जो मुश्किल से एक वर्ष भी सोलर सिस्टम ठीक से नहीं चल पाया.नतीजा यह हुआ कि जिस चापाकल से लोगों को पूर्व में आवश्यक पानी मिल जाया करता था वह सबमर्सिबल पंप लगा दिए जाने से पूरी तरह फेल हो गया. यह जगह पहाड़ी मंदिर जाने का मार्ग के साथ घनी आबादी और मुख्य रूप से बस स्टैंड है. यह जगह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है. साथही दर्जनों बसों के अलावा टेम्पू और निजी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. स्थानीय अजय केशरी, भोला यादव, मनोज केसरी, राजा सोनी, दीपक सोनी, सुनील महतो, शिव लोहरा, राजू साहू, दीपक साहू, छोटू साहू, पवन साहू, उदय यादव, जोधन गंझू, संतोष यादव, भोला यादव, राजू यादव, शाहबाज अंसारी, श्रवण महतो, विनोद साहू, जीवन रजक, कमल राणा, उपेन्द्र ठाकुर पानी की उंचीत व्यवस्था की मांग करते हुए कहा कि तत्काल चापाकल को ही पूर्व की तरह जलमीनार सिस्टम से मुक्त कर दिया जाता, तो यहां आसपास दुकानदारों एवं ग्राहकों और यात्रियों को कम से कम पानी तो मिलता रहता. असीत कुमार. इस पूरे मामलों को लेकर 15वें वित्त के ब्लॉक कोआर्डिनेटर असीत कुमार ने कहा कि बस स्टैंड से सटे पहाड़ी मंदिर के पश्चिम स्थित सिंह द्वार के पास सोलर जलमीनार को जल्द मरम्मत करवा दिया जाएगा.

## रेंजर सुरेंद्र सिंह ने सड़क किनारे गड्ढे भरने का दिया आश्वासन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : खलारी प्रखंड के बाजार टांड़ मुक्तिधाम से लेकर देवी मंडप करकट्टा बस्ती तक सड़क के दोनों किनारे वन विभाग की ओर से मिट्टी काटकर बनाए गए ट्रेंस से हो रही परेशानी को लेकर वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह को अवगत कराया. जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि के द्वारा मांडर के रेंजर सुरेंद्र सिंह को इस समस्या से अवगत कराने के लिए खलारी बुलाया. खलारी पहुंचे रेंजर सुरेंद्र सिंह ने सड़क के किनारे काटे गए ट्रेंस को देखा और उसे जल्द ही भरवाने का आश्वासन दिया. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि यहां का सड़क काफी संकीर्ण है. सड़क के दोनों किनारे श्रम विभाग की ओर से ट्रेंस काट दिया गया था जिससे दोनों और गड्ढे बन गए थे. इसी गड्ढे के कारण आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं होते रहती थी.जिसके कारण आसपास के लोग काफी परेशान थे.इस मौके पर बलराम सोनी, नागदेव सिंह, अनिल प्रसाद गुप्ता, शुभम प्रसाद गुप्ता, दिलीप पासवान मौजूद थे.



# अधूरे पुल निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के समीप अधूरे पुल निर्माण से इन दिनों स्थानीय ग्रामीणों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।वहीं पुल के बगल से बनाया गया डायवर्सन भी इन दिनों संक्रीण होने से आए दिन दुर्घटना की सूचना मिल रही है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बहेरा से लेकर कल्याणपुर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।करीब डेढ़ किलोमीटर इस सड़क निर्माण के बीच कल्याणपुर मस्जिद के समीप एक पुल का निर्माण भी कराया जाना है।सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा उक्त पुल को करीब दो साल पहले तोड़ दिया गया है और उसके बगल से डायवर्सन बनाकर रास्ता निकाला गया है,लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद अभी तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है,जबकि संक्रीण डायवर्सन से आने जाने के दौरान कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा है,लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया गया है,जबकि पुल का निर्माण कार्य दो साल पहले शुरू किया किया गया था, लेकिन अभी तक इसका भी काम चालू नहीं हो पाया है। निर्माण कंपनी से इस समस्या को लेकर कई बार बात की गई लेकिन कोई पहल नहीं की गई है।अब ग्रामीणों मे आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द सड़क और पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।इधर सिमरिया विधायक किशुन दास ने सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जतायी है।विधायक ने विभागीय अधिकारियों को भी इस संबंध में पत्र लिखकर जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।



## मायापुर की महिला रेनू तिर्की को जियो भारत फोन दी गई गिफ्ट

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : खलारी प्रखंड के मायापुर की महिला रेनू तिर्की को जनप्रतिनिधि पुष्पा खलखो के हांथों गुरुवार को 999 रूपए की नए 4 जी जियो भारत फोन गिफ्ट दी गयी. इससे पहले रिलायंस जियो के टीम ने खलारी पहाड़ी मंदिर जाकर पूजा किया. उसके बाद बाईक रैली निकाली. उक्त संबंध की जानकारी जिओ पॉइंट मैनेजर विकाश तिवारी ने दी.उन्होंने बताया कि रिलायंस जियो ने सबसे किफायती 4 जी फोन %जियो भारत वी2% सिर्फ 999 रुपए में लॉन्च किया है. इसमें बेसिक फीचर फोन के साथ इंटरनेट चलाया जा सकता है. इसी के तहत यह कंपनी द्वारा पूरे भारत मे प्रखंड स्तर पर किसी एक महिला को चयन कर जियो भारत फोन दिया जा रहा है. इस मौके पर जिओ वितरक प्रमोद प्रसाद, जूलिया टोप्पो, बीना तिर्की, तिरेशा केरकेट्टा, रेनू तिर्की, एडवर्ड मरांडी आदि उपस्थित थे.



# वुशू प्रतियोगिता के लिए कोयलांचल के 17 खिलाड़ी धनबाद के लिए हुए रवाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के वुशू खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के बैनर तले धनबाद के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों के कोच रजी अहमद ने बताया कि धनबाद के डिगवाडीह कम्युनिटी हॉल मे दो दिवसीय 19वां झारखण्ड राज्य जुनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 9 जुलाई से 10 जुलाई तक किया जा रहा है,जिसमें शामिल होने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के 17 खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के बैनर तले शामिल होने के लिए खलारी रेलवे स्टेशन से रवाना हुए।इस प्रतियोगिता में कोयलांचल क्षेत्र से वुशू खिलाड़ी शिवम उरांव,रौशनी कुमारी,तनु कुमारी,शितल कुमारी,ईभा कुमारी,विक्रम गंझु,रिया किरण,सोमी कुमारी,अंकित कुमार,राज कुमार,अमन अंसारी,रोहित कुमार,पवन कुमार सहित अन्य जूनियर खिलाड़ी शामिल हो रहा है। खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच रजी अहमद और टीम मैनेजर पिन्टु महतो और आयुष कुमार भी धनबाद के लिए रवाना हुए।कोच रजी अहमद ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र ओर जिला का नाम रोशन करने की कामना की है।



## सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी छठु गंझु की तबीयत खराब होने से शनिवार की अहले सुबह निधन हो गया।मृतक सीसीएल कर्मचारी पिपरवार क्षेत्र के जाराटोंगरी गांव का रहने वाला था।इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से किडनी बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज चल रहा था।शनिवार की तड़के सुबह 3 बजे उनका निधन हो गया। उनके घर पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।इधर उनके निधन पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अशोक परियोजना शाखा सचिव सह सीसीएल कल्याण समिति सदस्य अरविंद शर्मा ने दुःख प्रकट करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# बारिश से करांजी के सड़क में बने गड्ढों में हुआ जलजमाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के कराँजी गांव के चौक से स्कुल तक जाने वाली मुख्य सड़क लगातार हो रही बारिश के कारण जल जमाव से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। मध्य विद्यालय स्कुल के समीप मुख्य रोड पर बारिश का जल जमा हो जाने से ना तो लोग इधर से उधर जा पाते हैं और न ही उधर से इधर की ओर आ पाते हैं। वहीं, अत्यधिक कीचड़ जमा होने के कारण दोपहिया तथा तीन पहिया वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। जबकि अगल-बगल में बसे लोगों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। अधिक बारिश के



कारण इस सड़क पर कीचड़ युक्त पानी जमा हो जाता है तथा जल निकासी का कोई मार्ग भी नहीं है। इस समस्या के निदान के लिए स्थानीय लोगों के शिकायत पर प्रमुख विनीता कच्छप ने सड़क का निरीक्षण किया।

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।






उपरोक्त अज्ञात दोनों अभियुक्त जिसके संबंध में चुटिया थाना काण्ड सं0–132/2022, दिनांक–08.06.2022, धारा–419/420/34 भा0द0वि0 एवं 66(सी)/66(डी) आई0टी0 एक्ट दर्ज कर दोनों अभियुक्तों की खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त अज्ञात अभियुक्त आपके क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते हैं तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित प्रतीत होता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि दोनों अज्ञात अभियुक्त कहीं मिलते/ दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर रांची। –9431706139
पुलिस निरीक्षक–सह–थाना प्रभारी, चुटिया रांची –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 301796 Police(23-24)D

# प्रखंड सभागार में विशेष कार्यशाला का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बेड़ो प्रखंड सभागार में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के विशेष अभियान चलाए जाने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अगुवाई में की गई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि झारखंड राज्य में जन्म-मृत्यु निबंधन का स्तर वर्तमान में लगभग 80त्न के आसपास है जो संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। सरकार द्वारा निबंधन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके निमित्त दिनांक 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक राज्य में जिला एवं प्रखंड स्तर पर कोविड-19 की अवधि में छूटे हुए एवं अन्य छूटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य से जुड़े हुए निबंध को आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

**पिपरवार** : भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुके देकर श्री मरांडी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि श्री मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को नई गति मिलेगी।बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा अप्रत्याशित जीत हासिल करेगी।इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा से बात करते हुए पिपरवार के जर्जर रोड एवं रेलवे में फ्लाईओवर के बारे में चर्चा की।इस बीच मंडल अध्यक्ष ने श्री मरांडी को पिपरवार आने का न्योता दिया।जिसे श्री मंराडी ने आमंत्रण को स्वीकार कर जल्द पिपरवार आने का आश्वासन दिया।इस मौके पर संजीव कुमार मिश्रा,सुनील प्रसाद, अरविंद सिंह,संजय कुमार, धनराज भोगत,राजेश महतो, पंकज कुमार राज, विक्की सिंह,सुमन सौरभ, रणधीर पासवान,कुंदन भुईयां सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

–: शुद्धि पत्र :–

इस कार्यालय के पत्रांक 753/जि0प0, दिनांक 04.07.2023 द्वारा आमंत्रित सूचना जो (PR No. 301601 District (23-24) # D) से प्रकाशित है में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

| क्र | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | चतरा नगर परिषद चतरा अन्तर्गत परिसदन भवन में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। |
| 2 | गोपनीय शाखा (उपायुक्त चतरा) में 5KWH का सोलर रूफ टॉप अधिष्ठापन कार्य। |

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 301839 District(23-24).D

कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–1928 दिनांक–24.04.2023 के निदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत जिले में संचालित 03 उत्कृष्ट विद्यालयों– District R.K. Ramasahu CM School of Excellence Garhwa, R.K CM School of Excellence Girls, Garhwa एवं KGBV CM School of Excellence, Garhwa में नामांकन हेतु दिनांक–30.05.2023 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का दिनांक–23.06.2023 को जारी परिणाम के आधार पर नामांकन के उपरांत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु द्वितीय मेधा सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट– https://garhwa.nic.in पर प्रविष्टि करा दी गई है साथ ही द्वितीय मेधा सूची विद्यालयों एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा करा दी गई है। सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क स्थापित करते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारीझारखण्ड
शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 301807 Human Resource Developement(23-24)D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, दूरभाष– 7209721521,
ई–मेल– simdegafisheriesdfo@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश 12रा0(वि0), दिनांक– 06.07.2023 तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना के आलोक में Mash Feed (Formulated Spawn feed) के निर्माता अथवा अधिकृत को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में सिमडेगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated Spawn feed) अनुदान में देने एवं अन्य विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए Mash feed के क्रय की योजना है। उक्त योजना हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 17.07.2023 को अपराहन् 01:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वीकार की जाएगी।

निविदा की शर्तें :–

1. निविदादाता को निविदा के साथ Mash Feed (Formulated Spawn feed) की भौतिक एवं रासायनिक संरचना तथा मिनरल का प्रकार की मात्रा तथा वसा की मात्रा, फाइबर की मात्रा, विटामिन तथा मिनिरल का प्रकार एवं मात्रा, आदि का विवरण देना होगा, जिसमें प्रोटिन की मात्रा न्यूनतम 30% तथा वसा की मात्रा 4% होनी चाहिए।
2. निविदादाता को सरकारी क्षेत्र में Mash Feed आपूर्ति का तीन वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
3. निविदादाता को पैन नंबर एवं वाणिज्यकर विभाग द्वारा पंजीयन (GST) की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4. झारखण्ड सरकार के द्वारा अनुदान पर निर्मित फीड मिल उद्योग को निविदा आधारित न्यूनतम दर पर संबंधित म0जी0सह0 समिति को निविदा में शामिल होने पर प्राथमिकता दी जायेगी।
5. निविदा के साथ सामग्री का सील बंद नमूना प्रस्तुत करना होगा साथ ही सामग्री का मानक संस्थान के द्वारा निर्गत केमिकल एनालिसिस प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा दो अलग–अलग लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिसमें तकनीकी प्रस्ताव तथा वित्तीय प्रस्ताव स्पष्ट अंकित करना होगा। तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव के दोनों अलग–अलग लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में बंद करते हुए उस पर निविदादाता का नाम एवं पता मुहर के साथ अंकित करना अनिवार्य होगा।
7. वित्तीय प्रस्ताव में निविदादाता को निविदा के साथ प्रतिभूति राशि के रूप में मो0– 15,000/– (पंद्रह हजार) रू0 मात्र का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो तथा अद्योहस्ताक्षरी के पदनाम से सिमडेगा में भुगतेय हो देना होगा।
8. सफल निविदादाता को Mash Feed की आपूर्ति गुणवत्ता आधारित मानकों के अनुरूप कार्यालय में आपूर्ति करनी होगी, Mash Feed में प्रति किलो दर अंकित करना आवश्यक है। गुणवत्ता आधारित मानकों के अनुरूप आपूर्ति नहीं किए जाने की स्थिति में निविदादाता के साथ निविदा रद्द करते हुए प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।
9. यदि प्रथम सफल निविदादाता किसी कारणवश फीड आपूर्ति करने में असमर्थ हो जाता है, तो उस स्थिति में प्रतिभूति की राशि जब्त करते हुए, उक्त दर पर ही द्वितीय सफल निविदादाता को मौका दिया जाएगा।
10. विभाग हित में निविदा की शर्तों के संशोधन करने तथा निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. किसी भी तरह के वाद का क्षेत्र सिमडेगा जिला होगा।

नोट:–

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 17.07.2023 को 01:00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.07.2023 को 3:00 बजे अपराहन्।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 301866 Fish(23-24)D

## करीम सिटी कॉलेज के 20 छात्रों को वेदांता रिसोर्सेज ने 4.65 लाख के पैकेज पर किया लॉक




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज में भारत का एक बड़ा समूह एवं ऑयल, गैस एंड मेटल कंपनी वेदांता रिसोर्सेस लिमिटेड, उड़ीसा द्वारा महाविद्यालय के रसायन विज्ञान, भौतिकी अनुशासन से बीएससी ऑनर्स के 20 छात्रों को सीटीसी पैकेज 4.65 लाख प्रति वर्ष पर लॉक किया है। यह ड्राइव 3 से 4 जुलाई 2023 को आयोजित एक वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में वेदांता स्टील झारसुगड़ा, उड़ीसा द्वारा चुना गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ , रसायन विज्ञान के अध्यक्ष डॉ खुर्शीद अनवर तथा भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ तुफैल अहमद का विशेष योगदान रहा। वेदांता की ओर से दीपिका बवंकर, मैनेजर (एचआर) ने इस पूरी प्रक्रिया में समन्वय किया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## विवेक विद्यालय प्रांगण में यलो डे का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय में येलो डे का आयोजन किया गया । पीले रंग के विभिन्न परिधानों में सजे प्री प्रीमरी के बच्चों को पीले रंग का विभिन्न कार्यों में प्रयोग लाने के गुर सिखाए गए । इस एक्टिविटी के दौरान विद्यार्थी यलो कलर के कपड़े पहने हुए थे जो आकर्षक का केंद्र थे। विद्यालय के बच्चों को यलो रंग की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई ।

## वीरांगनाओं ने मनाया सावन महोत्सव, सावन क्वीन बनी गुडिया सिंह



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना की झारखंड प्रदेश जमशेदपुर की वीरांगनाए सावन महोत्सव एक होटल में मानाई। जिसका थीम सावन के रंग सात फेरो के संग था। सावन क्वीन गुडिया सिंह भारद्वाज हुई, दुसरे स्थान पर प्रति सिंह रही जबकि तृतीय स्थान पर सविता सिंह रही। सभी को अन्तराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना की महामंत्री भारती सिंह ने मुकुट पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारती सिंह और जज सोभा सिंह ने सावन के महीने का महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। सावन महोत्सव में नीलम सिंह, सीमा सिंह, अर्चना सिंह, प्रीति सिंह, रजनी सिंह, वीभा सिंह, रूबी सिंह, अंजली सिंह, चित्रलेखा सिंह, मीनी सिंह, पार्वती सिंह, सोभा सिंह, प्रतिमा सिंह, रिद्धि सिंह, सुनीता सिंह, विनीता सिंह, सविता सिंह, माला सिंह, बिन्दू सिंह, आशा सिंह, पूनम सिंह, नीलम सिंह, मनु माया सिंह, सुनीता सिंह, सीमा सिंह, खुशबू सिंह, किरण सिंह, धृति सिंह, रीता सिंह, संध्या सिंह, अनु सिंह, स्मिता चौधरी, चेतना सिंह, छोटी वीरांगनाए अदिति सिंह, दिव्यंका सिंह, हर्षिता सिंह, भव्या सिंह शामिल हुई।

## एसडीपीओ ने किया गम्हरिया थाना का वार्षिक निरीक्षण



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह द्वारा शनिवार को गम्हरिया थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी पंजियों का अध्ययन कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों के जल्द निस्तारण को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारियों को दिया। थाना निरीक्षण के क्रम में एएसआई से एसआई में प्रोन्नत हुए अनिल यादव को एसडीपीओ हरविंदर सिंह एवं थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने बैच लगाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि अनिल यादव वर्ष 1985 में बतौर कांस्टेबल बिहार पुलिस में बहाल हुए थे। झारखंड कैडर में आने के बाद वर्ष 2012 में वे एएसआई बने और वर्ष 2023 में उन्हें सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नत किया गया है। इस मौके पर एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## मारवाड़ी महिला मंच का बिष्टुपुर तुलसी भवन में भागवत कथा का शुभारंभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टुपुर तुलसी भवन में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा (एक भागवत ऐसी भी) के प्रथम दिन शनिवार को हरिद्वार के पास स्थित सुखताल से पधारे कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से भागवत महात्मय, भीष्म स्तुति, परिक्षित शुकदेव संवाद, विदूर चरित्र की प्रसंग का सुंदर व्याख्यान के साथ ही भागवत की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मनोरंजन का साधन नहीं, जन जागरण का रूप हैं। नकारात्मक मानसिक विचारों से ही मनुष्य का पतन होता हैं। श्रीमद भागवत कथा देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत के अनुसरण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है। इसका आयोजन झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तत्वधान और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर के आतिथ्य में हो रहा हैं। व्यास पूजन महत्व से भागवत कथा शुभारंभ हुआ, जो 14 जुलाई शुक्रवार तक चलेगा। भागवत कथा के दौरान महिला मंच की संस्थापिका सुशीला मोहनका को श्रद्धांजलि दी गई। सुशीला का निधन विगत 2 जुलाई 2023 रविवार को अमेरिका में हुआ था।



**पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावः** सीमावर्ती क्षेत्रों में वोटिंग की गति धीमी होने से चिंतित दिखे पार्टी कार्यकर्ता

# शाम 6 बजे तक 50 प्रतिशत मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शनिवार को पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए एक ही चरण में होने वाले वोटिंग में धीमी गति के कारण सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुरुलिया जिले के बांदोवान प्रखंड में मात्र 50 प्रतिशत ही मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक लगभग प्रत्येक बूथ पर सैकड़ों की संख्या में मतदाता अपनी बारी के इंतजार में लाइन में खड़े नजर आए। हालांकि नक्सल प्रभावित होने के बावजूद पूरे बांदोवान थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कार्य हो रहा है जो क्षेत्र की जनता एवं प्रशासन के लिए बड़ी उपलब्धि है। मतदान के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, कमलपुर व गालूडीह थाना क्षेत्र से सटे कुछ बूथों का जायजा लेने पर पता चला कि यहां दोपहर 12 बजे तक बूथ पर मतदाताओं की संख्या महज 100 से 200 ही रही और वोटिंग प्रतिशत 15 से 20 थी। जबकि प्रत्येक बूथ पर 1100 से अधिक मतदाताओं की संख्या है। दोपहर 2 बजे के बाद 5 बजे तक मतदाताओं की लंबी कतार लगी। प्रत्येक संवेदनशील बूथ पर एक डब्ल्यू बी पुलिस के जवान एवं एक सिविल पुलिस को तैनात किया गया था जबकि अति संवेदनशील बूथों पर अधिक पुलिसकर्मी तैनात दिखे। सीआरपीएफ के जवान एवं स्थानीय थाना के पुलिस अधिकारी गश्ती करते नजर आए। माघला बूथ के बाहर समर्थकों के साथ खड़े टीएमसी कार्यकर्ता बिप्लव सहिस ने बताया कि यहां शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है लेकिन पहली बार इतना स्लो वोटिंग हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगर इसी तरह की गति रही तो रात के 12 भी बज सकते हैं। इसी तरह की स्थिति मधुपुर, कुंचिया, पाठकिता, धोबनी, चांदड़ा, बांदोवान व केंदापाड़ा समेत कई बूथों की स्थिति रही। स्थानीय लोगों से पूछने पर बताया गया कि यहां टीएमसी, सीपीएम, भाजपा, कांग्रेस एवं निर्दल प्रत्याशी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्य के लिए चुनाव मैदान में खड़े हैं। प्रत्येक सीट पर टीएमसी के कार्यकर्ता प्रत्याशी बने हैं जबकि कई सीटों पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी नहीं दिया गया है। कई जगहों पर भाजपा की ओर से निर्दलीय को ही अंदरूनी समर्थन दिया गया है। यहां प्रत्येक मतदाताओं को 3 बैलट पेपर दिए गये।



## जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स ने डीबीएमएस लिलिपुट स्कूल सोनारी का कराया नवीनीकृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स द्वारा सोनारी में डीबीएमएस लिलिपुट स्कूल के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मला बरेलिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धालभूम शिक्षा एसडीओ आशीष पांडे, एशिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, समाजसेवी संतोख खेतान उपस्थित थे। इस मौके पर सभी अतिथियों ने जेसीआई जमशेदपुर रॉयल्स के प्रयासों की काफी सराहना करते हुए समाज एवं जन हित के कार्यो में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेसीआई के संस्थापक अध्यक्ष तारा किशोर अग्रवाल ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षो से इस स्कूल से जुड़े हुए है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि समय-समय इस स्कूल को अपग्रेड करते रहेंगे। साथ ही इस स्कूल में छात्रों की संख्या और शिक्षा की गुणवत्ता को भी बढ़ाने की योजना बनाएंगे। उद्घाटन समारोह में जेसीआई रॉयल्स के विभिन्न सदस्य भी मौजूद थे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 374 लोगो को वृद्धा व विधवा प्रमाण पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कुल 374 वृद्धा और विधवा लोगों के बीच प्रमाण पत्र स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने कदमा स्थित कार्यालय से वितरण किया. मंत्री ने कहा है कि किसी भी माँ, बहन,बुजुर्ग को विधवा, वृद्धा पेंशन चालू करवाने के लिए सरकारी कार्यालय में जाकर हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है उनका बेटा बन्ना गुप्ता अभी मौजूद है इस कार्य को वह करवाएगा. मैं ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में घूम- घूम कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर इसका लाभ पहुंचाएं. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, संजीव झा, बबुआ झा, राकेश जयसवाल, सुमित झा, बबन शुक्ला, इरशाद हैदर, आदि उपस्थित थे.

## फादर्स डे समारोह में जेएसएसपी प्री प्राइमरी के 112 छात्रों ने अपने पिताओं के सात किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेएसएसपी के नन्हे-मुन्नों ने आज कुडी मोहंती सभागार, कदमा में फादर्स डे मनाया। वहीं समारोह में प्री प्राइमरी के 112 छात्रों ने अपने पिताओं के साथ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेईएम फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधक जीजू थॉमस ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे के जीवन को आकार देने में पिता और मां दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने ईश्वर का आशीर्वाद पाने के लिए एक प्रार्थना गीत गाकर अपने पिता का गर्मजोशी से स्वागत किया और उसके बाद एक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने खुशी व्यक्त करते हुए अभिभावकों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने पिताओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के सभी प्रयासों में लगातार उनका समर्थन करें। इस दौरान पिताओं ने अपने बेटों के साथ रैंप वॉक में साथ दिया और बेटियों ने अपने पिता के साथ नृत्य किया। वहीं अभिभवकों ने इस तरह के आयोजन और पिता-संतान के रिश्ते को मजबूत करने के लिए आभार व्यक्त किया। वाइस प्रिंसिपल गुरमीत कौर और फाउंडेशन स्तर की प्रभारी पिउ घोष, तियासा कर, शिखा प्रसाद, खुशबू चौधरी, बरखा, स्मृतिकाना रॉय, दीपशिखा परमार, दुलारी मुर्मू, सतप्रीत कौर, मुनमुन चौधरी, अनुपमा दीक्षित, मौसमी पात्रा और प्रिसिला मैथ्यूज ने स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का समन्वय किया।




## करीम सिटी कॉलेज में प्रो अहमद बद्र व लैब इंचार्ज जॉय बनर्जी के विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में महाविद्यालय के शिक्षक संघ तथा शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वधान में उर्दू विभाग के प्राध्यापक प्रो अहमद बद्र तथा भौतिकी विभाग के लैब इंचार्ज जॉय बनर्जी के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें दोनों सेवानिवृत्त होने व्यक्तियों को महाविद्यालय की तरफ से तोहफे दिए गए और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। प्रोफेसर अहमद बद्र एक महान साहित्यकार और शायर हैं। उनकी नियुक्ति 2003 में करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग में एक प्राध्यापक के रूप में हुई। जॉय मुखर्जी ने दस साल महाविद्यालय की सेवा की। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ एम एम नजरी तथा सचिव डॉ अनवर साहब ने सभा के समक्ष अपने अपने विचार रखे। उनके बाद जिन लोगों ने प्रो अहमद बद्र तथा जॉय मुखर्जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की उनमें शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव माजिद अशरफ, डा इंद्रसेन सिंह , डॉ तुफैल अहमद, डॉ शहबाज अंसारी, डॉ फखरुद्दीन अहमद, डॉ यहिया इब्राहीम के नाम प्रमुख हैं। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने संबोधन में कहा की प्रो अहमद बद्र से हमारे महाविद्यालय और विशेषकर उर्दू विभाग को सम्मान मिला है। महाविद्यालय के प्रति उनकी श्रद्धा, अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी लगन और मेहनत को हमेशा याद रखा जाएगा। सभा का संचालन मनोविज्ञान के प्राध्यापक डॉ जकी अख्तर ने किया और डॉ नेहा तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा की समाप्ति की।



## लाखों लीटर केरोसिन तेल जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों तक पहुंचे बिना ही स्टॉक से गायब

### दुकानदारों को मई माह तक उठाए गए किरासन तेल का विवरण देने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गरीब तबके के लोगों को जविप्र की दुकानों से रियायती दर पर केरोसिन तेल उपलब्ध कराने की सरकारी योजना अब काली कमाई का बड़ा जरिया बन गई है। ताजा मामला गम्हरिया प्रखंड से जुड़ा हुआ है, जहां विगत जनवरी माह से लेकर अब तक लाखों लीटर केरोसिन तेल जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों तक पहुंचे बिना ही स्टॉक से गायब हो गया है। आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बकायदा नियमानुसार केरोसिन तेल की आपूर्ति जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को की गई और उनके द्वारा ही इसे वितरित किया गया। लेकिन जब दुकानदारों से इसकी जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में इंकार करते हुए कहा कि बाजारी मूल्य केरोसिन तेल का काफी अधिक हो गया है। इस कारण अब गरीब तबके के लोग किरासन तेल का उठाव जविप्र की दुकान से नहीं करते है। ऐसे में जब बिक्री ही संभव नहीं है तो दुकानदारों के द्वारा भी किरासन तेल का उठाव नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब प्रखंड कार्यालय से जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों तक केरोसिन तेल पहुंचा ही नहीं तो आखिर यह गया कहां? बताया जाता है कि आपूर्ति विभाग में बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से सारा तेल काला बाजार के हवाले कर दिया गया और इसके एवज में मोटी कमाई की गई है। इसमें कई दुकानदारों के साथ मिलीभगत कर दुकानदारों को भी मार्जिन मनी उपलब्ध करा दी गई, ताकि सब कुछ पाक-साफ दिखाया जा सके। किन्तु, यहीं अधिकारियों से चूक हो गई। जिन जविप्र की दुकानों तक केरोसिन तेल की आपूर्ति करने का दावा किया जा रहा है, उन दुकानदारों से तेल प्राप्ति पर हस्ताक्षर नहीं लिए गए हैं। ऐसे में दुकानदार भी अपनी जवाबदेही से मुक्त हो गए हैं। इधर, मामले की सुगबुगाहट के बाद गम्हरिया की प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को जनवरी से मई माह तक उठाए गए किरासन तेल का विवरण देने का निर्देश दिया है।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने सांसद को सौंपा 18 सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पटमदा/बोड़ाम के बैनर तले शनिवार को आंदोलनकारी मनबोध महतो के नेतृत्व में दो दर्जन आंदोलनकारियों ने सांसद विद्युत वरण महतो को बोड़ाम में 18 सूत्री मांगों की मांगपत्र सौंपा है। मांगपत्र में जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए राज्य गठन की तिथि से सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से राजकीय मान सम्मान, जीते जी पहचान, पेंशन नियोजन, मेडिकल सुविधा परिवार सहित एवं दो बच्चों को शिक्षा दीक्षा केजी से लेकर उच्च शिक्षा तक तकनीकी शिक्षा सहित निःशुल्क रूप से देने, आंदोलनकारियों को समान रूप से 50-50 हजार रुपये पेंशन/सम्मान राशि देने, बिना भेदभाव किये पक्का मकान एवं स्मार्ट सिटी में स्पेशल बंगला बनाकर देने, कैबिनेट द्वारा बस सेवा निःशुल्क देने की सुविधा जल्द से जल्द बहाल करने, आंदोलनकारियों को परिवार सहित आश्रितों को निःशुल्क मेडिकल की सुविधाएं सरकारी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में देने, आदि मांगें शामिल हैं। मांगपत्र सौपनें वालों में मुख्य रूप से मनबोध महतो, शरत चंद्र महतो, श्यामा पद महतो, विश्वजीत प्रमाणिक, चित्त महतो, रामनाथ महतो, रानू मुर्मू, आदि थे।

## इंटक का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 16 को, असंगठित मजदूरों के हक पर होगी चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 16 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर आज जमशेदपुर महानगर इंटक द्वारा तारकंपनी यूनियन कार्यालय में एक संवादाता सम्मेलन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह राजू ने कहा, जमशेदपुर मजदूर नगरी के रूप में जाना जाता है। इस मजदूर नगरी में सबसे ज्यादा कोई शोषित और उपेक्षित है तो यहां के मजदूर हैं। हम लोग जानते है, लगभग ठेकेदार के द्वारा न्यूनतम मजदूरी नहीं दिया जाता है। पूरे महीने का पीएल जमा नहीं किया जाता है। उसके बाद भी कोई ठेकेदार का शिकायत नही करता है। उन्हें इस बात का भय होता है की कही उन्हे नौकरी से बैठा दिया जाएगा। तमाम मजदूरों को बताना चाहूंगा की आप जागिए हम वादा करते हैं। यदि कोई मजदूर अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो जमशेदपुर महानगर इंटक के हर सदस्य उनके साथ खड़े हैं। उन्हें विश्वास दिलवाना चाहूंगा की उनकी नौकरी में आंच नहीं आएगी। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से तारकंपनी यूनियन के महामंत्री पंकज सिंह, उपसभापति श्रीकांत सिंह, महानगर इंटक उपाध्यक्ष नलिनी सिन्हा, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, महासचिव चंदा सिंह, महासचिव रौशन सिंह, सचिव अभिषेक कुमार, शुशील कुमार, महासचिव डी. एन. पांडे, सचिव चांदनी तिवारी,उषा कुमारी, सुमित अग्रवाल, इस्माइल, अर्जुन ठाकुर, अभिषेक सिंह, रवि उपाध्याय, आनंद कुमार, देव कुमार राकेश सिंह, पूर्वायन दत्ता, किशन कुमार, उपेंद्र, धनेश्वर, पिंटू श्रीवास्तव आदि महानगर इंटक के लोग मौजूद थे।



## सड़क मरम्मती में गड़बड़ी की बू, 87 लाख रूपये खर्च 15 दिन में पड़ी दरार, उपायुक्त से कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तमारी से खोखरो तक 3.40 किमी सड़क मरम्मती के साथ ही जगह जगह दरार हो गया। जिससे ग्रामीणों ने डीसी से संवेदक पर कार्रवाई करने व दोबारा मरम्मती करने का गुहार लागाया है। करीब 87 लाख से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत करीब 15 दिन पहले मरम्मती कार्य पूर्ण किया गया है। उक्त सड़क बनने के साथ ही दरार पड़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकादार द्वारा मनमानी ढंग से सड़क मरम्मती का काम किया गया है। बताया जा रहा है कि सड़क के ऊपर जेएसबी भी नहीं दिया गया है, सिर्फ ऊपर में प्रीमिक्सिंग कर दिया गया है। इसका ग्रामीणों द्वारा उपमुखिया संतोष सिंह के नेतृत्व में विरोध भी किया गया था। मगर संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से सड़क मरम्मती कर दिया गया, नतीजतन सड़क मरम्मती कार्य दो सप्ताह में ही दम तोड़ रहा है। यह सड़क ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय व कुकड़ु प्रखंड जाने का एकमात्र सड़क है। उन्होंने कहा कि डीसी व सांसद को लिखित शिकायत किया गया है। उन्होंने कहा कि डीसी से सड़क का उच्च स्तरीय जांच कर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का गुहार लगाया गया है।

## इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन में मनाया गया सावन महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला अंचल एवं गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय परिवार की ओर से रंगारंग कार्यक्रम के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक आर एन मोहंती एवं सचिव डॉ स्वीटी सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सावन महोत्सव में छात्र छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेहंदी प्रतियोगिता में लवली महतो प्रथम, मामपी महतो द्वितीय एवं दीपिका दास तृतीय स्थान पर रही। सावन किंग प्रतियोगिता में संतोष प्रथम हुए और सावन क्वीन अनीता हेंब्रम प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर ओम प्रकाश, श्रावणी मुखर्जी, सुमन कुमारी, इंदु कुमारी, सिक्की कुमारी, पुष्पा कुमारी, माधुरी कुमारी, अंशु कुमारी, रंजना कुमार समेत काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया।

## संपादकीय

# अधिकार बनाम अधिकार

**सियासत** जिस चरागाह पर चलने लगी है, वहां हिमाचल के लिए बंजरपन तसदीक हो जाता है। प्रदेश का चरित्र इसी धूप छांव में सियासी सोच के कारण अपनी विवशताओं का खुलासा करता है, जबकि राज्य की चुनौतियों के सामने नए प्रयास, ऊर्जा और आपसी सहयोग की जरूरत है। हैरानी होती है कि जिन अधिकारों की पैमाइश हमारे नेता करते हैं, उनसे हमारे प्रदेश के आर्थिक अधिकार कहीं पंगु बनाए जा चुके हैं। ताजातरीन उदाहरण चंबा जिला से है जहां एक खेलकूद प्रतियोगिता के गले में बंधी घंटी बजाकर राजनीति अपने होने की सूचना दे रही है। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हिमगिरि में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता के सामने दो आईने टूटे और इस टूट-फूट में हिमाचल के सरोकार घायल हो गए। सत्ता बदल गई तो ऐसी प्रतियोगिताओं का स्पर्श भी बदल गया, लिहाजा जो महाशय उद्घाटन कर रहे थे, उन्हें कांग्रेसी वीआईपी माना गया और जिनको सियासी अधिकार नहीं मिला, वह भाजपाई विधायक इतने खिन्न हुए कि खेल प्रतियोगिता से कहीं बड़ी प्रतिस्पर्धा राजनीतिक हो गई। हम अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां खिलाडियों का जोश, जज्बा और जुनून खेल के मैदान पर सियासत को देख रहा था। राजनीतिक अधिकारों की पैरवी में हिमाचल के नेताओं को यह अफसोस भी नहीं होता कि जिस पिच पर वे खेलते हैं, उसके लायक होने के लिए उन्हें कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन इस माहौल की दोषी जनता भी है। जब समाज अपने बीच के वरिष्ठ, अनुभवी, प्रतिष्ठित और अति योग्य लोगों के बजाय केवल राजनेताओं का दर्शन करने लगे या सरकारी दरबार में हाजिरी लगाते नागरिक समाज का स्वाभिमान गिरवी हो जाए, तो हम प्रदेश की अस्मिता कैसे जगा पाएंगे। इसका यह अर्थ भी है कि आम हिमाचली अपनी गैरत को गिरवी रख कर राजनेताओं के चरण चुंबक बन रहे हैं। इसी प्रदेश में देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास लिखने वाले कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद हैं, लेकिन सरकारी समारोहों की रौनक में इनके लिए कोई स्थान नहीं मिलता। अब तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक समारोहों में सत्ता पक्ष का लाव लश्कर और नेताओं के चमचे गुलकंद चाट रहे होते हैं। एक ओर इससे फिजूलखर्ची बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकारी मशीनरी में राजनीतिक कॉडर बनता जा रहा है। उदाहरण के लिए कई सरकारी शिक्षण संस्थानों के मुखिया केवल ऐसे आयोजनों के मार्फत खुद को साधते हैं, नतीजतन हिमाचल के बीच एक ऐसा हिमाचल हमने विकसित कर लिया है जिसे केवल निजी और राजनीतिक स्वार्थों के लिए ही व्यवस्था का दोहन करना होता है। शिलान्यास, उद्घाटन या किसी समारोह के मुख्यातिथि के चयन का मकसद अगर सियासत की सीढियां बनी रहेंगी, तो अधिकारों की ऐसी बनियागिरी में बिकेंगे तो हिमाचल के ही अधिकार। आज राज्य के हर पक्ष और हर नागरिक की चिंता इस अधिकार को लेकर होनी चाहिए कि शानन विद्युत परियोजना हो या पंजाब पुनर्गठन में 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी को हासिल करने के लिए किस तरह दबाव बनाया जाए। वर्तमान राज्य सरकार अगर वाटर सेस जैसी परिकल्पना से वित्तीय संसाधन पैदा करना चाहती है, तो इस फैसले में विपक्ष का सहयोग अभिलषित है। ऐसे में शांता कुमार की 'हिमाचल अधिकार यात्रा' का जिक्र बड़े ही फख्र से होना चाहिए जिन्होंने दिल्ली मार्च के जरिए विद्युत परियोजनाओं से पहली बार मुफ्त की बिजली का अधिकार प्राप्त करने में आरंभिक सफलता हासिल की थी। तब बीबीएमबी से 15 फीसदी बिजली मिलने से भी एक रास्ता खुला था जो फिलहाल बंद है। ऐसे में शांता कुमार आज भी अगर सुक्खू सरकार के साथ हिमाचली अधिकारों के पक्ष में खड़ा होना चाहते हैं, तो उनकी पार्टी के सक्रिय नेताओं को भी इसका अनुसरण करना होगा। सरकारें आती-जाती रहेंगी और सियासी वर्चस्व भी बदलता रहेगा, लेकिन हिमाचली अस्मिता बरकरार रहेगी तो पीढियां आगे बढ़ेंगी। चंबा की खेलों का उद्घाटन करके शायद एक तरफ की राजनीति को सुकून मिल जाए, लेकिन वहीं अगर प्रदेश का कोई ओलंपिक खिलाड़ी बुलाया गया होता तो बच्चों में जीतने का एहसास भी खेल भावना से बढ़ जाता। चंबा में विधायक की हार-जीत का फैसला समर्थकों की नारेबाजी से शायद ही होगा, लेकिन शानन विद्युत परियोजना पर हिमाचली अधिकारों की जीत आत्मनिर्भर हिमाचल की रगों में संचार जरूर करेगी।

सत्ता बदल गई तो ऐसी प्रतियोगिताओं का स्पर्श भी बदल गया, लिहाजा जो महाशय उद्घाटन कर रहे थे, उन्हें कांग्रेसी वीआईपी माना गया और जिनको सियासी अधिकार नहीं मिला, वह भाजपाई विधायक इतने खिन्न हुए कि खेल प्रतियोगिता से कहीं बड़ी प्रतिस्पर्धा राजनीतिक हो गई। हम अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां खिलाडियों का जोश, जज्बा और जुनून खेल के मैदान पर सियासत को देख रहा था। राजनीतिक अधिकारों की पैरवी में हिमाचल के नेताओं को यह अफसोस भी नहीं होता कि जिस पिच पर वे खेलते हैं, उसके लायक होने के लिए उन्हें कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन इस माहौल की दोषी जनता भी है। जब समाज अपने बीच के वरिष्ठ, अनुभवी, प्रतिष्ठित और अति योग्य लोगों के बजाय केवल राजनेताओं का दर्शन करने लगे या सरकारी दरबार में हाजिरी लगाते नागरिक समाज का स्वाभिमान गिरवी हो जाए, तो हम प्रदेश की अस्मिता कैसे जगा पाएंगे। इसका यह अर्थ भी है कि आम हिमाचली अपनी गैरत को गिरवी रख कर राजनेताओं के चरण चुंबक बन रहे हैं। इसी प्रदेश में देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास लिखने वाले कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद हैं, लेकिन सरकारी समारोहों की रौनक में इनके लिए कोई स्थान नहीं मिलता। अब तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक समारोहों में सत्ता पक्ष का लाव लश्कर और नेताओं के चमचे गुलकंद चाट रहे होते हैं। एक ओर इससे फिजूलखर्ची बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकारी मशीनरी में राजनीतिक कॉडर बनता जा रहा है। उदाहरण के लिए कई सरकारी शिक्षण संस्थानों के मुखिया केवल ऐसे आयोजनों के मार्फत खुद को साधते है।

## कुछ अलग

# चंद्रमा पर तीसरी छलांग

**भारत** अंतरिक्ष में एक और छलांग लगाने वाला है। चांद पर जाने का तीसरा मिशन चंद्रयान-3 आगामी 14 जुलाई को छोड़ा जाएगा। यदि इसरो का यह प्रयास सफल रहा, तो करीब 3.84 लाख किलोमीटर का फासला तय कर चंद्रमा के ऑर्बिट तक पहुंचने वाला पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह होगा। उस सफलता के बाद भारत अमरीका, रूस और चीन के संभ्रांत क्लब में चौथा देश होगा। आकलन है कि हमारे मिशन का विक्रम लैंडर 23-24 अगस्त तक चांद की सतह पर सुरक्षित उतर पाएगा। वह उपलब्धि ऐतिहासिक होगी और भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। साइकिल और बैलगाड़ी से जो सफर शुरू किया गया था, वह आज वैश्विक श्रेणी का है और 400 से अधिक कंपनियां भारत में अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम कर रही हैं। अमरीका, चीन, जापान, ब्रिटेन के बाद भारत 5वां देश है, जहां अंतरिक्ष अनुसंधान और कारोबार का इतना विस्तार है। अब अमरीका ने हमारे साथ समझौता किया है कि उसका नासा हमारे इसरो के साथ साझा मिशन, कारोबार और अनुसंधान पर काम करेगा। भारत के संदर्भ में यह परिवर्तन और विस्तार वाकई क्रांतिकारी है। भारत ने अंतरिक्ष विकास यात्रा के दौरान लगातार उपेक्षाएं और आलोचनाएं झेली हैं। भारत सांपों का, गोबर और गंदे गांवों का देश है, यह छवि हम दशकों तक तोड़ नहीं पाए। आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के 140 से अधिक स्टार्टअप भारत में कार्यरत हैं, जबकि किसी दौर में मात्र एक स्टार्टअप देशभर में काम करता था। इसी प्रगति ने भारत को सुपर पॉवर देशों की जमात में खड़ा किया है। दुनिया में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ रुपए की है। इसमें भारत का योगदान करीब 58000 करोड़ रुपए का है। भारत ने एक दशक का लक्ष्य तय किया है कि वह 30000 उपग्रह लॉन्च करेगा। यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। हमारे अंतरिक्ष संबंधी स्टार्टअप की विशेषता यह है कि उनका फोकस नवाचार पर है। वे अमरीका और यूरोप की ही लकीर नहीं पीटना चाहते, बल्कि उनके काबिल अंतरिक्ष इंजीनियर लगातार नए अनुसंधान कर रहे हैं। नतीजतन विश्व की सबसे बड़ी कंपनियों में होड़ मची है कि इन स्टार्टअप में ज्यादा से ज्यादा निवेश कौन करता है। इसरो ने अंतरिक्ष में छलांग लगाने के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लिहाजा 2014 के बाद 44 मिशन और 42 लॉन्च वाहन मिशन भारत के नाम दर्ज हैं। हालांकि चंद्रयान-2 मिशन चांद की सतह पर उतरने से कुछ पहले असफल हो गया था

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सुपर सिटिजन की स्टेज में पहुंचने के बावजूद मजबूती से खड़े हैं

# अमेरिका और चीन के बीच तनाव से निवेशकों की भारत पर निगाहें

ललित मोहन बंसल

अमेरिका और चीन के बीच शीत युद्ध के कारण ट्रम्प प्रशासन ने चीन के आयातित माल पर कंट्रोल और टैरिफ में वृद्धि की थी, उसे बाइडन प्रशासन भी कम करने के मूड में नहीं है। इससे चीन के कल कारखाने बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है और अमेरिकी निवेशकों की निगाहें भारत सहित पड़ोसी देशों पर लगी हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ा है। इसमें भारत को पिछले वर्ष एक सौ अरब डालर की चपत लगी है तो अमेरिका ने चीन से आयात में कटौती कर उसे करीब ढाई सौ अरब डालर सालाना की चपत दे दी है। यूक्रेन युद्ध से चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोपीय इकॉनमी मंदी की चपेट में हैं। इस बीच भारत ही एकमात्र देश ऐसा है, जिसकी ग्रोथ बढ़ी है, मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक तटस्थ राष्ट्र के रूप में रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर अरबों डालर की बचत की है, तो अपने गेहूं, चावल और अन्यान्य खाद्यान के निर्यात पर समय रहते प्रतिबंध लगा कर मंदी पर अंकुश लगाया है।

**चीन** ने घरेलू जरूरतों की पूर्ति के बावजूद अंतरराष्ट्रीय पर एक सुदृढ़ सप्लाई लाइन से वैश्विक मुद्रा अमेरिकी डालर में कमाई की है। आज वह सूई से लेकर ड्रोन और मिसाइल तक निर्यात करने की क्षमता रखता है। चीन के सम्मुख आज दिक्कत यह है कि कोविड की मार से विश्व इकॉनमी में शिथिलता आ गई है। रही सही कसर अमेरिका ने पूरी कर दी है। अमेरिका और चीन के बीच शीत युद्ध के कारण ट्रम्प प्रशासन ने चीन के आयातित माल पर कंट्रोल और टैरिफ में वृद्धि की थी, उसे बाइडन प्रशासन भी कम करने के मूड में नहीं है। इससे चीन के कल कारखाने बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है और अमेरिकी निवेशकों की निगाहें भारत सहित पड़ोसी देशों पर लगी हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ा है। इसमें भारत को पिछले वर्ष एक सौ अरब डालर की चपत लगी है तो अमेरिका ने चीन से आयात में कटौती कर उसे करीब ढाई सौ अरब डालर सालाना की चपत दे दी है। यूक्रेन युद्ध से चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोपीय इकॉनमी मंदी की चपेट में हैं। इस बीच भारत ही एकमात्र देश ऐसा है, जिसकी ग्रोथ बढ़ी है, मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक तटस्थ राष्ट्र के रूप में रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर अरबों डालर की बचत की है, तो अपने गेहूं, चावल और अन्यान्य खाद्यान के निर्यात पर समय रहते प्रतिबंध लगा कर मंदी पर अंकुश लगाया है। इससे भारत डालर में बचत कर विश्व इकॉनमी में पांचवें पायदान पर आ गया है, तो मंदी से भी देश को राहत दिलाई है। यह सच है, रूसी सप्लाई लाइन में अड़चन से विश्व इकॉनमी को झटके लगे हैं। इससे चीन तिलमिलाया हुआ है। अमेरिका में अगले वर्ष नवम्बर में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सुपर सिटिजन की स्टेज में पहुंचने के बावजूद मजबूती से खड़े हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोबारा आमने-सामने होंगे। एक लिबरल और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन ने स्टिक और कैरेट की नीति को तिलांजलि दी है। भारत से सम्बंध सुधारते हुए रक्षा साजो सामान के उत्पादन, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च स्तर की भागीदारी तथा द्विपक्षीय ट्रेड में नए आयाम स्थापित करने के लिए ढेरों द्विपक्षीय समझौते किए हैं। इससे अमेरिका और भारत के बीच सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। इससे चीन को ठेस पहुंची है। चीन की विस्तारवादी नीतियों, प्रशांत क्षेत्र में निर्बाध और मुक्त व्यापार तथा दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना के लड़ाकू और टोही



विमानों की मौजूदगी से सागरतटीय देशों फिलिपींस, जापान, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम आदि देशों में असुरक्षा की भावना उपजी है। अमेरिका ने भू-राजनैतिक दृष्टि से भारत से मित्रता का हाथ बढ़ाया है। अमेरिका के नेतृत्व में भारत, जापान और आस्ट्रेलिया चार देशों की नौ सेना "कवाड" के जरिए सागर तटीय क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई है। इस कवाड को लेकर चीन हताश-निराश है। चीन ने इस कवाड को एक मिनी नाटो के नाम से निंदा की है। अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड और निवेश सम्बन्धी रिश्तों के बाद चीन में हाशिये पर बैठे अमेरिकी उद्यमी सस्ते श्रम और बिजली पानी की दरकार में भारत पर निगाहें लगाए हुए हैं। एपल के बाद माइक्रोन, गुगुल सहित विमानिक के क्षेत्र में अमेरिकी कम्पनियों ने हाथ बढ़ाए हैं तो एलन मस्क ने अगले वर्ष तक टेस्ला कार निर्माण की सम्भावना जगाने का आश्वासन दिया है। एक ग्लोबल लीडर के रूप में ख्यात नरेन्द्र मोदी से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि अमेरिकी कम्पनियां निवेश से पूर्व निश्चित तौर पर अगले वर्ष भारत में होने वाले चुनाव तक प्रतीक्षा करेंगी। इन्हें लगता है कि केंद्र में सत्तारूढ़ एक पार्टी की सरकार आती है, तो अमेरिकी निवेश को भारत के द्वार तक लाना सहज होगा। बाइडन का इस समय प्रशासन और पार्टी पर पूर्ण नियंत्रण है। इसके बावजूद उन्होंने अपने सहयोगी वाम मार्गी और मध्य मार्गियों के आग्रह पर चीन से तनाव में कमी के लिए पहले विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकेन और फिर वित्त मंत्री जेनेत एलन को बीजिंग भेजा है। इसे बाइडन के अनुभवी राजनेता के रूप चित्रित किया जा रहा है। इसे चुनाव पूर्व अमेरिका और चीन में तनाव में कमी लाने के लिए परस्पर बातचीत और राजनयिक वार्ता को जरूरी बताया जा रहा है। इन यात्राओं का चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग की 'ताइवानी सोच' पर कितना अंतर पड़ेगा, नहीं कुछ कहा जा सकता। इसके बावजूद एक वर्ग विशेष इन यात्राओं में सम्भावनाएं ही तलाश रहे हैं। असल में दोनों ही पक्षों की ओर से घाव इतने गहरे दिए गए हैं कि इन पर राजनयिक मरहम का जल्दी असर होता दिखाई नहीं पड़ता। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में शीर्षस्थ शी का लक्ष्य एकदम सीधा और सपाट है। वह 'वन चाइना पालिसी' के तहत ताइवान को मेनलैंड चाइना का एक हिस्सा मानते हैं। वह ताइवान के अंदरूनी मामलों में अमेरिका ही नहीं, दुनिया के किसी को हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देना चाहते। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की स्पीकर और तीसरे बड़े ओहदेदार के रूप में नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा और डेमोक्रेसी के नाम पर ताइवान को हथियारों का जखीरा देने के आश्वासन नाम से क्षुब्ध है। इधर अमेरिका भी ताइवान में जनता की चुनी हुई सरकार और डेमोक्रेसी के बचाव में साम दाम दंड भेद से पूरी तरह सजग हैं। ब्लिंकेन के दौरे का असर इतना ही पड़ा कि चीन के राजनयिक गलियारों में कुछ कुछ नमी देखी गई है। चतुर और अनुभवी ब्लिंकेन चीनी नेताओं पर अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे हैं और इसीलिए ब्लिंकन की शी से सौहार्द पूर्ण माहौल में पारस्परिक तनाव के मुद्दों पर उचस्तरीय बात हो सकी। फ्ड रिजर्व की पूर्व चेयरपर्सन जेनेट एलन प्रोफेशनल हैं। वह बातों को दाएं बाएं घुमाने की बजाए सीधे विषय पर बात करने में सिद्धस्त हैं। उन्होंने बीजिंग पहुंचते ही साफ-साफ शब्दों में कह दिया कि वह राष्ट्रहितों की कीमत पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कह दिया कि चीन से निष्कंटक निर्यात और आयातित माल पर अधिभार को हटाने अथवा उसमें कमी लाए जाने पर कोई समझौता नहीं होगा। इधर चीनी नेताओं की माने तो फिर जेनेट के चीन दौरे का कोई माने नहीं है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर पिछले कुछ अरसे से तनाव व्याप्त है। इसके बावजूद चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि हो रही है। चीन ने भारतीय मंडी में इलेक्ट्रॉनिक, आर्गेनिक केमिकल, फार्मा, बिजली साजो सामान तथा खिलौने और वेशभूषा आदि में सस्ते से सस्ता सामान झोंक कर भारतीय उद्योग को क्षति पहुंचाई है। इसमें भारत सरकार को अमेरिकी सरकार की तर्ज पर आयात में नियंत्रण और चीन के माल पर अधिभार लगाना होगा। भारतीय उपभोक्ताओं को अतिरिक्त अधिभार से थोड़ी तकलीफ होगी, पर यह निर्णय देश हित में होगा। इससे बंद पड़े उद्योग शुरू होंगे, रोजगार में इजाफा होगा।

# विपक्ष को थमा दिया भ्रष्टाचार का मुद्दा

भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का मौका विपक्षी दलों को दे दिया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए। पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं।

**भ्रष्टाचार** और करें तो छापा मारे, यह पंक्ति मौजूदा हालात में भाजपा पर काफी सटीक बैठती है। विपक्षी नेताओं पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई किसी से छिपी नहीं है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कई नेता भाजपा में शामिल हुए और उनसे जुड़े मामलों पर ताला लग गया। विपक्षी पार्टियों की ओर से भी लगातार यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि भाजपा वाशिंग पाउडर की तरह है, उसमें जो भी जाता है उसके सारे दाग धुल जाते हैं। जिन पर घोटाले के कई बड़े आरोप हैं और उसके बावजूद जांच एजेंसियों की ओर से उन्हें क्लीन चिट मिली हुई है। महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार समेत कई नेताओं के शामिल होने के बाद से बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का मौका विपक्षी दलों को दे दिया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए। पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं। इसी तरह हसन मुशरिफ और उनके तीन बेटों पर मनी लॉनड्रिंग के आरोप हैं। मंत्री बनी अदिति तटकरे के पिता के खिलाफ एसीबी ने सिंचाई घोटाले में चार्जशीट फाइल कर रखी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने अंडरवल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के मुंबई में एक प्लॉट पर बिल्डिंग बनवाई। ऐसे आरोप लगे कि इस बिल्डिंग में प्रफुल्ल पटेल का भी एक फ्लैट है। इस साल फरवरी में बिल्डिंग के चार फ्लोर को अटैच किया था। इसके अलावा एविएशन स्कैम में भी प्रफुल्ल पटेल जांच के दायरे में हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि जो भाजपा का दामन थाम लेता है, उसका दामन पाक साफ हो जाता है। विगत वर्षों में भाजपा में शामिल होने के बाद शुभेन्दु अधिकारी, हिमंत बिस्वा सरमा, मुकुल रॉय, नारायण राणे जैसे कई भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं के दाग धुल गए हैं। इस कवायद पर एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने तंज कसते हुए कहा कि दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने एनसीपी को भ्रष्टाचार के लिए टारगेट किया था, प्रधानमंत्री का शुक्रिया कि उनके सरकार में शामिल होने से वे सभी आरोपों से मुक्त हो गए हैं। 2014 के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार लगातार विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। छापेमारी और समन खासकर तब तेज हो जाते हैं जब चुनाव नजदीक हो। लेकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं है क्योंकि अगर यह लड़ाई होती तो यह भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं को नहीं बख्शती। इस भ्रष्टाचार-विरोधी एजेंडे की चयनात्मक प्रकृति इसे एक जादू-टोना बना देती है। यह जादू-टोना मोदी सरकार द्वारा विवादास्पद राफेल सौदे की जांच कराने से इनकार करने, या जिस तरीके से उसने पांच साल के लिए लोकपाल नियुक्त करने में अपने पैर खींच लिए थे, उसके बिल्कुल विपरीत है। बीजेपी आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी के बाद भ्रष्टाचार फिर से राजनीति के केंद्र में आ गया है। आजादी के बाद से ही भारत में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है और सभी पार्टियां इसे खत्म करने का दावा करती रही हैं। बीजेपी भी इससे अछूती नहीं है। पिछले दिनों सीबीआई और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 14 दलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तो खुद प्रधानमंत्री मोदी इसके बचाव में उतर आए। हालांकि कोर्ट से विपक्षी दलों को निराशा हाथ लगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ एक मंच पर आ रहे हैं। कुछ दलों ने भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन छेड़ा हुआ है, लेकिन एक्शन नहीं रुकेगा। प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद विपक्ष ने भी इस बार जोरदार पलटवार कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मंच पर वाशिंग मशीन लगाकर बीजेपी पर तंज कसा। ममता ने कहा कि बीजेपी वाशिंग मशीन है और दागियों को धुलकर सफेद कर देती है। ममता ने इसका लाइव डेमो भी दिखाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि विपक्ष के 95 फीसदी नेताओं पर ईडी और सीबीआई का केस दर्ज हुआ है, लेकिन जो नेता बीजेपी में शामिल हो जाते हैं उसका दाग धुल कर साफ कर दिया जाता है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे कहते हैं कि बीजेपी में आकर भ्रष्टाचार करो। गौरतलब है कि ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। पीएम मोदी को लिखे पत्र में विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार विपक्ष के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है, साथ ही बीजेपी नेताओं के खिलाफ जांच धीमी गति से चलती है। चिट्ठी में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के कथित दुरुपयोग की निंदा की गई। विपक्ष ने केंद्रीय एजेंसियों की खराब होती छवि पर गहरी चिंता व्यक्त की। चाल, चरित्र और चेहरे के बदलाव का दावा करने वाली भाजपा ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार के आरोपी एनसीपी के विधायकों को सरकार में शामिल करा कर कथनी और करनी के अंतर को मिटा दिया है। अब सवाल यही उठता है कि भाजपा किस मुंह से विपक्ष पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप लगाते हुए देश के लोगों को आगाह कर पाएगी। भाजपा कैसे कह पाएगी कि विपक्ष के गठबंधन की कवायद सत्ता पाने की आड़ में भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए है। यदि राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो भाजपा को महाराष्ट्र में आरोपी एनसीपी विधायकों को सरकार में शामिल कराने से कोई बहुत बड़ा राजनीतिक फायदा नहीं मिलने वाला, किन्तु इससे भाजपा का भ्रष्टाचार का अभियान जरूर भौंथरा हो गया, जिसे प्रमुख आधार बना कर भाजपा ने न सिर्फ केंद्र में, बल्कि कई प्रदेशों में सत्ता हासिल की है। भाजपा ने राह चलते ही विपक्षी दलों को उल्टे हमले का मुद्दा थमा दिया।

## देश दुनीया से

# महिला अधिकारों को जनसंख्या नियंत्रण जरूरी

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1989 से हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1990 में पहली बार वैश्विक स्तर पर 90 से अधिक देशों ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करने के लिए इसे मनाया था। हर वर्ष की तरह इस बार भी एक महत्वपूर्ण थीम के साथ 'हाउ टू सेफगार्ड हेल्थ एंड राइट्स ऑफ वूमन एण्ड गर्ल्स' विषय को ध्यान में रखते हुए विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है क्योंकि बढ़ती जनसंख्या का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव प्रकृति एवं महिलाओं पर ही पड़ता है। जनसंख्या में पहले पायदान पर विराजमान भारत जैसे देश में बढ़ती जनसंख्या के कारण आर्थिक व सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और अपराध विशेषकर महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कारण माना जा सकता है। अभी हाल में ही संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फंड द्वारा स्टेट ऑफ वल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जनसंख्या लगभग 1.428 मिलियन हो गई है जिसका मुख्य कारण प्रजनन दर में कमी है जो मात्र 2.0 और मृत्यु दर में कमी, जो 1000 प्रति एक पर 7.4 रह गई है, जो वर्ष 1950 से 22.2 थी, हालांकि इसमें मुख्य बात यह है कि भारत जैसे विविधता पूर्ण देश में विभिन्न धर्म एवं विभिन्न जातियां हैं और जिस धर्म व जाति में शिक्षा की दर कम है, विशेषकर महिला वर्ग में, उसमें जनसंख्या वृद्धि अन्य के मुकाबले ज्यादा है। ऐसे में इस विशेष वर्ग में लिंग असमानता और गरीबी के कारण आबादी तो बढ़ ही रही है और उसके साथ अपराध, नशा व भिन्न जीवन स्तर में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। गौर करने वाली बात यह है कि भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है जिसने 1952 में ही परिवार नियोजन को अपना लिया था। लेकिन परिवार नियोजन का मॉडल कानूनी तौर पर लागू नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफ वर्ष 1996 में हमारे देश में पॉपुलेशन का काहिरा मॉडल अपनाया गया है जिसके तहत छोटे परिवार का मॉडल किसी भी परिवार पर थोपा नहीं जा सकता बल्कि उनकी इच्छा से छोटा परिवार अपनाने पर बल दिया जाता है। लेकिन हमारे देश का अनुभव यह कहता है कि राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक नेताओं की इच्छा शक्ति की कमी के कारण बेलगाम होती जनसंख्या शिक्षित वर्ग के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा शिक्षित व अशिक्षित महिला वर्ग को भुगताना पड़ता है क्योंकि हमारे समाज में परिवार का मुखिया पुरुष ही होता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के मुताबिक 50 प्रतिशत गर्भ अनचाहे होते हैं जो परिवार के दबाव में जनसंख्या में तबदील हो जाते हैं। इस संदर्भ में जनसंख्या नियंत्रण का कानून बहुत जरूरी हो जाता है। हमारे देश में कानून बनने से ही काफी हद तक समस्याएं नियंत्रित की जा सकती हैं क्योंकि यहां समाज के विभिन्न वर्गों की इच्छाशक्ति स्वयं तक ही टिक जाती है। चाहे पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़े, चाहे संसाधन अगली पीढ़ी के लिए न बचे, चाहे गरीबी, कुपोषण व महामारियों से आसपास का कोई अपना ही मर जाए, लेकिन अपने धर्म व जाति की रफ्तार तेजी से बढनी चाहिए, उसके लिए कानूनी तौर पर विवाह की आज्ञा दी ही गई है। हालांकि अन्य पहलू यह भी है कि संयुक्त राष्ट्र की ही रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में 15-64 वर्ष के बीच 68 प्रतिशत आबादी है जो युवा एवं कार्यशील है। इसलिए भारत दुनिया का सबसे युवा देश है एवं जनसंख्या में नम्बर वन होने के कारण यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल में स्थायी सदस्यता का दावा भी करता है। लेकिन जनसांख्यिकी लाभ को कैसे देश के विकास में लाया जाए, इसके लिए सरकार को दूरदर्शी मॉडल पर काम करना चाहिए।

चाहे पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़े, चाहे संसाधन अगली पीढ़ी के लिए न बचे, चाहे गरीबी, कुपोषण व महामारियों से आसपास का कोई अपना ही मर जाए, लेकिन अपने धर्म व जाति की रफ्तार तेजी से बढनी चाहिए, उसके लिए कानूनी तौर पर विवाह की आज्ञा दी ही गई है। हालांकि अन्य पहलू यह भी है कि संयुक्त राष्ट्र की ही रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में 15-64 वर्ष के बीच 68 प्रतिशत आबादी है जो युवा एवं कार्यशील है। इसलिए भारत दुनिया का सबसे युवा देश है एवं जनसंख्या में नम्बर वन होने के कारण यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल में स्थायी सदस्यता का दावा भी करता है।

## नागरिक बोध

# थोड़ा सा अंग्रेज होते तो...

**हमारे** एक पुराने मित्र बहुत दिनों बाद मिले। उन्होंने हैट लगाया हुआ था। हमने व्यंग्य में कहा आज तो अंग्रेज़ लग रहे हो। बोले, यार, आजकल गर्मी में सूरज सुबह ही आ धमकता है और मुझ जैसे गंजे को धूप ज़्यादा लगती है, इसलिए हैट बहुत काम आता है। वैसे दिल की बात कहूं तो थोड़ा सा अंग्रेज़ होना अच्छा लगता है मुझे, और ज़्यादा बढिया तो तब हो, जब थोड़ा ज़्यादा अंग्रेज़ जैसे हो जाएं। हमारा किया व्यंग्य धूप में पिघला दिया था मित्र ने। हमने पूछा थोड़ा ज़्यादा अंग्रेज़ कैसे, वह बोले, वैसे तो हमारे यहां आम आदमी का, कम अंग्रेज़ होना भी बहुत मुश्किल है। देखिए न, हम गलत नक्षत्रों में पैदा हुए, संकीर्ण माहौल में पता नहीं कितने ही आकार और प्रकार के संस्कारों में पले-बढ़े और जी रहे हैं। वास्तव में देखा जाए तो हम कल्पते रहते हैं कि अंग्रेजों की तरह मनपसंद करें, पहनें, कम पहनें या न पहनें, अनुशासन बनाए रखें, सब कुछ खाएं-पिएं, तरह तरह की वाइन, विह्स्की, बीयर का मज़ा लें, लेकिन ले नहीं सकते। बढ़ती उम्र में तो कपड़ों के रंग तक संभल संभल कर पहनने पड़ते हैं। मुझे लगा इनकी बात ठीक के काफी नज़दीक है। इतने साल बाद भी हम अंग्रेजों को कोसते रहते हैं कि अंग्रेज़ चले गए, अंग्रेज़ी छोड़ गए, लेकिन असलीयत में क्या हमारा काम अंग्रेज़ी के बिना चल सकता है। क्या हम स्कूलों में हिंदी को अंग्रेज़ी में घोलकर नहीं पढ़ा रहे। मित्र बोले, क्या सोच रहे हो, यही न कि अंग्रेजों ने हमारे ऊपर राज किया, यहां की दौलत, बहुमूल्य वस्तुएं ले गए। मैंने कहा, उन्होंने हमें जी भर कर लूटा तो मित्र बोले वो गोरे अंग्रेज़ चले गए, अब कौनसी कमी है, भूरे, काले, सफेदपोश स्थानीय 'अंग्रेज़' लूट ही तो रहे हैं। यह नए किस्म के जातीय, क्षेत्रीय, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक रंग के अंग्रेज़ ही तो हैं। हां इनका स्तर अंग्रेजों को छू भी नहीं सकता। जो इमारतें, पुल या रेल अंग्रेज़ बनाकर गए हैं इतने दशक बाद भी बढिया हालत में हैं। हमारे यहां तो बेचारे पुल, निर्माण के दौरान ही लूट लिए जाते हैं। उनकी बनाई पुरानी इमारतों में पानी संग्रहित करने का प्रावधान है, लेकिन हम पानी बचाने के प्रस्ताव सूखे में बहा देते हैं। हम थोड़ा सा अंग्रेज होते तो ऐसा न होता। सभी किस्म का खाना खाने में हिचकिचाहट न होती, अपनी पत्नी, बच्चों, पड़ोसी, यहां तक कि काम करने वालों को पूरा सम्मान देने की प्रवृत्ति होती। कपड़े पहनने के मामले में बचपन से खुलापन मिलता। कुछ भी खाना पीना बुरा न समझा जाता। यह करना, वह कहना, गलत न माना जाता। हमारे यहां तो ज़िंदगी असमंजस में बीत जाती है। अंग्रेजों जैसी सोच होती तो हर काम को उच्च स्तर का करते। अंग्रेज़ी बढिया आती और हिंदी सीखते तो हिंदी वालों से बेहतर सीखते और बोलते। अपने और देश के पुरातत्व को दिल और दिमाग दोनों से प्यार करते। मूर्तियों की नहीं, इनसान की कद्र करते। एक बार मिली ज़िंदगी का आनंद लेना सीख जाते, लेकिन यह सब तभी संभव रहता अगर ज्यादा सा अंग्रेज़ हो जाते। वह बात दीगर है कि उनकी कुछ अच्छी बातें अब भी सीख लें तो बात बन सकती है।

# अपहरण कर दुष्कर्म मामले में चार अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** वादी का लिखित आवेदन के आधार पर दो बालिग लड़की के अपहरण की शिकायत पर बरवाडीह थाना कांड संख्या 54/2023 दिनांक 29-6-2023 धारा 363 भा० द० वी० दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जहां कांड की गम्भीरता को देखते हुए जिले के कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसकी जिम्मेदारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहरा को दी गई ।मिली गुप्त सूचना पर छापेमारी कर उक्त दोनो लड़कियों को गढवा जिला से बरामद किया गया। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि अपहृत युवती घर से अपने दोस्त का कपड़ा पहुंचाने गढवा स्टेशन गई थी लेकिन वह दोस्त गढवा स्टेशन पर नहीं मिला इसके बाद दोनों युवती स्टेशन के बाहर निकले इनके अकेले का फायदा उठाकर कर ऑटो चालकों के द्वारा बलपूर्वक दोनों युवतियों को अपहरण कर किसी सुनसान जगह पर ले जाकर बारी बारी से शारीरिक संबंध बनाए। उनके निशानदेही पर विशेष टीम के द्वारा अबतक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमें ऋतिक नवरंग उम्र 22 वर्ष पिता संजय कुमार नवरंग वार्ड नं 12 मेन रोड गढवा जिसके आपराधिक इतिहास भी रहा है। अजय कुमार केशरी उम्र 55 वर्ष पिता रामप्रवेश प्रसाद केशरी डफाली मुहल्ला गढवा, आशीष कुमार उम्र 23 वर्ष पिता बनारसी प्रसाद पुरानी बाजार बाइपास रोड गढवा, कुणाल कुमार गुप्ता उम्र 30 वर्ष पिता ओमप्रकाश प्रसाद गुप्ता साकिन टंडवा गढवा हैं, इसके अलावा अन्य शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जहां गिरफ्तार अभियुक्तों से चार एंड्रॉयड स्मार्टफोन व एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। वहीं छापेमारी दल में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, राहुल कुमार मेहता, संध्या सिन्हा के साथ सशस्त्र बल शामिल रहे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडु विधानसभा के विधायक पहुंचे गिद्धौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मांडु विधानसभा के विधायक व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल चतरा से रांची लौटने के क्रम गिद्धौर में रुके?। तत्पश्चात प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ में गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने भगवा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि इस प्रखंड से मेरा पुराना लगाव रहा है। पूर्व में भी कई बार आने जाने का अवसर मिला है। यहां आने के बाद कुछ पुरानी यादें ताजा हो गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में आपलोग मजबुती से लग जायें। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार जनहित में किये जा रहे कल्याणकारी कार्यो के बावजूद कुछ राजनीतिक दल एक नाकाम गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहें हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर से भारी बहुमत के साथ मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे। एवं राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी।मौके पर महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा लखन दांगी, रामानंद दांगी, सुरेश प्रसाद राणा, विनोद कुमार, महेंद्र राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सर्पदंश से युवक घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अमरवाडीह ग्राम में सर्पदंश से एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दशरथ गंझु 25 वर्ष पिता स्व०सोहर गंझु अमरवाडीह थाना बारियातू निवासी अपने खेत में हल चला रहा था ।इसी दौरान बहेराजाड़ा नामक सांप ने उसके पैर में काट लिया। जिससे युवक मूर्छित होकर गिर पड़ा ।घटना के बाद परिजनों के मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर पुरषोतम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## खेलते खेलते बच्चा डोभा में गिरा, इलाज के बाद बच्चा सुरक्षित



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत में स्थित पवन विश्वकर्मा के घर के पीछे डोभा में खेलते खेलते एक बच्चा गिर गया। जहां से घर के लोगों के तत्परता से निकाला गया और बच्चा को आनन-फानन में इलाज के लिए गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इस खबर की जानकारी अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक को दिया गया। और तुरंत इन्होंने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां बच्चा सुरक्षित है। बताते चलें कि बच्चा अपने मौसी के यहां रहता है। बच्चा का नाम आदर्श विश्वकर्मा उम्र लगभग 13 वर्ष पिता स्वर्ग अशोक विश्वकर्मा।

# सीआरपीएफ ने वृहद वृक्षारोपण कर एक हजार वृक्ष लगाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौंक के समीप स्थित सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन नें शुक्रवार को वृहद वृक्षारोपण किया। यह वृक्षारोपण कंपनी के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश में किया गया। जिसका नेतृत्व कंपनी कमांडर निरीक्षक विश्वकर्मा नें किया।उक्त विषय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ कैंप परिसर एवं इसके इर्द-गिर्द विभिन्न प्रजाति के एक हजार वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कमांडर निरीक्षक विश्वकर्मा नें कहा कि आज के जनसंख्या के बढ़ते दौर एवं औद्योगिकरण के दौर में तेजी से वनों एवं वृक्षों का विनष्टिकरण किया गया है। जिससे पर्यावरण में असंतुलन की संभावना उत्पन्न हो चुकी है। अगर देश का एक एक नागरिक इस पर पहल न करें तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे आने वाले पीढ़ियों को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हीरालाल शाह, ललन कुमार, रंजन कुमार समेत अन्य जवानों नें अहम भूमिका निभाई।

### एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू का उठाव जारी

# विभिन्न घाटों से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टरों से होती है बालू की ढुलाई, प्रशासन मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मॉनसून के पूर्व हीं सरकार के द्वारा बालू घाटों व नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं किया जाना है। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने बालू उत्खनन गाईडलाइन में खनन के लिए कुछ प्रावधान तय कर रखा है।इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्रों से बालू नहीं निकाला जा सकता। लेकिन इसके बावजूद जिले के ओरंगा नदी के विभिन्न घाटों से अवैध बालू उठाव बदस्तूर जारी है। पूरे जिले में इन दिनों बालू माफिया सक्रिय हैं। नदी में दर्जनों बालू घाट हैं। जहां से पहले तो रात के अँधेरे में हीं बालू निकाला जाता था लेकिन अब तो खुलेआम दिन के उजाले में भी बेखौफ तरीके से बालू का अवैध कारो बार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि विभाग के द्वारा समय समय पर अभियान चलाया जाता है।पकड़े जाने पर गाड़ियों को जप्त किया जाएगा। सड़कों पर गिरता बालू ढोने वाले वाहन ओवरलोड बालू लेकर चलते हैं। वहीं, बालू को ढक कर भी नहीं ले जाते हैं, जिस कारण सड़क में बालू गिरते जाता है।इससे बाइक चालकों के आंखों में बालू पड़ जाने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।साथ ही सड़कों में बालू गिरे होने के कारण बाइक वालों को फिसलने का भी डर बना रहता है।

## कोयला लदा हाईवा पलटा कोई हताहत नहीं



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बरियातू गांगपुर के बीच दतुआ आहर के समीप बीते गुरुवार की रात कोयला से लदी हाइवा 16 चक्का ट्रक टार्ज़न पलट गई। पता चला कि ड्राइवर का आंख झपक गया था।जिस गाड़ी का नंबर जे एच 02 बी एल 4603 अनियंत्रित होकर पलट गई।घटना में किसी तरह का कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना की खबर गिद्धौर थाना को दिया गया। बताते चलें कि हाइवा टंडवा आम्रपाली से कोयला लेकर कटकम सांडी डंप करने जा रहा था।इसी बीच दातुआ आहर के नजदीक पहुंचते ही पलट गया। शुक्रवार को जेसीबी एवं किरान के माध्यम से ट्रक को उठाया गया है।

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुआ। बैठक में जिला योजना से अनाबद्ध निधि द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध ली जाने वाली योजनाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अनाबद्ध निधि मद अंतर्गत विभिन्न प्रखण्ड क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के निर्माण के साथ साथ चापानल, पीसीसी सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण कार्य आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के अनुमोदन पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कान्हाचट्टी प्रखण्ड के तमाशीन में में पेयजल हेतु डीप बोरिंग, यात्री शेड व सीसीटीवी अधिष्ठापन का कार्य, प्रतापपुर प्रखण्ड के बरुरा शरीफ में सामुदायिक शौचालय, स्नानघर व सोलर लाइट का अधिष्ठापन, विभिन्न दाल भात केन्द्रों के लिए टेबल, कुर्सी व थाली की व्यवस्था, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सोलर लाइट व सीसीटीवी मोनिटरिंग सिस्टम की व्यवस्था तथा चिन्हित अति दुर्गम क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण व घोर सूखा पीड़ित इलाकों को चिन्हित करते हुए वहाँ चापानल अधिष्ठापन के कार्य समेत लगभग 100 से ज्यादा योजनाओं का अनुमोदन किया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज़ अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी व संबंधित उपस्थित थे।

# नवनियुक्त चार पंचायत सचिवों ने दिया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड में जिला प्रशासन लातेहार के आदेश पर शनिवार को चार पंचायत सचिवों ने योगदान दे दिया है जिसमें संजीव कुमार, तनुजा किरण टोप्पो, संतोष कुमार भगत और अरविंद उरांव शामिल हैं। वहीं अब इन चारो पंचायत सचिवों के योगदान देने के बाद पंचायत सचिवों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पंचायत सचिवों की संख्या बढ़ने से पंचायत के कार्यों का निष्पादन अब त्वरित गति से हो सकेगा और कई प्रभार में चल रहे पंचायत को अब पूर्णकालिक पंचायत सचिव मिल जाएंगे, जिससे पंचायत के लोगों को किसी भी कार्य के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी साथ ही योजनाओं की बेहतर मॉनिटरिंग हो पाएगी। बता दें कि कुछ दिनों तक नवनियुक्त पंचायत सचिवों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उन्हें मनरेगा, 15 वें वित्त और प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी 15वें वित्त के प्रखंड समन्वयक मंजीत सिंह को दी गई है। संक्षिप्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद नवनियुक्त चारों पंचायत सचिवों को पंचायत का प्रभार विधिवत दे दिया जाएगा।

## जमीन विवाद में मारपीट, 4 घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिले की हेरहंज प्रखंड में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई इस मारपीट में एक पक्ष के चार लोग को गंभीर चोट लगी है. इन घायलों में दुखन प्रसाद 45 वर्ष पिता हिरा साव, मीणा देवी 40 वर्ष पति दुखन प्रसाद, दीपक कुमार 17 वर्ष पिता दुखन प्रसाद, आशा देवी 50 वर्ष पति स्व ललन प्रसाद है वही पीड़ित परिवारों द्वारा बताया कि पूर्व में भी जमीन विवाद को लेकर कई बार झगड़े हो चुके हैं और कल थाने में भी आवेदन दिया गया तो इसके बावजूद दूसरे पक्ष के नागेंद्र, उपेंद्र, कारू, उमेश गैरी, गिरजा साव के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर मारपीट शुरू कर दी जिसमें एक ही परिवार के पति पत्नी और पुत्र गोतनी को गंभीर चोट लगी है. इसको लेकर हेरहंज पुलिस ने सभी घायलों को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## नामांकन को लेकर छात्रों ने डीईओ कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन को लेकर शुक्रवार को कक्षा नौ व 11वीं के छात्र और छात्राओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि जिला मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय एवं राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में तब्दील किया गया है। यहां सीबीएसई बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू किया जायेगा और कक्षा नौ में मात्र 80 छात्र व छात्राओं का नामांकन लिया जायेगा। छात्राओं का कहना है कि जिला मुख्यालय में यही दो उच्च विद्यालय है, अगर यहां मात्र 80-80 छात्रों का नामांकन किया जायेगा तो शेष छात्र कहां जायेंगे। जबकि मध्य विद्यालय से आठवीं की कक्षा उतीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या तकरीबन एक हजार है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने छात्रों से मिले और कहा कि इसकी व्यवस्था किया जा रहा है। एक सप्ताह के अंदर शहर के किसी विधालय को उच्च विद्यालय का दर्जा देकर के नामांकन कराया जाएगा। इधर, छात्र नेता नागमणि ने कहा कि अगर छात्रों की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

# बीस सूत्री अध्यक्ष व सदस्यों ने प्रखंड के आंगनबाड़ी स्कूलों का जांच किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का जांच शनिवार को किया गया। जांच में लोगों ने पांडेबागी भाग दो कोड 154 सिमर टोला, अटेंडेंस रजिस्टर में बच्चे का टोटल नामांकन 30 पाया गया। जिसमें सारे बच्चे का अटेंडेंस बनाया हुआ था।लेकिन उपस्थिति एक बच्चा था। सेविका मीना कुमारी सहायिका कांति देवी दोनों उपस्थित थे। इसके बाद सलगा कोड 85 का जांच किया गया। जिसमें टोटल बच्चे की नामांकन रजिस्टर में 30 पाया गया। उपस्थिति 0 पाया गया। सेविका कांति सिन्हा सहायिका सरोज देवी उपस्थित थी। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र कटघरा कोड 178, का जांच किया गया। जिसमें टोटल बच्चे का नामांकन रजिस्टर में तीस थे।उपस्थित 6 बच्चे थे। सेविका रीता देवी सहायिका प्रतिमा कुमारी उपस्थित थी खाना में खिचड़ी दिया गया था। जो असंतोष जनक था। डढुआ आंगनबाड़ी केंद्र का जांच किया गया जिसका कोड 150 है टोटल रजिस्टर में बच्चे का नामांकन 40 बताया गया जिसमें उपस्थित मात्र 8 बच्चे थे सेविका प्रभा कुमारी अनुपस्थिति थे साहिका उपस्थित थे नामांकन रजिस्टर अटेंडेंस नहीं पाया गया खाना भी असंतोषजनक था इसके बाद मॉडलआंगनबाड़ी केंद्र रुपिन का जांच किया गया जिसका कोड संख्या 84 है टोटल बच्चे का नामांकन 41 बताया गया जिसमें उपस्थित बच्चे की संख्या 0 थे सेविका माया यादव अटेंडेंस रजिस्टर नहीं लेकर आई थी और सहायिका उपस्थित थे खाना में खिचड़ी आसंतोषजनक पाया गया। इसके बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपीन का जांच किया गया। जहां बच्चों शिकायत किया कि फल तथा खाना ठीक से नहीं मिलता है। खेलने के लिए कुछ भी नहीं दिया जाता है। उपस्थित प्रधानाध्यापक शिव कुमार दांगी अन्य शिक्षक थे। जांच में उपस्थित गिद्धौर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान साथ मे प्रखंड अध्यक्ष आरजेडी सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस 20 सूत्री सदस्य महावीर दांगी प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम मनोज वर्मा सह 20सूत्र सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड विधान सभा प्राक्कलन समिति के सभापति के नेतृत्व में चतरा जिला अंतर्गत सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** परिसदन के सभागार झारखंड विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सभापति निरल पुरती एवं सदस्य राज सिन्हा एवं दशरथ गगरई की अध्यक्षता में चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ विगत तीन वर्षों से संचालित योजनाओं के प्राक्कलन एवं व्यय की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान सभापति के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, एनआरईपी, जिला परिषद, भूमि संरक्षण सहित अन्य सभी विभागों में विगत तीन वर्षों से संचालित योजनाओं से संबंधित प्राक्कलन एवं व्यय आदि का समीक्षा विस्तार पूर्वक किया गया। इस अवसर पर समिति के द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान क्रियान्वित विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सभापति ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। सभापति निरल पूर्ति ने चतरा जिले में क्रियान्वित योजनाओं का किए जा रहे कार्य सड़क, भवन इत्यादि का औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन में दिए गये दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। झारखंड विधान सभा के प्राक्कलन समिति के सभापति निरल पुरती, सदस्य राज सिन्हा एवं दशरथ गगरई के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। वहीं इस मौके श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता के चतरा परिसदन आगमन पर उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर परिषद कार्यपालक अभियंता अभय कुमार झा, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, व अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंचलाधिकारी को पदस्थापित करने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी सह बड़कागांव मंडल प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता एवम् युवा मोर्चा बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव के साथ जा कर उपायुक्त को बड़कागांव में रिक्त पद अंचलाधिकारी का पदस्थापन के लिए आवेदन सौंपा। ज्ञात हो कि अचानक 22 मार्च 2023 को अंचलाधिकारी अमित कुमार किस्कू का तबादला रांची मुख्यालय हो गया था। जिसके बाद अतिरिक्त प्रभार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय को दिया गया है। लगभग विगत 4 महीनों से प्रखंड मुख्यालय में अंचलाधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण प्रखंड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसीद काटना, दाखिल खारिज आदि कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रहा है। जिससे बडकागांव के जनता काफी परेशान हैं। प्रतिदिन कार्यालय का चक्कर लगाते हैं लेकिन किसी प्रकार का अंचल का कोई भी कम नहीं हो रहा हैं।

### वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रांगण में फलदार एवं औषधीय पौधों का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव व पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद ने महाविद्यालय में पौधरोपण किया। स्वयंसेवकों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण योगदान है। प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि हमें पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए ङ्क वन होगा तभी जीवन होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने कहा कि वन हम सभी के जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण सहयोग निभाते हैं। पेड़ पौधे हमें बरसात एवं ऑक्सीजन देती है।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने श्राद्ध कार्यक्रम में गिरजा साव को दी श्रद्धांजलि

**विष्णुगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव के आकस्मिक निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सदस्यों ने उनके पैतृक आवास पर आयोजित श्राद्ध कर्म के कार्यक्रम में उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। कार्यक्रम के पश्चात झामुमो प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने कहा कि उनके निधन से पार्टी को काफी क्षति हुई है। वह एक मिलनसार एवं व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, उनके आकस्मिक निधन से हम सभी को काफी दुख हुआ है। पूरा झामुमो परिवार उनके पार्थिव शरीर को पार्टी का झंडा लपेटकर झामुमो सिपाही के रूप में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ ही उन्हें सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। आगे कहा कि पूरा झामुमो परिवार उनके परिवार के साथ हर दुख सुख में साथ खड़ा रहेगा।इस मौके पर विशेष रूप से झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी,झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति,जिला मीडिया प्रभारी संजय पटेल,बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,बीस सूत्री सदस्य राणा इकबाल खान, राजू श्रीवास्तव,अनुराग बर्मन, सुनील अकेला,दारू बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, पदमा बीस सूत्री अध्यक्ष जिला महासचिव कांग्रेस संजय यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष इचाक मनोहर राम,बीस सूत्री उपाध्यक्ष दारू कैलाशपति देव,कुसुंभा पंचायत अध्यक्ष,नारायण महतो, उपाध्यक्ष पवन कुमार पासवान, दिलीप सिंह,अजय राम,शंकर महतो,पवन महतो,जितेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जॉब कार्डधारकों के लिए शिविर का किया गया आयोजन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत भवन में शनिवार को भारत सरकार मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड धारी को डीपीटी से पेमेंट करवाने के लिए पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। पोस्ट मास्टर गोवर्धन प्रसाद के द्वारा कुल 70 जॉब कार्ड धारियों के बीच खाता खोला गया। रोजगार सेवक तुलसी विश्वकर्मा ने बताया कि जॉब कार्ड धारी को डीपीटी से पेमेंट करवाने के लिए विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के मनरेगा मजदूरो को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (ह्वक्क्चक्क) में कैम्प मोड में खाता खोलने कि आवश्यकता है।सभी जॉब कार्ड धारियों को पोस्ट पेमेंट में खाता खुलवाना अनिवार्य है,इसे जल्द से जल्द खुलवा ले। इस कार्य हेतु निम्नवत पंचायतों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गाल्होवार पंचायत भवन में 14 जुलाई 2023 दिन शुक्रवार को मनरेगा खाता खोलने का शिविर का आयोजन किया जाएगा। पोस्ट मास्टर गोवर्धन प्रसाद बीपीओ राजमोहन वर्मा बीपीओ ममता सिंह रोजगार सेवक तुलसी विश्वकर्मा सुधीर कुशवाहा खरकी पंचायत मुखिया मुनिया देवी इत्यादि मनरेगा जॉब कार्ड धारी ग्रामीण लोग उपस्थित थे ।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में अज्ञात चोरों की नाकाम कोशिश

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत में बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ विद्यालय के कंप्यूटर क्लास रूम आईसीटी लैब में शुक्रवार रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम देने का प्रयास किया गया।परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि कंप्यूटर क्लास रूम आईसीटी लैब में 11 कंप्यूटर और प्रोजेक्टर सहित सारे उपकरण जो काफी महंगे हैं,वह सभी सुरक्षित हैं।लेकिन तीन क्लास रूम के टूटे हुए ताले को लेकर चोर भाग गए।वही अंदर से क्लासरूम लॉक रहने के कारण चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाए। इसके छह माह पूर्व भी इस तरह के चोरी की असफल घटनाएं इस विद्यालय में दो से तीन बार घट चुकी है।अगली घटना में विद्यालय में लगे वाटर पाइप और सीसीटीवी कैमरे के तार को काट कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय की संपत्ति का नुकसान एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न ना हो इसके लिए विष्णुगढ़ थाने में लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# महिला लखपति किसान पहल योजना को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में महिला लखपति किसान पहल योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पीपीआईए फेलो श्वेता वर्मा एवं भावेश कुमार ने उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा ट्रांसफार्म रूरल इंडिया संस्था के सहयोग से महिला किसानों कि आए प्रति वर्ष औसतन एक लाख रुपए या उससे अधिक रखने के उद्देश्य से महिला लखपति किसान पहल योजना संचालित है। इस दौरान उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सभी को योजना के तहत कन्वर्जेंस के माध्यम से कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, सहायता समूहों सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को नई तकनीक एवं एक समय में सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर किस प्रकार से वे अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकती हैं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहां की महिला लखपति किसान पहल योजना के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए उप विकास आयुक्त ने जेएसएलपीएस को नोडल एजेंसी की तरह कार्य कर अन्य विभागों के साथ समन्वय करने व लाभुकों का चयन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उप विकास आयुक्त ने लाभुकों के चयन हेतु प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से बीएलसीसी की बैठक आयोजित करने पर चयन के उपरांत लाभुकों की सूची जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्री टोप्पो ने लाभुकों के चयन के दौरान डुप्लीकेसी पर विशेष ध्यान रखने एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों कि बेहतर ब्रांडिंग कर उन्हें आम जनों तक पहुंचाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने बैठक मैं उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य को महिला लखपति किसान पहल योजना को सफल बनाने व पशुपालन के क्षेत्र में अपनाए जाने वाले विभिन्न तकनीकों के संबंध में सभी को जानकारी दी।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एसएमपीओ, पीपीआईए फेलो सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 6 लाभुकों को बकरी दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय मांडू पशु पालन विभाग मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना मुखिया अनीता देवी मांडू चट्टी पंचायत के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के 6 लाभुकों को दिया दिलाया गया ग्राम गोविंदपुर के बैजनाथ यादव पांच बकरी रंजू देवी 5 बकरी दिया गया मांडू चट्टी के ग्राम गरगली तेतरी देवी 5 बकरी मांधिया देवी को 5 बकरी दिया गया ग्राम गोविंदपुर मीना देवी को 5 बकरी मीना देवी को 5 बकरी दिया गया चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के द्वारा लाभुकों को बोला गया कि बेहतर तरीका से रखें अपने इस योजना से उन्नति बढ़ावे पशु चिकित्सा प्रभारी मनोज झा के द्वारा लाभुकों को बोला गया बकरी को बेहतर रखरखाव करें।

## सौर ऊर्जा संचालित यंत्र से विद्यालय में नियमित बिजली की आपूर्ति होगी : मुखिया बसंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत एनएच 23 के किनारे अवस्थित राजकीय बुनियादी उच्च विद्यालय मुरुबंदा में सौर ऊर्जा से संचालित बिजली की उपलब्धता 24 घंटे की गारंटी हेतु बोरोबिंग पंचायत की यशस्वी मुखिया बसंती देवी के कर कमलों के द्वारा विधिवत उद्घाटन कर किया गया। साथ ही सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच नई पुस्तकों का वितरण किया गया इस समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि हमारे पंचायत में आदर्श विद्यालय के रूप में इस विद्यालय का चयन करते हुए बिजली पानी एवं बेहतर गुणात्मक शिक्षा सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य रूप से प्राप्त हो इसी परिकल्पना के साथ झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने सभी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर युक्त आईटी लाइव की व्यवस्था की है जिससे छात्र छात्राओं को देश और दुनिया की खबरों एवं जानकारियों से अपने आप को रूबरू कर अपने आप को अभी से कंपटीशन की तैयारी कर सकेंगे अब हमारे बच्चे हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बेहतर तरीके से विकसित कर सकेंगे। मुखिया प्रतिनिधि सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो ने कहा कि हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो और हमारे आने वाले भविष्य को किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं हो इसके लिए हम प्रयासरत रहेंगे चाहे वह खेल के क्षेत्र में हो या पढ़ाई के क्षेत्र में इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव सहायक शिक्षक सुनील कुमार ,फरहा नाज, रचना कुमारी,गुलनाज फातमा जेबा,रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार, प्रवीण विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिदास महतो पूर्व अध्यक्ष अमर करमाली की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बरही विधायक की अनुशंसा पर बड़ाकर नदी निचितपुर के अलावा विभिन्न तीन पुल का होगा निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा में निवेदन समिति के सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला के अनुशंसा पर प्रखण्ड में 4 पुल निर्माण होगा और इसके लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के इंजीनियर चंदन कुमार पहुंच मापी किए। इस दौरान साथ में विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा मनोनीत विधायक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बरही के विधायक प्रतिनिधि विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, जिला के विधायक प्रतिनिधि बासुदेव यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दसरथ यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा के साथ क्षेत्र के ग्रामीण भी मौजूद रहे। जेई सबसे पहले बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत विजैया श्मशान घाट के नाला पर पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत डपोक के पिपराटांड़ मिठी नदी पर पुल निर्माण, ग्राम पंचायत डपोक पश्चिम श्मशान नदी में पुलिया निर्माण, गोरियाकरमा पंचायत के निचीतपुर टेटोतरी के बीच बराकर नदी पर पुलिया निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण किया।

## विधायक की अनुशंसा पर पीड़ित को असाध्य रोग अनुदान कोष से पांच लाख मिले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीटीपीएस पतरातु हेसला निवासी शिवा कुमार,पिता धनेश्वर करमाली विगत कुछ महीनों से किडनी फेल के असाध्य रोग से पीड़ित थे। जिनका इलाज सीएमसी वेल्लोर स्थित अस्पताल में चल रहा था किंतु पैसे के अभाव में अभी उनका इलाज लंबित था। जिसकी सूचना पर माननीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद कि अनुशंसा पर विधायक ने राज्य असाध्य रोग अनुदान कोष से प्रथम किस्त 5 लाख रू0(पाँच लाख) की राशि स्वीकृत कराया। जिसकी प्रति उन्हें सोपते हुए वेल्लोर के लिए रवाना किया उक्त आशय की जानकारी प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने दी

# मारवाड़ी युवा मंच ने पंजाब रेजिमेंट सेंटर में किया वृक्षारोपण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच की रामगढ़ कैंट शाखा और चेतना शाखा ने पंजाब रेजिमेंट सेंटर के सहयोग से वृक्षारोपण की सराहनीय पहल की, जिसके परिणामस्वरूप पीआरसी प्रशिक्षण मैदान,जेमरा स्कूल, फायरिंग रेंज तथा अन्य जगहों पर 820 पौधे लगाने में सफलता मिली।इस अभियान में आंवला, कटहल, शरीफा, शीशम,महोगनी, पीपल, चंदन, सागवान, आम और लीची जैसी विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति की सुरक्षा के महत्व पर जोर देना था। पीआरसी प्रशिक्षण मैदान में वृक्षारोपण अभियान में युवा सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पर्यावरण के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।पेड़ लगाने के व्यापक अभियान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिभागियों के समर्पण को रेखांकित किया, एक शानदार संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति का योगदान पृथ्वी को स्वस्थ और हरा-भरा बना सकता है।वृक्षारोपण अभियान के बाद मारवाड़ी युवा मंच की रामगढ़ कैंट शाखा और चेतना शाखा के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारियों और साझेदारी को स्वीकार किया। इस सकारात्मक पहल के माध्यम से उन्होंने प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के बाद, पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय खंडपाल ने वृक्ष रोपण और अन्य कार्य जिसे समाज में विकास हो के लिए मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों की सरहाना करते हुए उनका धन्यवाद किया के वो जागरूक नागरिक के तरह ऐसे कार्यक्रम करने के सोच रखते हैं और उन्हें पूरा करते हैं ।मौके पर पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय खंडपाल , डिप्टी गरीवेल , एडजुटेंट सोनवणे , मेजर रावत, सीओ ज्ञान प्रकाश, एसएम बिक्रमजीत सिंह, मंच से निलिन्द अग्रवाल , आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, अमन बोंदिआं , श्रृंजय मेवाड़, संतोष गोकुलका , लोकेश बगड़िया, राकेश अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, रीना मोदी, मिली अग्रवाल, निधि बजाज, सिद्धि चौधरी ,सिद्धि जैन ,अनु खंडेलवाल, मनीषा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, लवली अग्रवाल , शमा जैन, नेहा जैन, साँची गोयल, दिव्या बेरिलिआ और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एससी/ एसटी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त के घर चिपकाया गया इस्तिहार

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौपारण थाना कांड संख्या 275/28 दिनांक 27.10.2018, धारा 341/323/379/504 भा0द0वि एवं 3/4 एससी/एसटी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त शुभम कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पिता दिलीप सिंह, मंगलम सिंह पिता सकलदेव सिंह, शशिकांत सिंह उर्फ छोटू सिंह पिता नंदू सिंह एवं विक्रम सिंह पिता सिरी सिंह सभी सिंघरावां, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग निवासी के विरुद्ध माननीय न्यायलय से प्राप्त इश्तिहार के आदेशानुसार चौपारण थाना के स0अ0नि0 सचिदानंद रॉय के द्वारा दो स्वतंत्र साक्षियों, स्थानीय चौकीदार एवं जनप्रतिनिधि, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के समक्ष उपरोक्त अभियुक्तों के घरों, पंचायत भवन, स्थानीय हाट एवं बाजार में विधिवत इश्तिहार को चिपका कर तमिला कराया गया है।

## नि:शुल्क हेल्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को एकलव्य दी जीनियस माइंड स्कूल लाल बंगला चरही में विमला परियोजना (ह्यूमन राइट्स) के माध्यम से निः शुल्क हेल्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों के साथ- साथ, सभी स्टाफ मेंबर और ग्रामीणों का फुल बॉडी चेकअप एलजाइर 4जी मशीन के माध्यम से किया गया। सभी तरह के रोगों का जांच जैसे - ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिनब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, थायराइड, लीवर, यूरिक एसिड इत्यादि की जांच कर, न्यूट्रीशन और रोकथाम की जानकारी दी गई। डॉ. मनोज कुमार दास के द्वारा संपूर्ण जांच की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधक दिनेश्वर महतो, निर्देशिका गुलांचो कुमारी, शिक्षक राहुल पासवान, मोहित उरांव, शिक्षिकाएं सलोनी टोप्पो, काजल कुमारी, मागरेट मिंज, मौमिता घोष, जीरा देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को सदर विधायक ने दिया बधाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा झारखंड प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शनिवार की शाम को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने उनसे राजधानी रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनसे मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया एवं स्वागत किया । बाबूलाल मरांडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड के हितों को देखते हुए बहुत ही अच्छा निर्णय लिया है। जिसका हम सभी जोरदार ढंग से स्वागत करते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह धन्यवाद के पात्र हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होने वाला है। झारखंड के लोकप्रिय नेता बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से इन चुनावों में पार्टी को लाभ मिलना तय है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य के कार्यकर्ताओं में एक नए तरह का उत्साह और संचार देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि निश्चित रूप से बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा झारखंड सशक्त होगी । मौके पर विशेष रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय और सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी साथ मौजूद रहें ।

# सामाजिक दायित्व निभाना भी एक शिक्षा है : रूचि कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हॉली क्रॉस स्कूल, पीटीसी चौक,हज़ारीबाग ने सामाजिक दायित्व को निभाते हुये सोशल सर्विस दिवस मनाया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं को सामाजिक दायित्व निभाने सम्बंधित पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मदद किया गया। इस अवसर पर रूचि कुजुर, सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया और विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर जरूरतमंद लोगों को सामग्री वितरित किया विशिष्ट अतिथि प्राचार्य कीर्ति किरण, निदेशक वीटीआई सि शालेट उपस्थित थीं।विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा छोटे -छोटे सहयोग और स्वंमसेवी लोगों की मदद से बिभिन्न तरह की खाद्य सामग्री,घरेलु जरूरत की सामग्री, नये तथा पुराने कपड़े इत्यादि एकत्रित किया जाता है तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक अन्य ज़िम्मेदार व्यक्तियों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को खोज कर उन्हें विद्यालय द्वारा निर्गत कूपन उपलब्ध कराया जाता है फिर उस कूपन को जरूरतमंद लोग सोशल सर्विस दिवस के दिन उपस्थित होते है जिसमे बिभिन्न तरह के सामग्री के कूपन रहते हैं और अपने जरूरत के अनुसार जरूरतमंद लोग मुफ्त में सामान ले जाते हैं। इस कार्य को सफल बनाने में शिक्षक, प्रबंधन और छात्र कई दिनों से लगे रहते है।मंच संचालन विकास किंडो, और अलका नूतन, कंचन कुमारी, सोनी मनीषा मिंजशिक्षक, कर्मचारीगण इत्यादि ने अपना सहयोग दिया।

## सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक के एन.एस.एस टीम के द्वारा ग्राम सिझुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ. जॉनी रुफीना तिर्की मैम,इचाक प्रखंड के उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, गोहरबंदा पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार, सिझुआ उच्च विद्यालय के चंद्रधारी मेहता,ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्घाटन कि किया गया। डॉ.जॉनी रुफीना तिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय स्तर के विकास की रूप-रेखा के लिए एक सबसे बड़ी संस्था है। जिसका थीम है,मैं नही पहले आप। अर्थात यह योजना हमें सिखाती है की किसी भी कार्य का प्रमुख उद्देश्य समाज हित में होना चाहिए। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत ग्राम सिझुआ तथा पिछड़ी आदिम विरहोर जनजाति कि दसाओं, उनकी आर्थिक स्थिति, उनकी स्वास्थ्य की स्थिति,स्वच्छता आदि की जानकारी प्राप्त कर उन्हे जागरूक करना प्रमुख उद्देश्य है।इसके लिए ग्राम सिझुआ को गोद लेकर उसके उत्थान के लिए महाविद्यालय के एन.एस.एस.के स्वयंसेवक छात्र- छात्राओं के द्वारा सात दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रत्नेश कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन.एस.एस के प्रभारी उमेश ठाकुर, महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, शिक्षक दयानंद कुमार यादव,विनय कुमार मेहता,अजीत हंसदा,नीलिमा कुजूर,अजीत प्रसाद,संजीत कुमार यादव,प्रीति कुमारी,अजय कुमार,आस्था कुमारी और भारी संख्या में विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## केदारनाथ पैदल यात्रा के बाद 51 लीटर जल लेकर देवघर के लिये निकला विराट

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया निवासी विराट सिंह ने पैदल



केदारनाथ यात्रा के बाद शनिवार को सरिया पवित्र तीर्थस्थल राजदाह धाम के उत्तरवाहिनी बराकर नदी से 51 लीटर जल को कंधो पर उठाकर पैदल यात्रा पर निकले, इस दौरान इन्होने बताया की आज हम इस पैदल यात्रा की शुरुआत राजदाह धाम से कर रहे है यहाँ से हम 51 लीटर जल अपने कंधो पर उठाकर पैदल देवघर जा कर बाबा बासुकीनाथ का जलाभिषेक करेंगे इस दौरान हम 350 किलोमीटर की यात्रा 20 से 25 दिन में पूरा करेंगे, इस मौके इनके माता पिता और दोस्तों ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ राजदाह धाम से विदा किया।

## जागरूकता रैली का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के सर्रा प्राथमिक विद्यालय




में प्रधानाध्यापक शिव शंकर सोरेन एवं प्रबंध समिति के सदस्य मुख्तार अंसारी की संयुक्त उपस्थिति में स्कूल रुआर के तहत जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें निशुल्क नामांकन के लिए आम जनताओं को प्रेरित किया गया। सबसे आकर्षक का केंद्र बच्चों द्वारा विभिन्न नारों से पूरा? गांव गुंजायमान हो उठा। बताया जाता है कि झारखंड सरकार के निर्देश पर इन दिनों स्कूल रूआर के तहत निःशुल्क नामांकन अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान विगत 8/7/2023 से लेकर 15/7/2023 तक चलेगा जिसमें सभी अभिभावकों से छूटे हुए बच्चों को निशुल्क नामांकन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर प्राथमिकी विद्यालय सर्रा के प्रधानाध्यापक शिव शंकर सोरेन, प्रबंधन समिति के सदस्य मुख्तार अंसारी के अलावा सैकड़ों बच्चों ने उक्त जागरूकता रैली में भाग लिया।

## करंट से पिता पुत्र की मौत के बाद परिजनों से मिले विधायक

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत रामपुर



पंचायत अंतर्गत डोरवाडीह गांव में बीते दिनों अपने घर पर बिजली के करंट से पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई थी। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। साथ ही दुख प्रकट करते हुए अपनी ओर से आर्थिक सहयोग किया। एवं शोकाकुल परिवार को सरकारी सहायता दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो नेता बसंत महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक पूर्व जिप सदस्य सुनील मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## मालगाड़ी हुई बेपटरी, दो घंटे तक लूप लाईन रहा प्रभावित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोमो स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक




लुप लाइन से फुसरो स्टेशन जाने के लिए निकल रही बौबार बॉक्स मालगाड़ी शनिवार 8 जुलाई की सुबह लगभग 7:30 बजे इंजन की दूसरी बॉक्स बोगी बेपटरी हो गई जिससे डाऊन यार्ड में माल गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही गोमो चीफ यार्ड मास्टर बी सी मंडल, पी.डब्ल्यू.आई के अधिकारी, आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर विजय शंकर, विभागीय कर्मचारी अधिकारी मौके पर तत्काल पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी के सुरक्षित बोगी को काट कर हटाया गया और बेपटरी हुए बॉक्स को दुरुस्त करने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों की मानें तो 2 घंटे समय के भीतर प्रभावित लाइन को चालू कर दिया गया।

### अवैध बिजली कनेक्शन धारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई : सैकड़ों घरों व दुकानों में कनेक्शन काट जब्त किए गए तार

# बिजली चोरों में मचा हडकंप, होगी प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बीसीसीएल के लोदना कोलियरी के अधिकारियों ने शनिवार को जोरापोखर थाना क्षेत्र के अवैध विद्युत कनेक्शन धारियों के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में बिजली तार जब्त करने कि कार्रवाई किया है। अधिकारियों के अभियान से बीसीसीएल कि बिजली चोरी कर उपयोग करने वालों में हड़कंप मच गया है। बताते है कि जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह, जियलगोरा सात नंबर, जोरापोखर पूर्णाडीह बस्ती, शालीमार, फूसबंगला आदि क्षेत्रों में खास कर सड़क किनारे तथा आसपास मुहल्लों के आवासों और दुकानों में बीसीसीएल कि बिजली का बड़े पैमाने पर अवैध संयोग लेकर उपयोग करने से एक ओर जहां कंपनी को हर महीने करोड़ों का नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, तो दुसरी तरफ बिजली खंभा से हुक लगाकर लिए गए बिजली कनेक्शन के चलते खंभा पर बिजली तारों का मकड़जाल जैसा दृश्य हो गया है। तारों कि मकड़जाल तथा डबल कनेक्शन लिए जाने के कारण क्षेत्र में लो भोलटेज, ओभर लोड कि समस्या से शॉर्टसर्किट होकर तार गिरने से जानमाल का खतरा होने कि घटना होते रहती है।



घटना के उपरांत लोगों द्वारा बीसीसीएल अधिकारियों को ही घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। इन सारी परिस्थियों को देखते हुए बिजली से होनेवाली आकस्मिक घटनाओं को रोकने तथा अवैध बिजली के चलते हो रही आर्थिक नुकशान से कंपनी को बचाने के लिए लोदना जीएम के निर्देश पर आज अधिकारियों ने फूसबंगला, शालीमार, जोरापोखर आदि क्षेत्रों में पुलिस एवं सीआईएसएफ के साथ बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर लगभग एक सौ घरों तथा दुकानों में बिजली के अवैध कनेक्शन का विच्छेद कर तार को जब्त किए जाने कि कार्रवाई कि गयी है। प्रबंधन कि ओर से क्षेत्र के अवैध कनेक्शन धारियों के खिलाफ चिन्हित कर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने कि प्रक्रिया कि जा रही है।

मालूम हो कि बानियांहीर से लेकर डिनोबली मोड़ तक सड़क के किनारे अधिकांश दुकानों एवं मकानों में बीसीसीएल कि बिजली के खंभों से अवैध कनेक्शन लेकर छोटी बड़ी मशीनें चलाने में उपयोग कर बीसीसीएल को प्रति माह करोड़ों का चुना लगाया जाता है। मामले को लेकर जीएम बीके सिन्हा ने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ कंपनी के तरफ से लगातार अभियान चलाया जाएगा।

पुलिस से बिजली चोरी करनेवाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने कि कार्रवाई कि जाएगी। इस सिलसिले में जीएम ने कहा कि अवैध कनेक्शन धारियों को चिन्हित कर सूची बनाने को एक टीम गठित कि गयी है। बिजली चोरी रोकने को चलाई गई अभियान में लोदना के सुरक्षा पदाधिकारी डीके मीणा, विद्युत अभियंता अंकित कुमार, जनरैल सिंह, लाल्टू कुमार, सीआईएसएफ अधिकारी आरएन बारीक, पुलिस अधिकारी हेमन राम आदि थे।

## गिरिडीह : अपराधियों व पुलिस के बीच एनकाउंटर, दो अपराधी घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह मुफस्सिल थाना इलाके के तिनकोनिया कोलीमारन में बीती रात अपराधियों और पुलिस के बीच एनकाउंटर हो गया. इस घटना में दोनों और से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें 2 लोग घायल है। बताया जाता है कि घायलों में एक अपराधी और एक चालक शामिल है. हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है. लेकिन मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को डुमरी थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ अपराधिक किस्म के लोग चार पहिया वाहन से इलाके में भ्रमण कर रहे हैं. इसी के बाद डुमरी थाना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने उक्त वाहन का पीछा करना शुरू कर दिया. इसके बाद अपराधियों की गाड़ी मुफस्सिल थाना इलाके के कोलिमारामन में पहुंची जंहा अपराधियों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया गया, जिसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई. इस घटना में एक चालक और एक अपराधी को गोली लगने की बात बताई जा रही है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना : मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 1500 युवाओं को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आज श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के तत्वाधान में बरटांड स्थित संयुक्त श्रम परिसर में आयोजित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव (कौशल रोजगार मेला) में 1500 युवाओं को माननीय विधायक टुंडी श्री मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष श्रीमती सारदा सिंह ने नियुक्त पत्र प्रदान किया।

जिला कौशल पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने बताया कि आयोजन में 6000 बेरोजगार युवा सम्मिलित हुए तथा 32 कंपनियों के द्वारा 2000 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया। इसमें से 1500 युवाओं का चयन



कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इसमें मुख्य रूप से टाटा मोटर्स जमशेदपुर, रिलायबल इंडस्ट्रीज धनबाद, आमधाने प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद, पे-टीएम, चैतन्या, एसबीआई इंश्योरेंस धनबाद, एलआईसी जामाडोबा सहित अन्य कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने 15000 रुपए से 30000 रुपए तक की नियुक्ति युवाओं को प्रदान की।

वहीं माननीय विधायक टुंडी एवं जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष ने मंच से रोहित कुमार दास को मिंडा अहमदाबाद में 16929 रुपए मासिक वेतन, स्वीटी मुखर्जी एवं तन्नु कुमारी को क्रेजा हेल्थ केयर में 16928 व 20000 रुपए, काशीनाथ मिस्त्री को नीलम एंटरप्राइजेज में 16928 रुपए, पूजा कुमारी को पर्ल ग्लोबल में 13170 रूपए, पिंकी कुमारी मुर्मू को स्काई प्राइम वेयर में 16466 रुपए मासिक वेतन का अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर माननीय विधायक टुंडी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में कई कंपनियां शामिल रही। माननीय मुख्यमंत्री का प्रयास है कि सारथी योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार प्रदान किया जाए।

## पश्चिमी टुंडी के फतेहपुर पंचायत सचिवालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के फतेहपुर पंचायत सचिवालय में आज शनिवार को मुखिया दुबई मुर्मू की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आहूत किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने मिलकर कई प्रस्ताव पर मुहर लगाई। प्राप्त समाचार के अनुसार गांवों के गली मुहल्लों में जलजमाव, पंचायत सचिवालय एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों की साफ-सफाई, जलमीनार की पर व्यवस्था, किसानों को खेती करने के लिए प्रेरित करना, मवेशियों को खुले में विचरण करने पर रोक, आदि जैसे मुद्दों पर गहन रूप से निर्णय लिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य रोजिना बीबी, पंचायत समिति सदस्य विजय दास, पंचायत अध्यक्ष रमेश हांसदा, समाजसेवी मुख्तार अंसारी समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में दादा-दादी, नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन

## बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है : विशु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला संघ चालक माननीय विशु रवानी, विद्यालय प्रबंध कारिणी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य उत्तम गयाली, विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपति नाथ पांडे एवं रेखा पांडे ने किया। अतिथि परिचय विद्यालय के उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने किया।अपने



उद्बोधन में धनबाद जिला संघचालक विश्व रबानी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में संयुक्त परिवार तथा बुजुर्गों के सम्मान की परंपरा रही है परंतु पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने धीरे-धीरे इस परंपरा को धूमिल कर दिया है।विद्या भारती ने अपनी योजना में पुनः इस कार्यक्रम को शामिल किया है और संपूर्ण भारतवर्ष के विद्या भारती के विद्यालयों में यह कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जब तक हम अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करेंगे न तो हम आगे बढ़ेंगे न ही हमारा देश आगे बढ़ेगा ।

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मिले सद्दाम हुसैन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से धनबाद नगर निगम के अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झामुमो नेता मोहम्मद सद्दाम हुसैन मिले और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट की। साथ ही सद्दाम ने अपने वार्ड की जन समस्याओं से मंत्रीजी को अवगत कराया और शीघ्र निदान की भी मांग की। वहीं मंत्री हफीजुल हसन ने आश्वस्त किया की सभी समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। मौके पर दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## 630 लीटर अवैध निर्मित शराब बरामद 1000 जावा महुआ को किया गया नष्ट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड रामबाबू टुड्डु के घर पर उत्पाद विभाग के द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 630 लीटर अवैध निर्मित शराब बरामद की गई है तथा 1000 जावा महुआ को नष्ट किया गया है। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर कमल कांत कुमार ने मीडिया को बताया कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड में लगातार अवैध महुआ शराब की सूचना प्राप्त हो रही थी। उत्पाद सहायक आयुक्त के निर्देश पर उक्त छापेमारी की गई। जहां से 630 लीटर अवैध निर्मित महुआ शराब बरामद की गई है। साथ ही 1000 जावा महुआ को नष्ट किया गया है। वहां से आरोपी फरार होने में सफल रहे। जिसके बाद 630 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त कर धनबाद उत्पाद कार्यालय लाया गया है तथा उक्त घर के मालिक रामबाबू टूडू के खिलाफ मामला दर्ज की गई है।

## रेलवे ट्रैक पर घण्टों पड़ा रहा शव मुख दर्शक बना रेलवे पुलिस



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद बलियापुर थाना क्षेत्र के ढोखरा हाल्ट के पास रेल लाईन के किनारे अज्ञात व्यक्ती के शव मिलने से हडकंप मच गया। ट्रेन के चपेट में आने से कट कर युवक की मौत हुई। रेलवे पुलिस और बलियापुर पुलिस के द्वारा सीमा विवाद के चक्कर में घंटों मृतक का शव पड़ा रहा। रेलवे और स्थानीय पुलिस एक दुसरे को शव उठाने को लेकर अधिकारियों से फोन पर लगे रहें। मृतक कहां का है अभी तक पता नहीं चल पाया है। वहीं रेलवे के सफाई क्रमचारी ने बताया की सुबह ही घटना घटी है पर उनका एरिया नहीं होने की वजह से बलियापुर पुलिस को सुचना दे दी गई है। शव? के पंचनामा और पोस्टमार्टम की जिम्मेवारी बलियापुर पुलिस की है। घटना के काफी देर बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## भाकपा माले ने तेतरिया शाखा में किया सम्मलेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** विधानसभा के देवरी प्रखंड अंतर्गत तेतरिया शाखा में शनिवार को भाकपा माले का सम्मेलन किया गया। यह सम्मलेन कैलाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें पर्यवेक्षक के बतौर प्रखंड कमिटी सदस्य टेकनारायण यादव मौजूद थे । मौके पर सचिव रामकिशुन यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसान बिरोधी मजदूर बिरोधी और महिला बिरोधी बन चुकी है मोदी जी के फ़ासीवादी चेहरा पूरे देश में उजागर हो चुकी है। पूरे देश में लूट, भर्ष्टाचार, मंहगाई, बेरोजगारी से लोग परेशान हैं इस लिए अभी के दौर में गांव गांव में पार्टी का संगठन तैयार करने की जरूरत है और वह लाल झंडा का संगठन होगा जो आने वाला लोक सभा के महा समर में फौज के रूप में काम करेगा ताकि केंद्र की भाजपा सरकार को शिकस्त दिया जा सके । सम्मलेन में सर्व सम्मति से डीलचंद सिंह को सचिव तथा कैलाश सिंह को सहायक सचिव चुना गया वही राजु भूला को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## मारवाड़ी महिला समिति के दो दिवसीय आनंद मेले की हुई शुरुआत, स्टॉलों में उमड़ी भीड़

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा द्वारा महिला स्वावलंबन के लिए होटल सिद्धि विनायक÷ में दो दिवसीय आनंद मेला का पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष उर्मिला गुटगुटिया, निर्मला तुलस्यान एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समिति प्रमुख अरुणा भगानिया के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन हुआ। सावन की हरियाली से ओत प्रोत आनंद मेला सुबह ग्यारह बजे से रात्रि आठ बजे तक चलेगा। मंचासीन सदस्यगण शाखा अध्यक्ष संजू डालमिया, प्रांतीय वित्तप्रबंधन प्रमुख किरन गोयनका, राष्ट्रीय पर्यावरण सखी अनीता अग्रवाल, आगामी प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणुदुदानी, अंचल प्रमुख विनीता खंडेलवाल, साधना देवरालिया शाखा सचिव प्रीति अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल सभी को पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधा देकर सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष संजू डालमिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विगत 53 वर्षो से मूल्यों और गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए कुछ नए आकर्षण के साथ समिति निरंतर इस विशाल मेले का सफल आयोजन करती आ रही है।

## सांसद ने आब्लाइज को 23वें वर्षगांठ पर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को राजेंद्र मार्केट स्थित धनबाद के लैंड मार्क बन चुके डेकोरेटिव साज-सज्जा के प्रतिष्ठान आब्लाइज का 23 वीं वर्षगांठ का धनबाद सांसद पीएन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद पी एन सिंह कहा की आब्लाइज़ अपने लेटेस्ट डेकोरेटिव आइटम बहुत ही उचित मूल्य में सेवा कर धनबाद वासियों के द्वारा प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके हैं। मैं 23वें सफल वर्षगांठ पर सुरेंद्र अरोड़ा को बधाई देता हूं एवं भविष्य में भी धनबाद वासियों को साज सज्जा की आकर्षक एवं लेटेस्ट वस्तुओं की शानदार सेवा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

लक्षित अरोड़ा ने बताया कि 23 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 16 जुलाई तक 5000 की रुपयों की खरीद पर 5 प्रतिशत की छूट, 5000 से 10000 की खरीद पर 7प्रतिशत की छूट है तथा 10000 की खरीद पर 10प्रतिशत की छूट दी गई है। साथ ही खरीदारी पर लकी



ड्रॉ कूपन दिए जा रहे हैं। इस ड्रॉ का परिणाम ड्रॉ 16 जुलाई को धनबाद के दूसरे सराइकेला ब्रांच में सभी ग्राहकों एवं अतिथियों के बीच निकाला जाएगा। शोरूम में लेटेस्ट डेकोरेटिव आइटम के साथ साथ सावन में राखी का एक से बढ़कर एक खूबसूरत कलेक्शन उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के ऑनर सुरेंद्र अरोड़ा, जगदीश लाल अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, डिंपल अरोड़ा, लोकेश अग्रवाल, भारत भूषण आदि मौजूद थे।

# सद्भावना मंच प्रतियोगिता से युवाओं में जागरुकता लाना है : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्तर पर सेन्हा वन डिपू के समीप आयोजित युवा सद्भावना मंच के तहत खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने संयुक्त रूप से युवा खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर खेल को आरम्भ कराया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के सेन्हा वन डिपू के समीप प्रखंड स्तर पर जिला प्रशासन के सौजन्य से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ वन डिपू मूहल्ला एवं अमन चौक सेन्हा के बीच खेला गया। दोनो टीम ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए 1-0 से अमन चौक के टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। खेल समापन के पश्चात युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा खेल के साथ जीवन में शिक्षा का होना निहायत जरूरी है। बताते हुए उन्होंने कहा प्रखंड परिसर में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पुस्तकालय खोला गया है जहां सभी तबके के बच्चे नामांकन करा कर पुस्तकालय का लाभ उठाएं और अच्छी शिक्षा गहन कर समाज के लिए प्रेरणा दायक बने। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने युवाओं को समाज के प्रति सजग करते हुए कहा कि युवा सद्भावना मंच के तहत वैसे युवाओं को कार्ड निर्गत किया जा रहा है जो सभी समुदाय के पर्व में सहयोग के लिए हाथ बढ़ा रहें है। इसके अलावे उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने में युवाओं का अहम योगदान देखा गया है। और आगे भी उन सभी युवाओं से अपेक्षा है कि सहयोग के भावना से कार्य करें। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार एस आई गणेश कुमार यादव के अलावे दोनों टीम के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बाबा अमरनाथ बर्फानी सभी का मनोकामना को पूर्ण करें : जोधनरायन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कश्मीर स्थित अमरनाथ के लिये सात सदस्यीय कांवरिया हुए रवाना व्यवसायियों ने दिया शुभकामना। पवित्र माह सावन में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा भगवान महादेव शंकर को जल चढ़ाने के लिये प्रखंड से सात सदस्यीय कंवरिया दल अमरनाथ के लिये रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा में जाने वालों में जयप्रकाश साहू, निर्मल खंडित, रमेश महतो, राजू साहू, रवि शुक्ला, किनेश साहू, जितेंद्र साहू शामिल हैं। वही जयप्रकाश सहु और किनेश साहु ने कहा कि बाबा अमरनाथ बर्फानी का दर्शन करने से संकट दूर होता है। और मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। वही व्यवसायी संघ का अध्यक्ष जोधनरायन साहू के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में सभी भक्तों को यात्रा के लिये शुभकामना देते हुए। फूल का माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर विदा किय साथ ही उन्होंने कहा कि आपलोगों का यात्रा मंगलमय हो बाबा बर्फानी सभी भक्तों का दुख को हरण करें और भगवान महादेव बर्फानी बाबा सभी का मनोकामना को पूर्ण करें। वही श्रद्धालु भक्तों ने कहा कि सभी का मनोकामना, खुशी, समृद्धि और क्षेत्र में अमन चैन के लिये बाबा बर्फानी से कामना करेंगे। मौके पर अजय साहू, केदार साहू, कमेश महतो, अजय सोनी, संतोष महतो अवधेश साहू, विजय सोनी, उपेंद्र महतो सहित व्यवसायी संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता की टिप्पणी से तेली समाज में भारी आक्रोश : आदित्य कुमार साहू

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा द्वारा तेली समाज को लेकर की गई टिप्पणी से तेली समाज में आक्रोश है। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने इस बयान को पूरे तेली समाज को अपमानित करने वाला बयान बताया है। आदित्य साहू ने कहा कि तेली समाज अपना 99त्न वोट भाजपा को देता आया है अब समाज में भागीदारी की मांग उठने लगी तो भाजपा हक मारी के बाद अब सीनाजोरी भी करने लगी है भाजपा को माफी मांगनी चाहिए अन्यथा तेली समाज पूरे झारखंड प्रदेश में चरण बंद विरोध कार्यक्रम चलाएगा। दरअसल विगत 2 जुलाई को गुमला जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड की प्रदेश कार्यसमिति बैठक हुई थी। राष्ट्रीय महामंत्री दीनदयाल साहू ने भाजपा पर तेली समाज को नजर अंदाज करने का आरोप लगाया था इस बयान पर गुमला के भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने तेली समाज के पदाधिकारी को नकाबपोश अवसरवादी और अन्य गलत शब्दों का उपयोग जैसे शब्दों से संबोधित किया था। यदि माफी नहीं मांगा गया तो भाजपा के खिलाफ चरणबद्ध विरोध किया जाएगा।

## हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में 11 जुलाई को मजदूरों का प्रदर्शन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 11 जुलाई दिन मंगलवार को लोहरदगा बॉक्साइट मजदूर संघ के तत्वाधान में लोहरदगा हिंडालको अनलोडिंग साइडिंग में स्थित रोपवे के समक्ष 1 घंटे का शांतिपूर्ण संकेतिक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक एवं मजदूरों के नेता सुखदेव भगत, मजदूर हित में काम करने वाले लोहरदगा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू सहित अनेक नेतागण उपस्थित रहेंगे ।इस बात की जानकारी देते हुए बॉक्साइट अनलोडिंग मजदूर संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद महतो सचिव अनिल उरांव ने सभी मजदूरों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किए।

## पत्नी के लगाए आरोप पर पति गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दहेज उत्पीड़न व मार पीट के आरोप पर पुलिस ने चंदकोपा से पति को किया गिरफ्तार जांचोपरत भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदकोपा निवासी श्रवण साहू के पुत्र संटू साहू के विरुद्ध सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए संटू साहू की पत्नी सूर्या कुमारी ने दहेज उत्पीड़न व मार पीट का आरोप लगाते हुए न्याय का गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में पुलिस द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संटू साहु की पत्नी सूर्या कुमारी ने आवेदन के माध्यम से बताई कि मेरा विवाह चंदकोपा निवासी श्रवण साहु के 35 वर्षीय पुत्र संटू साहु के साथ सम्पन्न हुआ था। विवाह के समय मेरे पिताजी अपने सामर्थ्य अनुसार दहेज दिये थे। परंतु मेरे पति,ससुर श्रवण साहु और सास सीता देवी द्वारा दहेज में फ्रिज व 50 हजार रुपया का मांग कर बार बार मार पीट और प्रताड़ित किया जाता था। जिससे तंग आ कर अपने पति के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने तथा न्याय का गुहार लगाई थी। बताते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 94/23 दर्ज कर धारा 323, 341, 498, 377 व 34 भादवि डोरी एक्ट 3/4 के तहत संटू साहु को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

# एनोस एक्का ने कुरडेग में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने शनिवार को कुरडेग प्रखंड पहुंचकर झारखंड पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया इस मौके पर कुरडेग प्रखंड के सैकड़ों की संख्या में झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने अपने केंद्रीय अध्यक्ष को लंबे समय के बाद अपने क्षेत्र में आगमन से खुशी व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी के लिए कार्यकर्ता रीड होती है और झारखंड पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं मान सम्मान देती है। उनका कि झारखंड पार्टी राज्य में विकल्प बनकर उभरी है वर्तमान सरकार की जो नीति और सिद्धांत है या किसी से छुपा हुआ नहीं है ऐसे में लोग भाजपा कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बजाय झारखंड पार्टी को विकल्प के रूप में देख रहे हैं और आने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में सभी सीटों पर झारखंड पार्टी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे तन्मयता के साथ संगठन को मजबूती के लिए कार्य करें क्षेत्र में झारखंड पार्टी के माध्यम से जन समस्याओं को सुने और उन समस्याओं को दूर कराने का प्रयास करें साथ ही पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को पार्टी में जोड़कर संगठन को मजबूत करें ताकि आने वाले चुनाव में पूरे दम के साथ चुनाव लड़ा जा सके। आज क्षेत्र की दशा और दिशा किस पूरी तरह से बिगड़ चुकी है आज क्षेत्र में बिजली पानी सड़क सभी चीजों की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिसे सुधारने की आवश्यकता है आप सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर काम करें ताकि लोगों का भला हो सके। मौके पर मुख्य रुप से लल्लन प्रसाद प्रसन्न कुमार सिन्ह उर्फ पिंटू सहित प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन समस्याओं का निदान करना कांग्रेस की पहली प्राथमिकता : आलोक साहू

### एक वर्ष से खराब हुए जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करवाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के अंतर्गत बड़की चापी पंचायत के बंदुआ बरटोली के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ बरटोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि विगत 3 वर्ष पूर्व यहां सौर जलापूर्ति योजना चालू हुआ था जिसके माध्यम से ग्रामीणों को पानी मिल रहा था। लेकिन विगत 1 वर्षो से जलापूर्ति योजना खराब है इसके लिए ग्रामीण लोहरदगा उपायुक्त एवं पीएचईडी विभाग में आवेदन देकर खराब हुए जलापूर्ति योजना को बनाने की मांग किए थे लेकिन अभी तक चालू नहीं हुआ है जिसके कारण यहां की जनता को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने श्री साहू से खराब जलापूर्ति योजना को चालू कराने की मांग किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि जन समस्याओं का निदान करना कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता होती है। पेयजल योजना चालू करने हेतु वे सकारात्मक प्रयास करेंगे। श्री साहू ने इस योजना के संवेदक से बात कर शीघ्र जलापूर्ति योजना चालू करने को कहा। संवेदक ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए खराब जलापूर्ति योजना को बनाकर चालू करवा दिया। ग्रामीणों ने कहा कि वे लोग विगत 1 वर्षो से इसे चालू करवाने के लिए परेशान थे लेकिन खराब जलापूर्ति योजना नहीं बना श्री साहू ने त्वरित गति से बनवाकर इसे चालू करवा दिया इसके लिए ग्रामीण श्री साहू एवं कांग्रेस पार्टी का आभार प्रकट करती है। मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष संजीव मुखर्जी, सुनील टाना भगत, अवधेश भगत, फूलमनी भगत, सुमन भगत, कौशिक भगत, राधा भगत, मनोरमा देवी, धनू भगत इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने जिला महासचिव शनियारो उरांव के पति के निधन पर किया शोक प्रकट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सनियारो उरांव के पति भंडरा भौंरो पतरा टोली निवासी भीम कुजूर का आज आकस्मिक निधन इलाज के क्रम में रांची स्थित रिम्स में हो गया। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी इनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करती है साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और शोकाकुल परिवार को ईश्वर धैर्य और दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। उनके निधन पर दुख व्यक्त करने वालों में माननीय राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू, विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, अशोक यादव, शकील अहमद, डॉ अजय सहदेव, नेसार अहमद, निशित जयसवाल, रीना भगत, मोहन दुबे, संदीप कुमार, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, सामूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, प्रभात भगत, सदरुल अंसारी, सलीम अंसारी बड़े, दीपक महतो, रूबी कुमारी, डोमना उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, नंदकिशोर शुक्ला, रविंद्र सिंह, विनोद सिंह खेरवार, युनूस अंसारी, जुगल भगत, सत्यदेव भगत, अनीस अहमद, तनवीर गौहर, सुनीता कचछप, सुचित्रा भगत, मुस्ताक अहमद, परवेज सिद्दीकी, फुलझरी उरांव, विशाल डुंगडुंग, हाजी सिकंदर अंसारी, सीमा परवीन, विनय उरांव, शंभू प्रजापति, सोहराब अंसारी समेत लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कांग्रेस जन शामिल हैं।

## एमबी डीएवी स्कूल में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी, विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में अर्पण तिर्की ने प्रथम स्थान, पलक कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा कनिका सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्राचार्य के निर्देशन पर दिए गए तात्कालिक भाषण के विषयों पर श्रोताओं के बीच खुली प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया जिसमें कक्षा 12 वीं की साक्षी भारती ने अपने ओजस्वी भाषण से ना केवल प्राचार्य अपितु श्रोताओं के भी ध्यान को आकर्षित किया और इस तरह वह विजेता घोषित हुई। प्रतियोगिता में पीके सिंहा, रोजर बीनी सिन्हा व पल्लवी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## अवैध बालू लोडेड एक ट्रैक्टर परिचालन करते हुए पथ से किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए भड़गांव बेड़ा टोली पथ से एक ट्रैक्टर को जब्त कर खनन विभाग को किया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली पथ से बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को गुप्त सूचना के आधार पर परिचालन करते हुए जब्त करते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जब्त ट्रैक्टर की जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में पुलिस कारवाई के दौरान बेड़ा टोली पथ से बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। और अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी के द्वारा सहायक खनन पदादिकारी को सूचनार्थ किया गया है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें की बेड़ा टोली से बालू का उठाव कर सरकारी कार्य मे बालू गिराने जा रहा था। उसी दौरान पुलिस कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को जप्त किया गया।

## धनबाद मंडल रेलवे में आयोजित मंडल संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** धनबाद मंडल रेलवे के तत्वावधान में धनबाद मंडल कार्यालय में आयोजित मंडल संसदीय समिति की विशेष बैठक में राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि के रूप में श्री सुखैर भगत ने भाग लिया। आज के विशेष बैठक में धनबाद रेलवे डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 17 संसदीय क्षेत्र के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह ने किया। सांसदों एवं धनबाद मंडल के वरीय प्रबंधक, एवम उच्च रेलवे अधिकारियों के समक्ष सुखैर भगत ने लोहरदगा जिला के ग्रामीणों के मांगों को विस्तार पूर्वक रखा और शीघ्र निष्पादन की मांग की। जो निम्न हैलोहरदगा से धनबाद भाया बोकारो नई ट्रेन चलाई जाए। रांची नई दिल्ली राजधानी एक्स का ठहराव लोहरदगा में अति शीघ्र कराई जाए। लोहरदगा में रेलवे की खाली जमीन, समाहरणालय मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराई जाए। लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में कोच (बोगी) की संख्या बढ़ाई जाए। लोहरदगा रेलवे स्टेशन में टिकट काउंटर की संख्या बढ़ाई जाए। लोहरदगा रेलवे स्टेशन में पीने योग्य शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की जाए।

## कैरो प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय जोड़ने वाली कैरो ईरगांव पथ बद से बदतर

**➲17 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके जाना पड़ता है प्रखंडवासियों को जिलामुख्यालय**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली कैरो इरगांव लोहरदग़ा मैना बगीचा सड़क की स्थिति बद से बदतर होने तथा बंडा गांव के पास कन्दनी नदी में पुल नही होने के कारण क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय जाने आने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सड़क बहुत पहले कालीकरण कराई गई थी, सड़क में जगह जगह बड़े बड़े गढ़े बन गए, नुकीले पत्थर निकल आये हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। कैरो प्रखण्ड क्षेत्र के कैरो, नवाटोली, एडादोन, सढ़ाबे, टाटी, खरता, हनहट, हुदू, गितिलगढ़, चाल्हो, महुवरी, गोपालगंज, गजनी, पचागांई, नरौली, गराडीह, नगजुआ, चरिमा, गुड़ी, नगड़ा, बाघी, चिपो समेत आस पास के अन्य गांव के हजारों लोगों को जिला मुख्यालय जाने आने का यही मुख्य मार्ग है जिसकी दूरी कैरो से मात्र 18 से 20 किलोमीटर हो सकती है जिसमे भी गुड़ी मोड़ तक भंडरा कैरो रोड बनने से दूरी और भी कम बच जाएगी गुड़ी मोड़ से मैना बगीचा तक महज 16-17 किलोमीटर बच जाती जो वर्षो से ऐसी स्थिति में है कि इस रास्ते चलना दूभर है कैरो क्षेत्र के लोगों को लोहरदग़ा जाने के सबसे कम दूरी का रास्ता यही है।परन्तु रास्ता सही नही होने के कारण लोगों को कुडू टाटी होकर या फिर चट्टी भंडरा होकर जाना पड़ता है जिसकी दूरी 30 किलोमीटर हो जाती है जिससे अत्यधिक खर्च व समय भी लगता है।वहीं कन्दनी नदी में बंडा गांव के पास पुल नही होंने से बरसात के दिनों में तो इस रास्ते चल ही नही सकते लोगों को जिला और प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचने के लिए दूसरे रास्ते अत्यधिक दूरी तय करके आना जाना पड़ता है जिससे समय के साथ साथ आर्थिक नुकसान भी होता है।सरकारी पदाधिकारियो को भी जिला मुख्यालय और प्रखण्ड मुख्यालय पहुँचने के लिए अधिक समय और व्यय होता जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं।यदि नदी में पुल और रास्ता बन जाये तो जिला मुख्यालय जाने आने में एक घण्टा काफी है वहीं अभी चाहे इसी रास्ते चले या फिर दूसरे रास्ते लगभग एक घण्टा तो सिर्फ जाने में लगता है।नदी में पुल नही होने रास्ता भी जर्जर होने से चार पहिया वाहन तो इस रास्ते कभी भी आते जाते नही हैं।क्ष्ेात्र के लोगो का कहना है कि जिले के सभी सड़क पुल पुलिया बन जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है बंडा पुल जो कि वर्षो पहले सुरु हुई पिलर भी खड़ा हुआ परन्तु ढलाई से पहले ही बंद हो गई और आज तक फिर काम सुरु नही हो सकी, इसी तरह कैरो लोहरदगा सड़क भी वर्षो से बदहाल स्थिति में है सरकारी अधिकारियों नेताओ,मंत्रि का भी समय समय से क्षेत्र में आना जाना होता है वे देखते हैं परन्तु आम लोगों के दर्द का शायद एहसास नही होता वे इस बात का भी बेखर रहते हो कि बरसात के दिनों में न जाने कैसे लोगो आते जाते होंगे,छोटे छोटे बच्चे न जाने कैसे नदी पार कर पढ़ने के लिए विद्यालयों को जाते होंगे।जनता का कहना है जब जब चुनाव आता है नेता आते हैं नदी में पुल, सड़क बनवाने का आश्वासन दे देते हैं हम जनता भी उनके झांसे में आ जाती है चुनाव बिता नेता जीते फिर क्या कौन पूछता है कि सड़क, पुल बनी की नही।लोगों का कहना है कि जब दो टोला बिराजपुर जामुनटोली को जोड़ने के लिए पुल बन सकती है, बक्सी, नामनगर जैसे जगहों में नदी में पुल बन सकती है तो फिर बड़ा गांव के पास कैरो लोहरदग़ा जैसे मुख्य पथ पर क्यों नही। साथ ही जिले में अनेको सड़को का कायाकल्प किया जा रहा तो फिर कैरो लोहरदग़ा जैसे मुख्य पथ का काम क्यों नही हो रहा है।

# भंडरा प्रखंड में विकास योजना को लेकर 20 सूत्री कार्यन्वयन समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में कार्यन्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में विकास योजनाओं को लेकर विभाग-वार चर्चा की गई। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा कि राज्य में 20 सूत्री कार्यन्वयन समिति का गठन ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने व प्रखंड प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को गति देने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण, मनरेगा, राजस्व सहित सभी विभाग के अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारे, आम जनता को योजना का लाभ देना हम सबकी जिम्मेदारी है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष व सदस्यों ने बैठक में भंडरा में वर्षो से खराब कोयल नदी जलापूर्ति योजना को दुरुस्त करने, इच्छुक किसानो को आम बागवानी से जोड़ने, भंडरा में लगाएं गए स्ट्रीट लाइट को चालू करने तथा कल्याण विभाग से ऋण स्वीकृति को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार ने कहा कि भंडरा में 85 किसानों का आवेदन जमा है। जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावे बैठक में वृद्धा पेंशन, सुकर शेड, राजस्व वसूली, पीसीसी पथ निर्माण, जनवितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा अनाज वितरण में कटौती करने, आपूर्ति सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा में पेयजल संकट को देखते हुए अविलंब कोयल जलापूर्ति योजना को दुरुस्त कराया जाएगा। साथ ही बैठक के माध्यम से प्राप्त सभी समस्याओं का यथा-शीघ्र निराकरण किया जाएगा। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, अब्दुल कुदुस, खुर्सीद अंसारी, बिठु उरांव सहित प्रखंड के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### महाविधालयों में अपनी सक्रियता बढ़ाएं कार्यकर्ता : गौतम सिंह

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने कार्यकर्ताओं संग समीक्षात्मक बैठक का दौर प्रारंभ कर दिया है। आजसू ने इस क्रम में रांची विश्वविद्यालय पीजी विभाग एवम एस. एस. मेमोरियल महाविद्यालय के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने की, संचालन रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने किया।बैठक में मुख्य रूप से अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने एवम महाविद्यालयों में सक्रियता बढ़ाने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने दिया। रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले पीजी विभाग एवम एस. एस. मेमोरियल महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन एवम विस्तारीकरण पर चर्चा हुई।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने सदस्यों से संगठन के सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों एवम संगठन के आगामी राज्यस्तरीय अधिवेशन को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राओं से वैचारिक एवम भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने का मंत्र दिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, दीपक दुबे, रोहित चौधरी, चंदन कुमार, डिसिल्वा सेठ, अभिजीत महतो, विक्रम यादव, हरीश मुंडा, अरुण कुमार, बिपिन यादव, राहुल कुमार, देवनीश टोप्पो, आदर्श कुमार, दीपक कुमार शर्मा, अनुपाल सोरेन, शुभम पांडे, आदित्य सिंह, प्रवीण सोरेन, एमडी नयाज अली, घिलमण अनवर, अनम हैदर, प्रियांशु शर्मा, अभिषेक कुमार साहू, आकाश नयन मौजूद थे।

### पारा शिक्षकों को ठगने का काम किया जा रहा है : रघुवर दास

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** हेमंत सरकार ने एक बार फिर से पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) को ठगने का काम किया है। चुनाव से पहले हेमंत सोरेन ने पारा शिक्षकों के कई सब्जबाग दिखाये, लेकिन सत्ता में आते ही टाल मटोल करने लगे हैं। उक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी ने वादा किया था कि झारखंड राज्य के बीस वर्षों से कार्यरत सहायक अध्यापक को भाजपा सरकार द्वारा तय वेतनमान को बढ़ाकर दिया जायेगा। साथ ही सरकार बनने के तीन माह में नया वेतनमान लागू कर दिया जायेगा, लेकिन आज तक सहायक शिक्षक इसका इंतजार कर रहे हैं। हमारी सरकार के समय बनाई गई नियमावली में सहायक अध्यापक को बिना परीक्षा दिये सीधे रूप से 5200-20200 रू का वेतनमान दिए जाने की तैयारी हो गई थी। परीक्षा पास करने के बाद सहायक अध्यापकों को 9300-34800 वाला वेतनमान मिलना था। वहीं हेमंत सोरेन जी ने 5200-20200 के वेतनमान के लिए सहायक आचार्यों के लिए सात घंटे की परीक्षा देना अनिवार्य कर दिया है। यह उनके साथ सरासर धोखा है। उन्हें बिना परीक्षा यह वेतनमान मिलना चाहिए।

# मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज का बरकरार है जलवा

*** 12वीं के छात्रों ने ग्यारहवीं के छात्रों का किया स्वागत**

*** स्वागत समारोह में छात्रों के अंतर्मुखी प्रतिभा की मिली झलक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में सत्र 2023-25 के लिए नामांकित साइंस और कॉमर्स के छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डांस ड्रामा, नाट्य मंचन और प्रेरणा दायक गायक भाषण द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। वर्तमान शिक्षा पर नाटक मंचन प्रस्तुत हुआ। जिसकी खूब सराहना हुई। राखी कुमारी ने नॉन स्टॉप 118 एलिमेंट्स सुना डालें। सभी छात्र इससे बहुत प्रेरित हुए। कार्यक्रम में 11वी व 12 वी के बच्चो ने शानदार डांस प्रस्तुत किए।सभी बच्चे काफी रोमांचित और उत्साहित थे। प्राचार्या डॉक्टर डॉक्टर श्वेता कुमारी ने सांस्कृतिक शिक्षा पर बल देते हुए कहा की जीवन निर्माण में शिक्षा का योगदान सर्वोपरि है। पत्रकार संजीव नयन ने मोटिवेशन स्पीच दिया। कहा कि कॉलेज के प्रति टूटते हुए आस्था को जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा। सभी छात्र इस कार्यक्रम के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में अच्छा करने के लिए संकल्पित हुए। इस मौके पर आईआईटी गुरु विनय सर ने भी बड़े रोमांटिक ढंग से बच्चों को संदेश दिया कि जीवन के शब्दकोश में इंपॉसिबल शब्द है नहीं है। सब कुछ संभव है। इस इस अवसर पर पूनम पांडे, स्वास्तिक सत्यपाल, जीवनंदन कुमार मेहता, अमरजीत मेहता, वंदना कुमारी, प्रेमतोष कुमार उदय कुमार मेहता और अन्य उपस्थित थे।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में अंतर्सदनीय एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों ने अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियाँ बटोरीं।प्रथम स्थान पर अरविंदो सदन की प्रिया पुंज कक्षा दसवीं,द्वितीय स्थान पर आनन्द स्वामी सदन की देबाश्री कक्षा दसवीं एवं तृतीय स्थान पर हंसराज सदन की शाम्भवी सिन्हा कक्षा दसवीं रहीं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के मिश्रा ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उनके नृत्य कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच मिलता है, बल्कि उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है। मिश्रा ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने यह भी कहा कि जो मनुष्य साहित्य, संगीत,कला से वंचित होता है वह बिना पूंछ तथा बिना सींगों वाले साक्षात् पशु के समान होता है।नृत्य शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ एक बहुत अच्छी थेरेपी है।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विशेष रूप से चारों सदनों के हाउस मास्टर मौजूद थे।

# पूर्व आइपीएस अधिकारी राकेश जरूहार का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के केन्द्रीय कार्यालय के सभागार में पूर्व आइपीएस अधिकारी राकेश जरूहार का स्वागत समारोह का आयोजन झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन ने किया । यह उल्लेखनीय है कि राकेश जरूहार द्वारा वर्ष 1994 बैच के लिए पुलिस अवर निरीक्षक के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण के समय तत्कालीन पीटीसी हजारीबाग के प्राचार्य के रूप में बेहतर प्रशिक्षण दिलाने का कार्य किया गया था। इसी कारण वर्ष 1994 बैच के सभी, राँची, विशेष शाखा,अप अनु विभाग,एटीएसआईटीएस,एसीबी आदि में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक,पुलिस निरीक्षक पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था , इस कार्यकम में एसीबी के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेन्द्र सिन्हा भी उपस्थित थें। राकेश जरूहार ने 1994 बैच के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने बहुत ही आशा और विश्वास के साथ कम से कम संसाधनों में बेहतर प्रशिक्षण देने का प्रयास किया था, और आप सभी हमारे अपेक्षाओं पर खरे उतरे है। आपने उग्रवाद उन्मूलन एवं अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है जिस पर हमें संतोष है आप इसी तरह से झारखण्ड राज्य की सेवा करते रहें यही हमारी शुभकामना है।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांतीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने स्वागत संबोधन किया साथ ही रविकांत प्रसाद/ ब्रहमदेव प्रसाद / शिवगोप / रतिभान सिंह आदि ने संबोधित किया तथा पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेन्द्र सिन्हा ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में उन्हें झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन की ओर से शॉल एवं मोमेंटो प्रदान किया गया तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण किया। मंच का संचालन महामंत्री अक्षय कुमार राम ने किया।

इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पाण्डेय एवं संयुक्त सचिव मो महताब आलम तथा रंजन कुमार भी उपस्थित थें।


# उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किए गए शिशु रोग विशेषज्ञ संतोष मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आशी लाइफ केयर अस्पताल राँची रोड।के प्रख्यात नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष मेहता को स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के तरफ से प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में नवजात शिशुओं के निःशुल्क और बेहतरीन इलाज करने के लिए मोमेंटो ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ संतोष मूलतः डालटनगंज के रहने वाले है। इन्होंने मेडिकल की पढ़ाई बीएचयू से की है। इसके बाद सीधे ये अपने छोटे से शहर डालटनगंज में अपनी सेवा देने को आ गए। फिलहाल ये 3-4 वर्षो से अपनी निःस्वार्थ सेवा लगातार दे रहे हैं। आशी केयर हॉस्पिटल में सेवाकाल के दौरान लगभग 700 नवजातों को भी ठीक किया है तथा लगभग 2000 नवजातों का निःशुल्क इलाज किया है। यहां सेवा 24 घंटे निरंतर जारी है। डॉ मेहता ने बताया कि आशी केयर अस्पताल अत्याधुनिक उपकरणों जैसे वेंटीलेटर सहित कई सुविधाओं से लैस है। यहाँ के सभी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के दिन रात कंधे से कंधा मिलाकर काम करने से ही ये संभव हो पाया है।

# परदे पर दिखेंगे पलामू के रंगकर्मी सैकत चटर्जी



**स्विट्जरलैंड के फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित हुई पलामू में शूट की गयी फिल्म**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी दो से 12 अगस्त तक स्विट्जरलैंड में आयोजित लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल के लिए पलामू में शूट की गयी फिल्म का चयन हुआ है. यह फेस्टिवल सबसे पुराणी फिल्म फेस्टिवलों में से एक है. फिल्म का नाम व्हिस्पर ऑफ फायर एंड वाटर है. यह फिल्म हिंदी और बांग्ला में है. फिल्म के निर्देशक लुब्धक चटर्जी है जो उनकी पहली फिल्म है. श्री चटर्जी ने बताया की यह एक सामान्य फिल्म नहीं है, यह एक कलात्मक फिल्म है. इसकी कहानी भी लीक से हटकर है. यह एक ऐसी युवा की कहानी है जो ब्रह्मांड में पाए जाने वाले शब्दों की खोज में भटक रहा है. इस फिल्म को फेस्टिवल में दिखाया जायेगा. साथ ही इस फिल्म को प्रतिष्ठित ग्रीन पार्दो पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है. इस फिल्म को झारखंड के धनबाद और पलामू में फिल्माया गया है. इस फिल्म में पलामू टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक सुंदरता को भी शानदार ढंग से दिखाया गया है. निदेशक श्री चटर्जी ने कहा की आने वाले समय में पलामू की खूबसूरत वादियों में फिर से नई फिल्म की शूटिंग करने की प्लानिंग की जा रही है. फिल्म के हीरो बंगाल के जाने माने अभिनेता साग्निक मुखर्जी है. इनके साथ इस फिल्म में झारखंड के वरीय रंगकर्मी व छायाकार सैकत चटर्जी एक अहम भूमिका निभाते दिखेंगे. धनबाद के अभिनेता रोहित कुमार भी इस फिल्म में अभिनय किया है. इनके साथ बंगाल के फिल्म इंडस्ट्री के स्थापित अभिनेता दीपक हालदार, अमित साहा, रोहिणी चटर्जी आदि नजर आएंगे. निर्देशक ने बताया की पलामू में इस फिल्म की शूटिंग संपन्न कराने में मासूम आर्ट ग्रुप और सैकत चटर्जी की अहम भूमिका रही है. मासूम आर्ट ग्रुप के अमर कुमार भांजा व राहुल कुमार ने इस फिल्म के तकनीकी टीम में शामिल थे. सैकत चटर्जी ने कहा की उनकी फिल्मो का सफर काफी देर से शुरू हुई है, पर अब उनका लक्ष है की पलामू का नाम फिल्मी दुनिया में स्थापित किया जाये. सैकत ने कहा की वे आज अपने कैरियर के जिस भी मुकाम पर है वो पलामू के लोगों और मासूम आर्ट ग्रुप के साथी कलाकारों से मिले प्यार, सहयोग और आशीर्वाद के कारण ही है. उन्होंने बताया की आने वाले दिनों में पलामू में और भी कई फिल्म व वेब सीरीज की शूटिंग होने वाली है जिसमें स्थानीय कलाकारों को भरपूर मौका मिलेगा.

# हार्ले डेविडसन मार्केट का बदलेगा खेल

**ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ, डिलीवरी सितंबर से : आनंद ऑटोबाइक्स**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन ने हीरो मोटोकॉर्प के साथ मिलकर भारतीय बाजार में अपनी सबसे सस्ती मोटरसाइकिल एक्स 440 लॉन्च कर दी है। हार्ले डेविडसन एक्स 440 की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत महज 2.29 लाख रुपए है।

भारतीय बाजार में 350 सीसी से लेकर 650 सीसी सेगमेंट तक की मोटरसाइकिल में रॉयल एनफील्ड की बादशाहत को चुनौती देने आई हार्ले डेविडसन एक्स 440 का मुकाबला रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 और हौंडा सीबी 350 के साथ ही अन्य कंपनियों की बाइक से है। एचडी एक्स440 में 440 सीसी का सिंगल सिलेंडर ओर ऑयल कूल्ड इंजन लगा है। जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि यह 6000 आरपीएम पर 27 बीएचपी की पावर मैक्सिमम पावर और 4000 आरपीए बीएआर 38 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। एक्स 440 6-स्पीड गियर बॉक्स से लैस है।इसके खासियत भी जान लें। देखने में स्पोर्टी हार्ले डेविडसन एक्स 440 के लुक की बात करें तो ट्यूबलर ट्रेलिस फ्रेम पर बेस्ड इस बाइक में रेट्रो स्टाइल वाली राउंड शेप की हेड लाइट लगी है। जिसके बीच में एलइडी डीआरएल बार लगे हैं। इसमें अंडाकार टेल लैंप, सर्कुलर इंडिकेटर,मस्कुलर फ्यूल टैंक, चौड़े फ्लैट हेंडलबार,मिड सेट फुट पेग,ब्लैक इंजन बे और एग्जॉस्ट के साथ ही राउंड शेप के स्पीडोमीटर लगे हैं। हार्ले की यह मोटरसाइकिल देखने में काफी स्पोर्टी लगती है। हार्ले डेविडसन एक्स 440 की अन्य खूबियों की बात करें तो इसमें सिंगल सीट सेटअप, मोटे ग्रैब रेल, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से लैस टीएफटी डिस्पले के साथ सर्कुलर शेप का इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, फ्रंट में यूएसडी फॉक्स, रियल में ट्विन शॉक अब्जॉर्बर है, डिस्क ब्रेक, साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ फंक्शन, ड्यूल-चैनल एबीएस, 18 इंच के फ्रंट और 17 इंच के रियर एमआरएफ टायर समेत सारी खूबियां हार्ले डेविडसन एक्स 440 को आने वाले समय में लोगों की फेवरेट बाइक बना सकती है आगामी सितंबर में इसकी डिलीवरी शुरू होगी।

## देश-प्रदेश में बेटियां बन रही हैं सशक्तः सिंधिया

**भोपाल :** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने महिला शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिससे नारी शक्ति अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं तय कर सकती है। देश-प्रदेश में बेटियां अब बोझ नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पड़ाओ कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री शिवराज चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना ने इसमें महती भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्य प्रदेश में जो कार्य हुआ है, वह देश में अनुकरणीय है। सिंधिया शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में गुना जिले के राघौगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राघौगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2003 से पहले अनेक समस्याएँ थीं, लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ रहा था।


## डेंगू रोधी माह

(जुलाई 2023)




डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता है

याद रखें- प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट- अपने घर एवं आस पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें।

**क्या करें**

- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- जब भी सोयें, मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें

**क्या नहीं करें**

- घर के आस-पास या छत पर प्रयोग में न आने वाले बर्तन, टायर आदि न रखें एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाली बोतलें, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोयें।
- शरीर को पूरी तरह न ढकने वाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- बुखार होने पर उसे अनदेखा नहीं करें।
- बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे शाम एवं सुबह में खुले न रखें, क्योंकि इस समय मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है।

तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।

ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

104 स्वास्थ्य सलाह के लिए डायल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-301877 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24